हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार 26.08.2024 वर्ष 11, अंक 234
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
हमेशा अपने से बड़ों का सम्मान करें।

## क्विक न्यूज

### पांच-पांच किलो के 4 आईईडी बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम :** पुलिस ने रविवार को टोन्टो-गोईलकेरा थाना के सीमावर्ती इलाके से पांच- पांच किलो के चार आईईडी बरामद किया है। सभी आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि टोन्टो-गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जिमकी इकिर-मुरुंबुरा-हुसिपी के आस-पास जंगली,पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों की ओर से लगाये गये चार आईईडी बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से डिफ्यूज किया गया। नक्सलियों के खिलाफ संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

### इजरायल में 48 घंटे की इमरजेंसी का एलान

**यरूशलेम:** लेबनान द्वारा किए गए हमलों के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। इस तनाव को देखते हुए इजरायल के पीएम नेतन्याहू ने देश में 48 घंटे का आपातकाल घोषित किया है। इजरायल पहले से ही गाजा में हमास के साथ युद्ध लड़ रहा है।इजरायल ने अपने नागरिकों को हिज़्बुल्लाह द्वारा लॉन्च की गई मिसाइलों और ड्रोनों की आने वाली आशंका के बारे में चेतावनी दी और 48 घंटे के राष्ट्रव्यापी आपातकाल की घोषणा की।

### लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि कोई भी चुनाव लड़ सकता है : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव में जमात-ए-इस्लामी के चुनाव लड़ने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि कोई भी चुनाव लड़ सकता है।उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैंने ऐसी खबरें सुनी हैं कि जमात-ए-इस्लामी अपना प्रतिबंध हटवाने की कोशिश कर रहा है, ताकि वे जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ सकें। लेकिन, दुर्भाग्य से सरकार ने जम्मू-कश्मीर में चुनाव घोषित होने के बाद भी प्रतिबंध नहीं हटाया। अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि जमात-ए-इस्लामी अपने उम्मीदवारों को निर्दलीय के तौर पर मैदान में उतार रही है, जो एक स्वागत योग्य कदम है।

### डॉक्टर हत्याकांड के खिलाफ बीजेपी ने किया प्रदर्शन

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्षी दल की भूमिका निभा रही भाजपा का दावा है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में हुई वारदात को लेकर छात्र समुदाय का गुस्सा चरम पर है और आक्रोशित जनता सत्ताधारी ममता बनर्जी की सरकार को उखाड़ फेंकेगी। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में हुई वारदात के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के अंतिम दिन भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा,सरकार छात्रों के इस आंदोलन से डरी हुई है और लोगों की आवाज को दबाना चाहती है। लेकिन पश्चिम बंगाल का छात्र समाज जाग चुका है।

### जम्मू-कश्मीर चुनाव में आम आदमी पार्टी की एंट्री

**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भी एंट्री मार दी है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सात प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की है। बता दें कि आज ही गुलाब नबी आजाद की डीपीएपी ने भी 13 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की है। आम आदमी पार्टी की ओर से घोषित प्रत्याशियों की लिस्ट की बात करें तो इसमें सात उम्मीदवारों के नाम हैं। इसमें पुलवामा विधानसभा सीट से फैयाज अहमद सोफी को टिकट दिया गया है।

### राज्य कर्मचारी अब 5 सितंबर तक जमा कर सकेंगे संपत्ति का विवरण

**रांची :** राज्य कर्मियों को अपना संपत्ति विवरण जमा करने के लिए अंतिम अवसर दिया है। सभी सरकारी सेवकों समूह घ को छोड़कर वर्ष 2023 का संपत्ति विवरणी एचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड करने के लिए के लिए समयावधि बढ़ा दी है। इस संबंध में रविवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किया है। कार्मिक विभाग ने बताया क पूर्व में 1 जनवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 तक समय दिया गया था। आवेदनों की समीक्षा में यह पाया गया कि अभी भी बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मियों ने अपनी संपत्ति का विवरण नहीं भरा है। सरकार ने पूरे मामले पर विचार करने के बाद राज्य कर्मियों को एक बार अवधि विस्तार देते हुए 5 सितंबर 2024 तक अंतिम मौका दिया है। इस अवधि तक विवरणी जमा नहीं करने के बाद फिर से ऑनलाइन सुविधा बंद कर दी जाएगी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $38^0$ |
| न्युनतम | $26^0$ |

### प्रधानमंत्री ने 11 लाख नई लखपति दीदी को प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

# अक्षम्य पाप है महिलाओं के खिलाफ अपराध : पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने 2,500 करोड़ का रिवॉल्विंग फंड भी जारी किया**

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने उन 11 लाख नई लखपति दीदी को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया, जिन्होंने उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान इस मुकाम को हासिल किए हैं। पीएम मोदी ने 2,500 करोड़ का रिवॉल्विंग फंड भी जारी किया। इससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ होगा। पीएम मोदी ने 5,000 करोड़ का बैंक ऋण भी वितरित किया। इससे 2.35 लाख एसएचजी के 25.8 लाख सदस्य लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों को सशक्त करने के साथ ही उनकी सुरक्षा भी देश की प्राथमिकता है। मैंने लाल किले से बार-बार इस मुद्दे को उठाया है। आज देश का कोई भी राज्य हो, मैं अपनी बहनों-बेटियों के दर्द और गुस्से को समझता हूं। मैं एक बार फिर देश के हर राजनीतिक दल से, हर राज्य सरकार से कहूंगा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध एक अक्षम्य पाप है। जो भी दोषी है, उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए।

#### महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार को लेकर कानून बनाया गया है

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में देश की बहनें-बेटियां यहां हैं। मैं आपको ये विशेष रूप से बताना चाहता हूं। पहले शिकायतें रहती थीं कि समय पर एफआईआर दर्ज नहीं होती, सुनवाई नहीं होती, मामलों में देरी होती थी। हमने भारतीय न्याय संहिता में ऐसी अनेक रुकावटें हटा दी हैं। महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार को लेकर इसमें एक विस्तृत कानून बनाया गया है। अगर पीड़ित महिलाएं थाने नहीं जाना चाहतीं तो वो घर बैठे ही ई-एफआईआर दर्ज करा सकती हैं। हमने ये भी सुनिश्चित किया है कि थाना स्तर पर कोई भी ई-एफआईआर से छेड़छाड़ नहीं कर पाएगा।



#### अधिकांश पीएम आवास महिलाओं के नाम पर रजिस्टर्ड

पीएम ने कहा कि ये हमारी सरकार ने तय किया कि जो गरीबों के घर सरकार बनाती है तो वो महिलाओं के नाम पर रजिस्टर्ड हों। अभी तक जो 4 करोड़ घर बने हैं, वो अधिकतर महिलाओं के नाम पर हैं। अभी हम 3 करोड़ और घर बनाने वाले हैं, इनमें से भी अधिकतर घर हमारे माताओं-बहनों के नाम पर ही होंगे। कहा कि जितना काम मोदी सरकार ने देश के बहन-बेटियों के लिया किया है, वो आजादी के बाद किसी सरकार ने नहीं किया है।

#### बहनों को ड्रोन पायलट भी बना रहे हैं

उन्होंने कहा कि आज सवा लाख से अधिक बैंक सखियां, गांव-गांव बैंकिंग सेवाएं दे रही हैं। अब हम बहनों को ड्रोन पायलट भी बना रहे हैं ताकि वे ड्रोन से आधुनिक खेती करने में किसानों की मदद कर पाएं। आधुनिक खेती और प्राकृतिक खेती के लिए हम नारीशक्ति को नेतृत्व दे रहे हैं, इसके लिए हमने कृषि सखी कार्यक्रम शुरू किया है।

**5,000 करोड़ का बैंक ऋण पीएम मोदी ने वितरित किया।**

#### नए कानूनों में यौन अपराधों के लिए मृत्युदंड व आजीवन कारावास का प्रावधान

उन्होंने कहा कि नए कानूनों में नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के लिए मृत्युदंड और आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। बेटियों के साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए हैं। पहले इसके लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं था। अब भारतीय न्याय संहिता में भी शादी के झूठे वादे और धोखे को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है।महिलाओं के खिलाफ अत्याचार रोकने के लिए केंद्र सरकार हर तरह से राज्य सरकारों के साथ है।

## सीएम ने सांसद विजय हांसदा की दिवंगत पत्नी को दी श्रद्धांजलि



**मुख्यमंत्री ने दिवंगत कैथरीन हेम्ब्रम के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से पुण्य आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन राजमहल सांसद विजय हांसदा की धर्मपत्नी दिवंगत कैथरीन हेम्ब्रम के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने दिवंगत कैथरीन हेम्ब्रम के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से पुण्य आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन साहेबगंज जिला के बरहरवा स्थित सांसद विजय हांसदा के आवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मिले तथा उनका ढांढ़स बंधाया। सांसद श्रीमती जोबा मांझी ने भी दिवंगत कैथरीन हेम्ब्रम के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।ज्ञातव्य है कि शुक्रवार रात दिल्ली के एम्स में सांसद विजय हांसदा की धर्मपत्नी का निधन हो गया था। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिले गुलाम अहमद मीर

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव ने औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दों राज्य में चल रहे विकासात्मक योजनाओं के कार्यान्वयन तथा झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात पर मुख्यमंत्री के साथ उनकी विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री इरफान अंसारी, विधायक कल्पना सोरेन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रणव झा, झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पोलियो पर सरकार ने पा लिया नियंत्रण : स्वास्थ्य मंत्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बन्ना गुप्ता, मंत्री स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा राज्य स्तरीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ जमशेदपुर में कदमा रामजन्म नगर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रांगण में किया गया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि देश मे पोलियो का कोई मरीज अभी नहीं है और इस पर हमलोग ने नियंत्रण कर लिया है। इसी को बरकार रखने के लिए पूरे राज्य भर मे पोलियो दिवस मनाया गया। देश ने पोलियो के गंभीर परिणाम देखा है और इस लिए हमे सजक रहने की जरूरत है। राज्य भर मे कुल 6115703 बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाया गया पूरे जिले मे कुल 24463 बूथ बनाया गया। बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए कुल 48926 टीम बनाया गया था। पल्स पोलियो के कार्य को देखने के लिए 4893 सूपर्वाइजर राज्य भर मे कार्य कर रहें है। उन्होने कहा की जीरो से पाँच साल के बच्चों पोलियो की खुराक दिया गया। ताकि भविष्य का राष्ट मज़बूत हो और देश व विश्व में फिर से ऐसा कोई संकट ना हो। राज्य एवम् देश मजबूर हो। राज्य इसके लिए सजक है और पूरे तैयारी के साथ से कार्य कर रही है। पूर्वी सिंहभूम के सभी पल्स पोलियो बूथ पर एवं 26 एवं 27 अगस्त को घर-घर जाकर पोलियो का खुराक सहिया,सेविका एवं गैर सरकारी संस्था के द्वारा पिलाया जाएगा। पूर्वी सिंहभूम जिला में कुल 395368 बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। पूरे जिले में कुल 3066 बूथ बनाए गए एवं 2804 टीम 187 ट्रांजिट टीम बनाया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर सीपी चौधरी, निदेशक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग सहित कई लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## झारखंड की राजनीति में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है लोजपा : चिराग

**अध्यक्ष चुने जाने का बाद चिराग पासवान ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया।**



प्रभाम मंत्र संवाददाता

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की रविवार को होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान सेवा विमान से रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल रेडिशन ब्लू तक पार्टी कार्यकर्ताओं ने चिराग पासवान का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक हिस्सा लिया,जहां सर्वसम्मति से उन्हें लोजपा का फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने का बाद उन्होंने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया। चिराग ने कहा कि झारखंड में भी हमारी पार्टी मजबूती से अपनी जगह बना रही है। हम लोग इस पर काम करेंगे कि आगे विधानसभा चुनाव में क्या करना है। साथ ही यहां की जो मूलभूत मांगे हैं जनता की जिसे पूरा नहीं किया जा रहा है। उस पर भी हमारी पार्टी विचार करेगी। उस पर भी आगे निर्णय लेकर अपनी योजनाबद्ध तरीके से आंदोलन को तेज करेगी,जो भी होगा जैसा भी होगा,एनडीए गठबंधन के साथ ही हम लोग चुनावी मैदान में जाने पर अपना विचार कर सकेंगे।चिराग पासवान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वह बिहारी हैं और जब उन्होंने जन्म लिया था तब बिहार झारखंड एक था। आज वह केंद्र की सरकार में मजबूत विभाग के मंत्री हैं। ऐसे में वह चाहेंगे कि यह राज्य विकास के मामले में मजबूती से आगे बड़े। अपने विभाग के माध्यम से वह राज्य की हरसंभव मदद करने की कोशिश करेंगे।

## कोलकाता कांड का आरोपी संजय के साइकोलॉजिकल पॉलीग्राफ टेस्ट का मिलान करेगी सीबीआई

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी मेडिकल कर कॉलेज के ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या के आरोपी संजय रॉय का प्रेजीडेंसी जेल में पॉलीग्राफ टेस्ट पूरा हो गया.




अब सीबीआई की टीम मुख्य आरोपी संजय रॉय के साइकोलॉजिकल टेस्ट की रिपोर्ट से रविवार को हुए पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट का मिलान करेगी, ताकि यह पता लगाया जाए कि इन दोनों टेस्ट में आरोपी ने सीबीआई के सवालों में कितना सच कहा है.कोलकाता रेप मामले सीबीआई टीम लगातार एक्शन में नजर आ रही है.सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच की टीम रविवार को करीब 8 घंटे से आरजी कर कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के घर लगातार सर्च ऑपरेशन कर रही है. सूत्रों के मुताबिक संदीप घोष पर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है. वहीं सीबीआई की टीम कोलकाता के अन्य 14 ठिकानों पर भी सर्च ऑपरेशन चला रही है, जिसमें संदीप घोष के कुछ करीबी और अस्पताल के अधिकारी एडमिन ब्लॉक शामिल है.सीबीआई ऑफिस में रविवार को दो लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट हुआ तो वहीं चार लोगों का टेस्ट शनिवार को पूरा कर लिया गया था. कोलकाता पुलिस की एसआईटी के कुछ सदस्यों की टीम भी रविवार को सीबीआई ऑफिस पहुंची.हावड़ा के हाटगाचा में मेडिकल सप्लायर बिप्लब सिंघा के घर पर भी सीबीआई की टीम ने छापेमारी की.

## अलकायदा मॉड्यूल का साक्ष्य खंगाल रहीं सुरक्षा एजेंसियां

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सब-कॉन्टिनेंट से जुड़े होने के संदेह में झारखंड से आठ लोगों को हिरासत में लिया गया था। इनमें से पांच संदिग्धों की विधिवत गिरफ्तारी हो गयी है। एटीएस ने सभी को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौंप दिया है। साथ ही गिरफ्तार अलकायदा संदिग्धों के पास से बरामद डिजिटल एविडेंस की फॉरेंसिक जांच की जा रही है।डॉ. इश्तियाक का किससे कनेक्शन है, इसकी जांच भी की जा रही है। बताया जाता है कि बरियातू से गिरफ्तार आतंकी गिरोह का मास्टर माइंड डॉ इश्तियाक रांची के चान्हो के जंगल में आतंकियों का प्रशिक्षण केंद्र खोलने वाला था। इसके लिए उसने जमीन भी देख ली थी, जिसमें एक मदरसा संचालक मुफ्ती उसकी मदद कर रहा था। इस प्रशिक्षण केंद्र में आतंकियों को हथियार का प्रशिक्षण दिलाया जाना था। इसके लिए वह हथियार भी जुटाने लगा था। डॉ इश्तियाक मुस्लिम युवाओं को बेहतर भविष्य का प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसाता था।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# 24 वीं झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता 16 अक्टुबर से गढ़वा में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला टेबल टेनिस संघ की मेजबानी में 24 वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 16 अक्टूबर से बंधन मैरिज हॉल नवादा मोड में किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर गढ़वा संघ एवं जिले के खेल प्रेमियों की एक बैठक के बंधन मैरिज हॉल नवादा मोड़ में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडे ने की। प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 अक्टूबर से बीस अक्तूबर तक करने के साथ ही सभी खिलाड़ियों, अंपायर, अतिथिगण को ठहराने की सुविधा पर विचार विमर्श किया गया और बेहतर सुविधा देने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला को तीसरी बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कराने की मेजबानी मिली है। राज्य टेबल टेनिस संघ की ओर से जो जिम्मेदारी दी गई है उसे जिम्मेवारी को हम सबों को मिलकर पूरा करना है। प्रदेश नें जो जिम्मेदारी गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ को सौंपी है उसे बेहतर तरीके से पूरा करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाना है। अध्यक्ष मदन प्रसाद केसरी ने कहा कि राज्य टेबल टेनिस संघ ने जो जबाबदेही दी है उसे गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ प्रतियोगिता का बेहतर आयोजन कर पूरा करेगा। सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष विनोद कमलापुरी, संजय सोनी, अमित सिंह, दीपक सिन्हा, ललन सोनी, जायंट्स अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष मोजीबुद्दीन खान ,विजय सोनी, प्रिंस सोनी, निस्बत खान, अभय कुमार, रामाशंकर सिंह, रोशन धर दुबे अमोद कुमार पांडेय, अजय कुमार ठाकुर, संजय कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, नवनीत शुक्ला प्रवीण मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने एवं धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष दीपक सिन्हा ने की।

## प्रधानमंत्री के मन की बात ने कार्यकर्ताओं को दी नई ऊर्जा और दिशा : कर्नल संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत 'मन की बात' कार्यक्रम का 113वां संस्करण आज पूरे प्रदेश में बड़े हर्षोल्लास के साथ सुना गया। भारतीय जनता पार्टी ने इस आयोजन को व्यापक स्तर पर मनाने का निर्णय लिया, जिसके तहत हुसैनाबाद के बूथ संख्या 126 पर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भी हिस्सा लिया और 'मन की बात' को बड़े ही उत्साह के साथ सुना। दूरदर्शन के माध्यम से प्रसारित इस कार्यक्रम को देखकर लोग उत्साहित और प्रेरित हुए। सुदूरवर्ती जरहीपर गांव की निवासी लालमती देवी ने कहा कि उन्हें 'मन की बात' इसलिए प्रिय है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी इसमें आम जनता के मुद्दों को सजीव तरीके से प्रस्तुत करते हैं और उनके सुझावों पर काम भी करते हैं। पंचायत समिति सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि कर्नल संजय सिंह के नेतृत्व में हमें प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने का अवसर मिला। उन्होंने किसान ब्रिगेड की ओर से कर्नल संजय सिंह का आभार व्यक्त किया।

## निलाम्बर पिताम्बर फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन का विजेता रही रमना की टीम



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कैलान पंचायत के शिवाजी खेल मैदान ज्योतिबा फुले स्पोर्ट क्लब द्वारा आयोजित निलाम्बर पिताम्बर फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन रपुरा फुटबॉल क्लब और रमुना फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन पीएनबी शाखा प्रबंधक मनीष कुमार एवं समाज सेवी वरुण बिहारी यादव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त एवं फीता काटकर किया।इस मौके पर शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने कहा कि गांव क्षेत्र में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। जहां रमुना ने रपुरा को 1 गोल से पराजित किया।मैच के रेफरी शक्ति सिंह खरवार, लाइनमैन धनंजय यादव, राजू यादव ने किया।इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष आलोक यादव, सचिव रंजीत पटेल,सह सचिव कोषाध्यक्ष उपेंद्र यादव,राजमोहन यादव, भीम यादव,राकेश यादव, संजय यादव, सूर्यदेव यादव, रमेश यादव, विश्वजीत यादव, उदल यादव, चिखुर महतो, प्रेमचंद यादव, राजू यादव, सिकेश सिंह, विकाश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मईयां बाबू अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का 27 को आयोजन

**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के बैरिया चौक नियर मेहता एंटरप्राइजेज हाउसिंग कलोनी सत्संग मंदिर रोड स्थित मईयां बाबू हॉस्पिटल में 27 अगस्त को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 तक निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।इस संबंध में जानकारी देते हुवे अस्पताल के मैनेजर जीसू और डॉक्टर कादीर परवेज ने बताया की 27 अगस्त को मईया बाबू अस्पताल में सभी प्रकार के बीमारी का इलाज किया जाएगा वहीं और कहा की ग्रामीण क्षेत्र वासी से शहरी क्षेत्र वासी को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाना चाहिए।वही मईयां बाबू अस्पताल में सभी प्रकार की इलाज की सुविधा उपलब्ध है। यहां पर मरीजों की सुविधा के लिए 24×7 इमरजेंसी सुविधा,24×7 नॉर्मल एवं ऑपरेशन प्रसव की सुविधा, 24×7 सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा, वेंटीलेटर एवं सभी प्रकार की अत्याधुनिक मशीनो द्वारा नवजात एवं सभी तरह के मरीजों को ईलाज करने की सुविधा उपलब्ध है।

## एसडीओ ने थाना परिसर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम पर्व को लेकर दोनो समुदाय के प्रबुद्ध लोगो के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम पर्व को लेकर थाना परिसर में दोनों समुदाय के प्रबुद्ध जनों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम पर्व एक ही दिन होने पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने कहा कि यहां हिंदू -मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग मिलकर आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाते हैं। एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि एक ही दिन दोनों त्योहार होने के कारण चेहल्लुम का जुलूस कर्बला के मैदान से निकलकर लड़की स्कूल होते हुये मुख्य बाजार बस स्टैंड से पुनः लड़की स्कूल होते हुये कर्बला तक वापस जाएगी।उन्होंने सभी लोगों से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया।एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि यहां दोनों समुदाय के लोग मिलकर आपसी भाईचारे के साथ सभी त्योहार मनाते हैं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम पर्व को देखते हुये जगह-जगह पर पुलिसबल की तैनाती की जायेगी ताकि शांतिपूर्ण तरीके से दोनों त्योहार सम्पन्न हो।बैठक में पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, श्री बंशीधर मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, धीरेन्द्र चौबे, चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, सचिव गोपाल जायसवाल, अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान, सरपरस्त शमीम खान, तस्लीम खान, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर रागिब खान मुन्ना खान, फुलटून खान, भगडू खान, अख्तर खान, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भागवत कथा के पांचवे दिन श्री कृष्ण के गोवर्धन लीला का किया वर्णन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर श्री बंशीधर मंदिर के खलिहान प्रांगण में श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन शनिवार को श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराते हुये श्रीधाम वृन्दावन से पधारे आचार्य श्री स्वामी पुण्डरीकाक्षाचार्य वेदांती जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा में गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। कथा में गोवर्धन पर्वत की कृत्रिम आकृति झांकी के माध्यम से दिखाया गया।भगवान कृष्ण को 56 भोग लगाये गये। वेदांती जी महाराज ने प्रसंग में बताया गया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिये भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई।प्रलय से लोगों को बचाने के लिये भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया।सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ, उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर धर्म और सत्य की पुनः स्थापना के लिये द्वापर युग में अवतार लिया। उन्होंने बाल्य अवस्था में ही कालीय नाग का मर्दन करके यमुना जी को पवित्र किया, पूतना एवं बकासुर आदि मायावी शक्तियों का अंत किया। बृज भूमि में आतंक के पर्यायी कंस मामा का वध करके अपने माता-पिता देवकी-वसुदेव और नाना महाराज उग्रसेन को कारागार से मुक्त कराया। उन्होंने बताया कि गोवर्धन पूजा में प्रकृति की पूजा का उल्लेख किया गयाहै। इस अवसर पर श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, प्रतिष्ठित व्यवसायी बिरेन्द्र प्रसाद कमलापुरी, रामप्रसाद कमलापुरी, मनदीप कमलापुरी, मनीष जायसवाल, उमा शंकर जायसवाल, अमर सिंह,मिक्की जायसवाल, सुजीत लाल अग्रवाल, सुरेश विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, संतोष कमलापुरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सघन पल्स पोलियो अभियान का उपाधीक्षक ने बच्चे को पोलियो ड्राप पिला कर किया



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को अनुमंडलीय अस्पताल में उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने बच्चे को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर पोलियो मुक्त देश बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि अपने आस पास के लोगों को भी अपने अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि 25 अगस्त से 27 अगस्त तक यह अभियान चलेगा। 25 अगस्त को पोलियो बूथ पर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाये तथा छूटे हुये बच्चों को टीका कर्मियों द्वारा 26 व 27 अगस्त को घर घर जाकर पोलियो ड्रॉप पिलाया जायेगा। मौके पर कार्यालय सहायक राजेश कुमार, प्रखंड लेखा प्रबन्धक राजू रंजन, सीएचओ सोनम कुमारी, एमपीडब्ल्यू अशफ़ाक़ अहमद, बीपीओ (शिक्षा) तहमीना परवीन, ए एन एम सुषमा गुप्ता, चंचला प्रकाश, शैलेश कुमार ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## भंडार पंचायत के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड के भंडार पंचायत मे प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम लोगो ने सुना, ग्रामीण युवाओं ने प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का सराहना करते हुए उनके द्वारा पूरे भारत में चल रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे मे सराहना की, वही मन की बात कार्यक्रम का आयोजन करता भाजपा नेता विजय सोनी ने बोला पूरे देश की लोक प्रिय कार्यक्रम मन की बात प्रधानमंत्री के द्वारा देश के हर कोने तक पहुंचता है, इस कार्यक्रम से लोगों में जागरूकता एवं प्रधानमंत्री के द्वारा किए गए महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी सहूलियत के साथ मिल जाती है। प्रधानमंत्री की कार्यकाल में सभी जनता के लिए धरातल पर बहुत सारी महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है, जिस देश का तेजी से विकास हो सके कार्यक्रम में उपस्थित, विजय सोनी, आशीष पाण्डेय, रोहित पांडेय, निशांत दुबे, दिलीप चंद्रवंशी, राजू पाण्डेय, जोखन राम, रामेश राम, राजू राम, निखिल मिश्रा, कमेश राम समेत काफी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

## पूल के नीचे हुआ जल जमाव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** पलामू जिला स्थित भोगू से संखा तक भारत वाणिज्य कंपनी के द्वारा फोरलेन कार्य चल रही है, जहां कंपनी की लापरवाही के कारण समय सीमा पर कार्य नहीं होने से पानी निकासी का पुल बंद पड़ा है, इस पूल का बंद हो जाने से पानी का मुख्य द्वार होने के कारण एक बड़ी क्षेत्रफल वाली जमीन धान की बुवाई करने से वंचित हो गई, वही जल जमाव के कारण किसान का धान का बिचडा गल गया भंडार ग्राम जिसका खाता संख्या 229 एवं प्लॉट संख्या 662 है यह समस्या बिश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम की है वही किसान धनंजय पांडे ने बताया इस समस्या को लेकर मेरे द्वारा रोड निर्माण कंपनी पदाधिकारी से दूरभाष पर इसकी जानकारी भी दिया पर कंपनी कंपनी पदाधिकारी ने किसी भी तरह का मदद करने से साफ इनकार करने की बात बताई, वही श्री पांडे ने नुकसान को लेकर पलामू उपायुक्त महोदय से गुहार लगाते हुए नष्ट हुए बिचडा एवं पानी के बगैर सिंचाई से वंचित क्षेत्र की जांच कर कार्रवाई करते हुए नुकसान हुए फसल की मुआवजे मांग की है मौके पर धनंजय पांडे, योगेंद्र नाथ पांडे, परीक्षित पांडे, ओमप्रकाश दुबे, महिमा नंद दुबे, विपिन पांडे उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने किया क्षेत्र का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** जदयू के नेता सह पूर्व विधायिका सह मंत्री श्रीमति सुधा चौधरी ने पाटन- छतरपुर सभा क्षेत्र के नौड़ीहा बाजार के लक्ष्मीपुर, पोखराहा, नौड़ीहा बाजार, हरिना, निमा जैसे दर्जनों गाँव की दौरा अपने कार्यकर्ताओं की साथ घूमकर जन सम्पर्क अभियान चला और अपने पक्ष मे आशीर्वाद माँगा। उन्होंने कहा कि अगर पुनः जनमानस व ग्रामीणों से अपील किया की हर सुख दुःख मे साथ है और हमेशा आपलोग के लिए तत्पर रहेंगे। कोई भी समस्या लेकर सीधे सम्पर्क करें। मौक़े पर किशोर विश्वकर्मा, बजरंगी गुप्ता, विजय कुमार, समेत कई लोग मौजूद थे।

## सत्यम अस्पताल में मरीजों के लिए कम दर पर हर प्रकार की है सुविधा : सावन सिन्हा



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर विवेकानंद चौक स्थित शाहपुर में सत्यम अस्पताल खुला है जिसका निदेशक सावन सिन्हा ने मरीजों के लिए मसीहा बनकर सत्यम हॉस्पिटल चलाने का काम कर रहें हैं। वहीं जब इस संदर्भ में निदेशक सावन सिन्हा से बातचीत हुई तो बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि चैनपुर व रामगढ़ ग्रामीण क्षेत्र वासियों के लिए हम हमेशा उनके सुख दुख में सहारा बने रहना चाहते हैं यही कारण है कि हमारा अस्पताल में ग्रामीण क्षेत्र से जो भी मरीज इलाज कराने आते है तो हम उन्हें बहुत कम दर पर अच्छा सुविधा देकर इलाज करने का काम करते हैं जिसके कारण मरीजों के मन में सत्यम अस्पताल में इलाज कराने के लिए ख्याल आता है और वो भटकते हुए सत्यम अस्पताल में पहुंच जाते है और उनका सस्ते दर पर इलाज कराकर उनको घर भेजने का काम करते हैं और उन्होंने बताया कि हमारा अस्पताल में जेनरल सर्जरी ऑपरेशन, पीत की थैली, पथरी, बावसीर, भगंदर, बच्चेदानी, स्त्री रोग,नॉर्मल डिलीवरी का सफल ऑपरेशन किया जाता है और मरीजों के लिए सिजिरियन, ओपीडी, आईपीडी, पैथोलॉजी जांच, ऑक्सीजन, नेबोलाइजर, ईसीजी जैसे कई प्रकार के अस्पताल में मरीजों के लिए सुविधा दिया गया है और 24 घंटे एमबीबीएस डॉक्टर मरीजों के सेवा के लिए तत्पर हमेशा रहते हैं और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा महसूस नहीं हो इसके लिए हमेशा अस्पताल में एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध रहता हैं।

## एआइएमआइएम के भिखही पंचायत अध्यक्ष बने रमेश चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** डंडा प्रखंड के शिव मंदिर के सामने अशोक चौधरी के आवास एआइएमआइएम की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डंडा प्रखंड के भीखही पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से रमेश चौधरी को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि बिंदु चौधरी को महासचिव बनाया गया। चयनित लोगों को पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा विधानसभा प्रत्याशी डॉ एम एन खान ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही कहा कि इन लोगों को अध्यक्ष और महासचिव बनने से पार्टी को एक नई ऊर्जा मिलेगी। इस अवसर पर जिला संरक्षक अब्दुल सकुर अंसारी, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, जिला उपाध्यक्ष गोपाल चौधरी, जिला सचिव अशोक चौधरी, गढ़वा प्रखंड सोशल मीडिया प्रभारी दाऊद इब्राहिम, फैज किंग आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर एआइएमआइएम के नीति और सिद्धांत को प्रभावित होकर कई लोगों ने एआइएमआइएम का दामन थामा। इस दौरान एआइएमआइएम की सदस्यता ग्रहण करने वालों में गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के रामधनी चौधरी, राम गहन चौधरी, सुरेश चौधरी, श्याम सुंदर चौधरी, लालू कुमार, राजेश्वर चौधरी, हरेंद्र चौधरी, सोहर चौधरी, सुमित्रा देवी, सविता देवी, सुनीता देवी, ललिता देवी, विमली देवी, संगीता देवी, सुधा देवी, सुषमा देवी, कामेश्वर चौधरी, अमित चौधरी आदि के नाम शामिल है। मौके पर एआइएमआइएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि एआइएमआइएम से लोग लगातार जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एआइएमआइएम के नीति और सिद्धांतो से लोग काफी प्रभावित हो रहे हैं। जिसका नतीजा है कि काफी संख्या में लोग एआइएमआइएम से जुड़ रहे हैं। डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि लोगों को अब लगने लगा है कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास एआईएमआईएम ही कर सकता है। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधि अभी तक सिर्फ लोगों को छलने का काम किया है।विकास के नाम पर सिर्फ ढोल पीटा गया है।लेकिन विकास नहीं किया गया है। लोगों ने कहा कि इस बार गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन होना तय है।इस बार गढ़वा विधान सभा क्षेत्र से एआईएआईएम का ही परचम लहराएगा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में विभाग के 9 विद्यालयों के 205 भैया-बहनों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में शिशु, बाल, किशोर वर्ग के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रश्न मंच प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, विभाग निरीक्षक नीरज लाल,संरक्षक चंद्रेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डा सत्येन्द्र कुमार चंदेल, सचिव राकेश तिवारी, सतीश सिंह, राजेश सिंह, अजय गुप्ता, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, अखिलेश विश्वकर्मा, अरुण चौधरी, शिवबालक सिंह, राजवल्लभ शर्मा, जितेन्द्र राम, जयन्ति सिंह, विन्ध्येश्वरी सिंह, जयन्त कुमार ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती, भारतमाता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया।उद्घाटन सत्र में प्रधानाचार्य जी के द्वारा मंचासीन अतिथियों का सह सम्मान परिचय कराया गया। विद्यालय के बहन के द्वारा एकल गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम संयोजक मेदिनीनगर के प्रधानाचार्य दुर्गेश नंदन ने संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे। मौके पर मुख्य अतिथि सूर्यमणि सिंह ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित होने से भैया-बहनों का मनोबल बढ़ता है एवं उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग प्राप्त होता है।

## सत्संग उपासना केंद्र में सत्संग का किया गया आयोजन

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केंद्र में सत्संग का आयोजन किया गया।सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि,शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया।इसके बाद सामूहिक रूप से नाम जप ध्यान,सत्यानु शरण ग्रंथ तथा नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया।संगीतांजली कार्यक्रम में धृतिसुन्दर लाल,धर्मेन्द्र नारायण,दीप माला,सुनीता नारायण व गीता देवी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि भाद्र पद माह में प्रत्येक दिन अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर सत्संग का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सत्संग जगत में भाद्र पद माह का विशेष महत्व है।इस माह में कृष्ण पक्ष के अष्टमी तिथि को भगवान श्री कृष्ण तथा शुक्ल पक्ष के नवमी तिथि को वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी का अवतार हुआ था।इसलिये इस माह को पुरुषोत्तम माह कहा जाता है।उन्होंने कहा कि भारत के अलावे दूसरे देशों में भी सत्संग किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से अपने मन को श्री श्री ठाकुर जी से जोड़ देना है।जब मन उनसे जुड़ जाता है तो उनकी भक्ति प्राप्त होती है।अच्छे भाव का संचार होता है,जिससे मानव अच्छा कर्म करता है.उन्होंने दान की महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि अधिक से अधिक दान करना चाहिये।दान करने से किसी भी वस्तु की कमी नही होती है।

# झारखंड कांग्रेस प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और डॉ इरफान का हुआ भव्य स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा झारखंड कांग्रेस प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को प्रदेश अध्यक्ष और डॉ इरफान अंसारी को इंडिया गठबंधन के झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री बनाए जाने पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी की अध्यक्षता में उनके आवासीय प्रांगण सुल्तान कालोनी में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और मंत्री डॉ इरफान अंसारी को झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने फूलों का माला पहनाकर और बूके देकर स्वागत किया। मंच संचालन झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव गुलाम जावेद ने किया। इस अभिनंदन समारोह में कांग्रेस के कई पुराने नेता एवं विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए अल्पसंख्यक समुदायों के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। मुख्य रूप से अभिनंदन समारोह में कांग्रेस वरीष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू, प्रवक्ता राकेश सिन्हा , सतीश पौल, कांग्रेस रांची महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, शकील , झारखंड अल्पसंख्यक विभाग के हुसैन खान , मकसूद आलम, गुलाम गैस पप्पू , नौशाद खान, फिरोज , भोलू खान, मुन्ना इम्तियाज, मो इस्तियाक, हाजी इमरान रजा , हाजी मिन्हाज, बब्लू कुरैशी, शाहजहां, मुस्तफा, साजिद, हमिदुल, शमीम, निजाम, फरहाद कुरैशी, आसिक कुरेशी , सद्दाम कुरेशी, दानिश कुरेशी, अकबर कुरैशी, हसीब , शमशाद,राजू खान, आसिफ , जाकीर ,बारीक,मंसूर सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



**अतिथियों ने कहा :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि एक साधारण व्यक्ति को कांग्रेस ने मौका दिया है । मैं दम खम के साथ कांग्रेस का जनाधार को बढ़ाऊंगा, जो दायित्व मुझे दिया गया है, इमानदारी पूर्वक निभाऊंगा। जहां भी अल्पसंख्यकों की जरूरत पड़ेगी उनकी हिस्सेदारी की आवश्यकता पड़ेगी, हम उनके साथ खड़े हैं। उनके हक और अधिकार के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं , आगामी विधानसभा में आप सब का सहयोग चाहिए, ताकि हम लोग झारखंड में बहुमत के साथ फिर से सरकार बना सके। वहीं उन्होंने लोकसभा में जिस तरह से समर्थन मिला था, इसका भी आभार व्यक्त किया है।

**डॉ इरफान अंसारी ने कहा:** कांग्रेस के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि भाजयुमो का आक्रोश रैली में घटना घटी नहीं बल्कि घटाई गई थी, भाजपा वाले पहले से ही प्लान बनाकर आये थे, कि दंगा फसाद करेंगे ताकि जनता में यह संदेश जाए कि उसके साथ मारपीट हुई, गोलियां चलाई गई। इसे एजेंडा बनती है और चुनाव में जाती , लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ । मैं फिर से कहूंगा कि भाजपा के लोगों ने पुलिस पर पथराव किया, पुलिसकर्मी घायल हुए और हमारे पुलिस भाइयों ने उसे पर गोली क्यों नहीं चलाई ? हमारी पुलिस को मार रहा था, तो पुलिस ने गोली क्यों नहीं चलाई ? हमारी पुलिस का खून बहेगा हम बर्दाश्त करेंगे क्यों ?

इसकी जांच होनी चाहिए, मेन रोड में हमारे लड़के नमाज पढ़कर निकलते हैं शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकालकर हल्का-फुल्का झड़प होता है, तो पुलिस गोली चल दिया , गोली उसे पर नहीं चलाते , पानी का फव्वारा चला देते , जैसे भाजयुमो के आक्रोश रैली में चलाया। इसके अलावा कांग्रेस नेता विनय सिंह दीपू ने कहा कांग्रेस ने सभी को साथ लेकर चलने का काम किया है। झारखंड में भी हम सब साथ हैं। प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि जिस तरह से आज भाजपा वाले राज्य को अस्थीर करने का काम किया है लेकिन सफलता नहीं मिली। रांची महानगर अध्यक्ष कुमार राजा ने कहा हर वर्ग चाहता है कि देश में कांग्रेस की सरकार बने और आज हमलोग मजबूत विपक्ष में खड़े हैं इसका श्रेय जनता को जाता है। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कहा कि राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के कद्दावर नेता ज्ञानरंजन के साथ अविभाजित कांग्रेस में बहुत काम किया हूं अब समाज की जिम्मेदारी है उसको निभा रहा हूं। सरकार को चाहिए मुसलमानों के सभी मसलों का हल विधानसभा चुनाव से पहले पूरा करें। हाजी इमरान राजा ने कहा हमारी जो भी बची मांगे हैं उसे पूरा करें सरका इसके अलावा भी कई लोगों ने अपनी बातों को रखा।

## संक्षिप्त खबरें

### पठान तनजीम हिंदपीढ़ी का चुनाव संपन्न

**रांची।** पठान तनजीम हिंदपीढ़ी रांची का चुनाव अन्जुमन इस्लामिया मुसाफिर खाना में शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने में शहर के विभिन्न बिरादरी के सामाजिक संगठन के गण्यमान्य सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तैदी से डटे रहे। पूर्व पार्षद मो असलम सहित अमन यूथ सोसाइटी, के सदस्यों ने इस चुनाव में मतदाता को जागरूक किया । असलम ने कहा कि जो समाज की बुनियादी समस्याओं को निदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है,उसकी पहली पायदान संगठन ही होती है इसलिए हर समाज को संगठित होकर अपने आवाज और समस्याओं को सही पटल पर रखने के लिए सभी को एकजुट करते हुए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाये। सामाजिक कार्यकर्ता नदीम इकबाल,अफरोज आलम,शाहिद अय्यूबी,नदीम खान,लाडले खान, इमरान रजा, मो 0हारून,अब्दुल खालिक, नन्हू मो नूर,इमरान हसन बाबू, हसीब अख्तर, इरफान आलम, अनवर हुसैन, अफसर खान, मो मुस्लिम, मो एहसान, लतीफ आलम, सईद अख्तर, शाहिद अख्तर टुकलु, शाहिद रहमान, राशिद अख्तर, हारून रसीद, परवेज आलम, आरिफ खान, तौसीफ खान, तौफीक खान, मुनाजिर आलम, मो आजाद, परवेज आलम, मो खलील, शादाब खान, इमरोज खान, हैदर अली, आदि लोग मौजूद थे।

### आरपीएफ हटिया ने एक यात्री की बचाई जान

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन पर एक यात्री की जान बचाई। आरपीएफ हटिया के उपनिरीक्षक सूरज राजबंशी और स्टाफ अमित सिन्हा ने ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत एक व्यक्ती की जान बचाई। रांची मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार ने रविवार को बताया कि गाड़ी संख्या 18637 हटिया बंगलुरु के हटिया स्टेशन से रवाना होते ही एक यात्री चढ़ने की कोशिश में फिसलकर गिर पड़ा। ड्यूटी पर उपस्थित दोनों जवानों ने उस यात्री को अपनी तरफ खींचकर उसकी जान बचाईद्य यात्री ने अपना नाम फूलचंद कलाडि बताया।

### 16 पुलिसकर्मियों का तबादला रद्द




**रांची।** कंप्यूटर का ज्ञान रखने वाले16 पुलिसकर्मियों को एसीबी में पदस्थापित किए जाने का निर्णय विभाग की तरफ से लिया गया था। जिसे रद्द कर दिया गया है। इन पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग को डीजीपी के आदेश के बाद डीआईजी कार्मिक ने पोस्टिंग रद्द करने से संबंधित आदेश जारी किया है।बताते चलें कि जिन पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग को रद्द किया गया, उसमें , मनोज कुमार, किरण लकड़ा, ममता तिर्की, दयामनी नाग, ममता कुमारी, महजबीन प्रवीण, दामोदर साधु, नसीम अंसारी, प्रियंका कुमारी, रविकांत कुमार, अनिला होरो, सोनी कुमारी, अर्चना कुमारी, चंद्रशेखर तिवारी, नीरज कुमार सिंह और रोशन लकड़ा शामिल है।

# झारखंड विरोधी कैलाश मिश्र की प्रतिमा हटाये प्रशासन : अजय तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी व झारखंड विरोधी सहित झारखंड आंदोलन में कोई योगदान नहीं था, ऐसे कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा हमारे यहां नहीं लग सकती है, इसे प्रशासन हटाये नहीं तो हमलोग तोड़कर हटा देंगे। उक्त बातें विभिन्न आदिवासी संगठनों के नेताओं ने रविवार को बिरसा चौक के पास पहुंचकर विरोध करते हुए बोल रहे थे। आदिवासी नेता अजय तिर्की ने कहा भाजपा नेता स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को हटाने चहिए वे आदिवासी, झारखंड विरोधी थे, हमारे किसी आदिवासी आंदोलन कारी नेताओं की प्रतिमा



अपने शहर में लगने देंगे ये लोग नहीं तो हमारे यहां क्यों। वहीं सरना समिति के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया और स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को तोड़ने के लिए पहुंचे थे , लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को हटाने के लिए बड़ी संख्या में सरना झंडा हाथों में लिए महिलाएं भी मौके पर पहुंची थीं। जब पुलिस ने उन्हें प्रतिमा के पास जाने से रोक दिया तो कुछ महिलाएं पुलिस से ही भीड़ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता, एडीएम राजेश्वर नाथ आलोक, हटिया डीएसपी पीके मिश्रा सहित दर्जन भर पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा घेरा तैयार कर रखा था। जिसकी वजह से समिति के लोग कैलाशपति मिश्र के प्रतिमा तक नहीं पहुंच पाए। धारा 144 लगाया गया था, राजकुमार मेहता ने बताया की भीड़ को समझा बूझकर वापस भेज दिया गया । वहीं आदिवासी संगठनों ने कहा प्रशासन हटाये नहीं तो हम लोग तोड़कर हटा देंगे।

# झारखंड में युवाओं को मिला क्या : हिमंता विश्व सरमा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हिमंता विश्व सरमा ने कहा कि पूरा राज्य सरकार से पूछ रही है युवाओं को मिला क्या ? उन्होंने कहा कि सरकार के पास मात्र एक महीना है। एक महीना में जो करना है कर लें। शिबू सोरेन राज्य और देश की जनता के लिए सम्मानीय है और ऐसे में अगर उनका बेटा अपना वादा न पूरा करे तो दिशोम गुरु का नाम धूमिल होगा। मइया योजना में जितना पैसा महिलाओं को दे रहे हैं उससे अधिक पैसा प्रचार प्रसार में जा रहा है। आज मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहा। उन्हें खिजरी की महिलाओं ने बताया कि उन्हें बालू नहीं मिल रहा उल्टा बालू



5500 से 6000 रुपया हो गया है। सरकार जनता को पैसा नही दें रही बल्कि उनसे पैसे वसूल रही है। सरकार जनता के पैसे की डकैती कर रही है। क्या हेमन्त सोरेन जनता के बीच जा कर पूछ सकते है कि उन्हें बालू मिल रहा है क्या। एक तरफ मुख्यमंत्री बालू फ्री देने की बात करते है वहीं दूसरी तरफ बालू माफिया बालू फ्री होने नहीं दे रहे और सरकार चुप है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बांग्लादेश घुसपैठ की बात मैने उठायी लेकिन सरकार में नहीं रही। दो दिन पहले ही रांची से एक डॉक्टर अलकायदा का काम करते हुए गिरफ्तार हुए है। माननीय उच्च न्यायालय के रही है लेकिन सरकार मनाने को तैयार नही है।

# भाजयुमो और भाजपा नेताओं पर दर्ज हुआ एफआईआर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली के दौरान पुलिस के साथ हुई झड़प और बवाल को लेकर लालपुर थाने में एक एफआईआर दर्ज की गई है।

यह एफ आई आर कार्यपालक दंडाधिकारी संजय कुमार के बयान पर दर्ज की जिसमें झारखंड भाजपा की युवा आक्रोश रैली को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी पूर्व मुख्यमंत्री अर्जून मुंडा, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी,शशि प्रताप, सीपी सिंह, बीडी राम ( सांसद ), भानु प्रताप शाही ( विधायक ),आदित्य साहू ( सांसद ), दीपक प्रकाश ( राज्यसभा सांसद ), अभयकांत प्रसाद ( सांसद ), प्रदीप वर्मा ( सांसद ), विद्युत वरण महतो ( सांसद), मनीष जायसवाल ( सांसद ), नीलकंठ सिंह मुंडा ( विधायक ), रणधीर सिंह ( विधायक ), नीरा यादव ( विधायक ), रामचंद्र चंद्रवंशी ( विधायक ), अपर्णा सेन गुप्ता ( विधायक ), कुशवाहा शशिभूषण मेहता ( विधायक ), पुष्पा देवी ( विधायक ), समरी लाल ( विधायक ), केदार हाजरा ( विधायक ), राज सिन्हा ( विधायक ), यदुनाथ पांडेय ( पूर्व सांसद ), ढुल्लू महतो ( सांसद ), मधु कोड़ा ( पूर्व मुख्यमंत्री ), गीता कोडा ( पूर्व सांसद ), संजीव विजयवर्गीय ( पूर्व डिप्टी मेयर, रांची), कर्मवीर सिंह ( संगठन मंत्री, भाजपा ), नवीन जायसवाल ( विधायक ), नारायण दास ( विधायक ), अमित मंडल ( विधायक ), आलोक चौरसिया, कौचे मुंडा, किशुन कुमार दास, विष्णुकांत राय, कुणाल यादव, अमरदीप यादव, वरुण साव, सुशील दुबे, अमित कुमार ( पूर्व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष ), रमेश सिंह, इंदुशेखर मिश्रा, प्रतुल नाथ शाहदेव ( प्रदेश प्रवक्ता ), शशांक राज, आरती कुजूर, सत्येंद्र तिवारी, मंगल मूर्ति तिवारी, गंगेस्वर यादव, विशाल गौतम, कृष्णकांत राय के खिलाफ केस दर्ज। 12000 अज्ञात भी बने आरोपी।

# तालीमी तरक्की पर केंद्रित होने की जरूरत : झारखण्ड अंजुमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड अंजुमन की चौथी बैठक मानगो, जमशेदपुर में आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता माही व साझा मंच के संयोजक इबरार अहमद ने किया, जबकि मंच संचालन माही के प्रवक्ता मुस्तकीम आलम ने किया। अध्यक्षीय भाषण में इबरार अहमद ने कहा कि समाज के उत्थान में आपकी राय बहुत महत्वपूर्ण है और सभी के मशवरों पर विचार-विमर्ष कर सही फैसले पर पहुँचेंगे। ये झारखण्ड अंजुमन की राज्य में चौथी




बैठक है और यही बात आपकी गंभीरता को दर्शाता है कि हम सभी समाज और कौम की तरक्की के लिए व्यथित हैं और यही चिंता समाज के लिए प्रकाशपुंज साबित होगा। रियाज शरीफ ने कहा कि समाज के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहते हैं। झारखण्ड अंजुमन के संयोजक एवं वरीय सामाजिक कार्यकर्ता जुनैद अनवर ने कहा कि हमारा लक्ष्य शिक्षा, सम्मान एवं सद्भावना है। ये दुर्भाग्य है कि पूरे राज्य में हमलोग मसलकी, बिरादरीवाद, सम्प्रदायवाद और क्षेत्रीयता के मामले में खंडित हैं। अंजुमन इस्लामिया राँची के महासचिव डॉक्टर तारिक हुसैन, कर्नल तौफीर मुंतखिब,पूर्व डीडीसी हसीब अख्तर, इरफान अहमद, फिरोज, एस मंलर, सचिव बैरम खान, दानिश रजा, अधिवक्ता एजाज अंसारी, जावेद खान, वाजिद अली, महबूब आलम, मोहम्मद इरफान, मौलाना इस्लाम कासमी, जिशान अहमद आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# सुंडी समाज ने विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की रखी मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** अड़की प्रखंड के सिंदरी खूंटी स्थित सभागार में पंच परगना सुंडी संघ परिवारों द्वारा पंच परगना सुंडी संघ झारखंड के बैनर तले सुंडी संघ के नव नियुक्त प्रथम कार्यसमिति सदस्यों का परिचय सह सम्मान समारोह का आयोजन किया । जिसमें पंच परगना सुंडी संघ के अध्यक्ष अनुप कुमार साहु ने अपने कार्यसमिति के सभी सदस्यों के परिचय कराने के बाद समिति सदस्यों के सहयोग से क्रमशः सभी आगत अतिथियों को बारी बारी से माला पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंच परगना क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी कुमुद प्रसाद साहु उर्फ मंटू बाबू, विशिष्ठ अतिथियों में जमशेदपुर से सनत मंडल अध्यक्ष राष्ट्रीय सुंडी समाज, रबिंद्र मंडल, बिष्णु मंडले,मुकेश साहु, कुणाल कुमार बंटी, दिनेश प्रसाद साहु समाजसेवीउमेश साहु, मिथिलेश साहु,पंच परगना सुंडी संघ के संस्थापक संयोजक बीरेंद्र साहु, पश्चिम बंगाल सुंडी संघ के कृष्णा मुरारी साहु, बबलू साहु, राजीव साहु, सरोज साहु,सिल्ली जागरण मंच से राधेश्याम साहु, राजेश साहु,खूंटी जिला परिषद् सदस्य रेखा देवी, संतोष साहु, उपेन साहु, मनोज कुमार साहु, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रिंस साहु, रणजीत साहु, सुजीत साहु, मिलन साहु, प्रो राधा रमण साहु,के अलावा अनेकों सुंडी नेताओं को सम्मानित किया गया। प्रेम कुमार भगत की टिम परफेक्ट डायग्नोस्टिक सेंटर, रांची की टीम द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य जॉच की। मुख्य अतिथि कुमुद प्रसाद साहु ने कहा समाज को एक जुट होकर अपने आप को मजबूती देने का मंत्र दिया। संस्थापक संयोजक बीरेंद्र साहु ने पंच परगना सुंडी संघ को बनाने में अहम भूमिका पर चर्चा कर संगठन में छूटे भुले बिसरे साथियों को संगठन के मुख्यधारा में जोड़ने को कहा।

### राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को

**रांची:** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को रांची में खेलों का आयोजन किया जायेगा। रांची जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर देसी और पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जायेगा। दिन की शुरूआत पांच किमी के मैराथन से होगी, जो पुरूष और महिला दोनों वर्गो के लिए आयोजित होगी। मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम में योग, मलखंब, कबड्डी, खोखो, रस्साकसी, गेड़ी दौड़, गुलेल से निशाना, पारंपरिक धनुष से तीरंदाजी का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में रांची, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा के खिलाड़ी भाग लेंगे।

# भारत आदिवासी पार्टी मजबूती के साथ झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ेगी : प्रेमशाही मुंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी के तत्वावधान में तमाड स्थित अमलेसा मैदान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी महासमागम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम के शुरुआत में भगवान बिरसा मुंडा,जयपाल सिंह मुंडा, बाबा भीमराव अंबेडकर और बाबा कार्तिक उरांव के चित्र पर माल्यअर्पण कर श्रद्धांजलि कर नमन किया। इस दौरान झारखंड के विभिन्न आदिवासी संगठनों के लोग अपने कार्यकर्ताओं के साथ भारत आदिवासी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। आदिवासी महासमागम में भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा,बबीता कच्छप, भारत आदिवासी पार्टी के उपाध्यक्ष अजय कच्छप, कुंदरसी मुंडा समेत कई लोग मौजूद थे। मौके पर प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि यह आदिवासी महासमागम आदिवास-मूलवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कांग्रेस, भाजपा, झामुमो आदि पार्टियों ने आदिवासियों के नाम पर सिर्फ राजनीति ही की है। स्थानीय नीति, धर्मकोड, पेसा कानून, पांचवीं अनुसूची, समता जजमेंट, ट्राइबल सब प्लान जैसे मुद्दों का अब भी समाधान नहीं हो पाया है। वर्तमान झामुमो की सरकार में आदिवासियों की जमीन की लूट और बढ़ी है।

झारखंड को लूट का अड्डा बना दिया गया है। इस आदिवासी महासमागम में सामाजिक एवं राजनीतिक के 21 प्रस्ताव पास किए गए। भारत आदिवासी पार्टी झारखंड के सभी विधानसभा सीट पर मजबूती के साथ लड़ेगी। मौके पर भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कच्छप ने कहा की आदिवासी के संवैधानिक अधिकार, जल- जंगल और जमीन की सुरक्षा पर भारत आदिवासी पार्टी काम करेगी। इस मौके पर भारत आदिवासी पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष कुंन्द्रेशी मुंडा ने कहा कि जिस उद्देश्य से झारखंड में सभी पार्टियों नें कुछ नहीं किया भारत आदिवासी पार्टी आदिवासी मूलवासी के लिए काम करेंगी। हमारी पार्टी के सत्ता में आने के बाद जल्द से जल्द स्थानीय नीति को लागू किया जाएगा।

# दीदी की हर समस्याओं का होगा हल : अजय नाथ शाहदेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हटिया विधानसभा क्षेत्र के रातू में आयोजित प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय दीदी सम्मेलन बहनों का हाथ अजय भैया के साथ% कार्यक्रम में कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव ने संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन में बहनों के उत्साह को देखकर उनका मनोबल दुगुना हो गया है। महिलाएं आगे बढ़ती है तो पूरा परिवार आगे बढ़ता है और वे कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे महिलाओं को समृद्ध करने के लिए। महिला समितियों के लिए वे विशेष योजनाएं लाएंगे। जिससे जुड़कर सभी बहनें न सिर्फ अपने परिवार को बल्कि पूरे क्षेत्र में आर्थिक खुशहाली की लहर लाएंगी। साथ ही कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए अच्छे सरकारी स्कूल और इलाज के लिए क्षेत्र में एक बड़ा सरकारी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल खुलवाना मेरी अहम जिम्मेदारी है, जो मैं हर हाल में करूंगा। प्रतिभाशाली खिलाड़ी कुंठित हो कर रह जातें हैं। मैं सबको प्लेटफार्म उपलब्ध कराउंगा जहां



उन्हें बढ़िया सुविधाएं और बेहतर डायट की सुविधा होगी। सम्मेलन को पूर्व जिला परिषद सदस्य अमर उरांव, प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव, अतुल राज ठाकुर, रुबी खातून, खुशबू ठाकुर, सरोज उरांव, मोमिना खातून, सुलोचना सिंह, सुनीता देवी, पार्वती देवी, अनिता खलखो, सरिता एक्का, लक्ष्मी तिर्की, रायमुनी किस्पोट्टा, दामी नोट उरांव, बिरसमनी खलखो, अनीता बेन तिर्की, पल्लवी मोदक, सुमित्रा उरांव, गीता देवी, गुलाबसा खातून, सलेहा खातून ने संबोधित किया। संचालन सुष्मिता तिर्की ने किया।

# पहली प्राथमिकता सीटिंग सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की : गुलाम अहमद मीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के सर्किट हाउस में रविवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव पर मंथन किया गया। विधायकों से चुनाव की तैयारियों पर फीडबैक भी लिये गये। साथ ही संयुक्त घोषणा पत्र के लिए विधायकों से सुझाव मांगे गये। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पहली प्राथमिकता सीटिंग सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की होनी चाहिए। इसके अलावा बैठक में राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर भी चर्चा की गयी। इसके लिए विधायकों को तैयारी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निजी कारणों से मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक अंबा प्रसाद और पूर्णिमा नीरज सिंह बैठक में शामिल नहीं हो सकीं। बैठक के बाद विधायक बादल पत्रलेख ने मीडिया से बातचीत में कहा कि विधायकों से संयुक्त घोषणा पत्र के लिए सुझाव मांगे गये हैं। कांग्रेस संयुक्त घोषणा पत्र (कॉमन मेनिफेस्टो) के साथ चुनावी अखाड़े में जाना चाहती है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अलावा प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, बन्ना गुप्ता, इरफान अंसारी, बादल पत्रलेख, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाड़ी, उमाशंकर अकेला, भूषण बाड़ा, सोना राम सिंकू, प्रदीप यादव, अनुप सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की और रामचंद्र सिंह मौजूद थे।

## डॉ राजेन्द्र प्रसाद साहु की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सदान विकास पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ आर पी मंडल, प्रदेश सलाहकार अधिवक्ता श्याम सुन्दर सिंह एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मो एजाज आलम एवं अन्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सदान विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद साहु ने फुल माला पहनाकर सम्मानित किया और नियुक्ति पत्र एवं आईं कार्ड दिए । सदान विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद साहु की अध्यक्षता में होटल शिवानी इंटरनेशनल, हिनू, रांची में बैठक सम्पन्न हुई। आज की बैठक में पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे, बैठक को संबोधित करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उपस्थित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया को बताया कि हमने प्रदेश कमीटी को कुछ कारणों से भंग कर दिया था और नई प्रदेश कमीटी गठन करने की घोषणा 25/8/2024 रखी गई थी। जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारियों की भी घोषणा करनी थी जो आज सम्पूर्ण सम्पन्न हो रही है।



## सहारा इंडिया के अभिकर्ताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संजय सेठ से की मुलाकात

**रातू (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सहारा इंडिया के अभिकर्ताओं एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में सहारा इंडिया के अभिकर्ता एवं जमाकर्ताओं के लंबित भुगतान पर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन में भविष्य निधि में जमा रूपयों का भुगतान कराने ,सीआरसीएस द्वारा निबंधित हुए जमाकर्ताओं को इससे कोई लाभ नहीं हो रहा है। जमाकर्ताओं द्वारा अभिकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है ज्ञापन में इस दिशा में थाना को दिशा निर्देश देने की मांग की गई है ,ताकि कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की रक्षा हो सके ।साथ ही सहारा इंडिया के केंद्रीय कार्यालय एवं माननीय न्यायालय में हो रहे कार्यकलापों की जानकारी सभी अभिकर्ताओं को ऑनलाइन दिया जाए जिससे वे अद्यतन स्थिति से जमाकर्ताओं को अवगत करा सकें। प्रतिनिधिमंडल में त्रिलोक साहू, रोहित पाल गोप,अजय शर्मा ,प्रभात रजक, मिथिलेश कुमार, राजेश साहू, शिव सहाय कुमार, ओमप्रकाश वर्मा, दिलु साहू ,जावेद अंसारी, विश्वनाथ उरांव एवं राम प्रसाद वर्मा आदि शामिल थे।



## सेवानिवृत्त कामगार को दी गई विदाई

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रोहिणी परियोजना के सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी रामजी चौहान को विदायी दी गई। परियोजना के वर्कशॉप में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना के मैनेजर दीपक कुमार, एसपी निगम, संदीप कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों ने रामजी चौहान को बुके देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही उपहार भी भेंट किया गया। इस मौके पर राघवेंद्र पासवान, सुखदेव महतो, राजेश कुमार, अमित चौहान, बुधवा उरांव, गणेश गंझु, रूपलाल गंझु, राजू घासी, घनश्याम प्रधान, नेपाल राम रवानी, किसुन राम, किशुन महतो, बालकहिया देवी, मिलो देवी, रिझू गंझु, रामस्वरूप राम सहित कई कामगार मौजूद थे।



## युवा कांग्रेस ने पत्रकारों को किया सम्मानित

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस की ओर से रविवार को भूसुर बोन स्थित होटल कलिंगा में पत्रकारों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में वरिष्ठ पत्रकार नसीम अहमद सानी, अजय राज, बबलू मुस्ताक आदि पत्रकारों को गमछा एवं डायरी देकर सम्मानित किया गया। वहीं मिन्हाज आलम, किस्टो कुजूर, विशाल स्वांसि सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता भी सम्मानित किए गए। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेश कुमार, ज़िला ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष ऋषि रोशन कुजूर, अमरनाथ मुंडा, विशाल स्वांसि, चेतन कुजुर, संतोष नायक, अमित कुमार, नरेन्द्र कुमार, शशिकांत कुमार, रामभजन सिंह मुंडा, मुकेश वर्मा, उज्वल कुजूर, अजीत कुमार गोप, अनिल कुमार राम, राजकुमार महली, संजय महली, आकाश लकड़ा सहित अन्य युवा कार्यकर्ता मौजुद थे।




## सुड़ी समाज का परिचय सह सम्मान समारोह संपन्न

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र में पंच परगना सुंडी संघ का परिचय सह सम्मान समारोह का आयोजन नारायण साहु की अध्यक्षता में सिंदरी के आर्यावन होटल में रविवार को किया गया। जिसमें सुंडी समाज के अगुवा कुमुद साहू उर्फ मंटू साहू और दिनेश प्रसाद साहू मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त रूप से सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित महिला पुरुष एवं अतिथियों के द्वारा पंच परगना सुंडी संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष अनूप कुमार साहू को समाज के अग्रतर विकास के लिए शुभकामना एवं बधाई दी।



## सैकड़ो बच्चो को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पल्स पोलियो अभियान को लेकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में सैकड़ो बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रिय अस्पताल मे विशेष शिविर आयोजित कर पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई।बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने छोटे-छोटे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर इसकी शुरुआत की।इस संबंध में मुखिया रीना देवी ने बताया कि तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में विशेष शिविर लगाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।वही शिविर के दूसरे एवं तीसरे दिन आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के द्वारा क्षेत्र के सभी ग्रामीण इलाकों एवं आवासीय कॉलोनी का भ्रमण कर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।उन्होंने पंचायत के सभी लोगो से शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की।इस मौके पर मुखिया रीना देवी,सेविका आशा देवी, यशोदा देवी सहित काफी संख्या में बच्चे एवं अभिभावक मौजूद थे।



## सीएचपी रिजेक्शन डम्प में मजदूरी बढ़ाने को लेकर हुई ग्रामीणो की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी चिरैयांटांड़ रिजेक्शन कोल डम्प मे काम करने वाले मजदुरो का मजदुरी बढ़ाने को लेकर ग्रामीणो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता जितेन्द्र कुमार और संचालन अनिल ठाकुर ने किया।बैठक मे रिजेक्शन कोल डम्प में काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे आगामी 27 अगस्त को मजदुर व लिफटरो की बैठक आयोजित की गई है,जिसमे सभी मजदुरो एंव लिफटरो से बैठक मे उपस्थित होने की अपील की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लिफटरो के साथ होने वाले बैठक में यदि मजदूरी नहीं बढ़ाई गई तो सभी मजदूरों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# भय, भ्रम, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी व कमीशन खोरी के विरुद्ध एक और उल्गुलान : डॉ. परमेश्वर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर** : रविवार को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बाइक रैली और एक महत्पूर्ण सभा मांडर प्रखंड के बिसाहाखटंगा में संपन्न हुई। जिसमे मुख्य रूप से पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत शामिल हुए। बाइक रैली मांडर से प्रारंभ होकर बिसाहाखटंगा में संपन्न हुई। तत्पश्चात ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समाजसेवी अब्दुल गफ्फार ने कहा कि आज तक हम सभी लोग शोषित हो रहे है, जिसका पूरा श्रेय वर्तमान विधायक है जो की हमारे क्षेत्र में विकास कार्य में लापरवाही बरत रहा है। इस बार मांडर विधानसभा क्षेत्र की जनता को शिक्षित, ईमानदार, कर्मठ व्यक्ति को विधायक बनाना है। आगे ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख़्तर आज़ाद ने कहा की इस बार मांडर विधानसभा क्षेत्र की जनता स्थानीय माटी पुत्र को प्रतिनिधित्व करने का मौका दे। आगे समाजसेवी हाजी शाकिर इस्लाही ने कहा की वर्तमान विधायक और उनके पिताश्री को मांडर की जनता विगत 20 वर्षो से मौका दे रही है लेकिन कोई ठोस काम धरातल में नजर नहीं आ रही है, अगर हो भी रही है तो किसी विशेष एक समुदाय के लिए। लोगो को सम्बोधित करते हुए डॉ मंजू मिंज ने कहा कि मेहनती, ईमानदार जो कि युवा, बड़े बुजुर्गो, महिलाओं को सम्मान बच्चो से स्नेह करने, प्रशासनिक सेवा में एक लंबी अवधि व्यतीत किए हुए व्यक्ति को मांडर की जनता को अवश्य चुनना चाहिए। अंत में डॉ परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों से कहा कि बीते 20 वर्ष में जो काम देखने को नहीं मिल रहा है चाहे वह स्थाई डोमिसाइल नीति, पेसा कानून, आदिवासी सरना कोड, नियोजन नीति, पलायन रोकने की नीति और कुटीर उद्योग लगाने से संबंधित नीति, टाना भगत विकास प्राधिकरण का पुनर्गठन, उर्दू एकेडमी एवं मदरसा बोर्ड का गठन हो इन तमाम बिंदु पर काम करने की जरूरत है। मांडर विधानसभा क्षेत्र की जनता से अपील है एक बार प्रतिनिधित्व का मौका दीजिए विकास सहित उपर्युक्त तमाम चीजों पर काम देखने को मिलेगा। मौके पर हातिम अंसारी, अमानत अंसारी, जुमाउद्दीन अंसारी, फिरदौस खान, अली अंसारी, महबूब अंसारी, अनिल गोप, राजू महतो, बालसिंग महकी, मनोहर गुप्ता, विष्णु गोप, मुदीन अंसारी, रोजिद अंसारी, सलीम अंसारी, जहरुद्दीन अंसारी, अजबुल अंसारी, सोहैल अख्तर, मन्नू खान, इस्तियाक खान, मकसूद अंसारी, विजय सिंह, अशोक साहू, कयूम अंसारी सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित।



# 26 दिन के काम के बदले देना होगा एक महीने का वेतन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी** : असंगठित मजदूरों की बैठक की गयी. अध्यक्षता अशोक सिंह ने किया. बैठक में मुख्य रूप से आरसीएमएस एनके एरिया सचिव सह मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी उपस्थित थे. बैठक के दौरान मजदूरों के समस्या पर चर्चा किया गया. बैठक को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि श्रम विभाग ने एक आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है मजदूरों को माह में चार दिन की छुट्टी देना अनिवार्य है. इस अवकाश का भी मजदूरी भुगतान करना होगा.इसके बदले में उनकी मजदूरी नहीं काटी जाएगी. महीने में 26 दिनों के कार्य के बदले श्रमिक को महीने भर की मजदूरी का भुगतान करना है. साथ ही साप्ताहिक अवकाश के दिन काम लिया गया तो मजदूर को दोगुनी हाजरी देनी होगी. अब्दुल्ला ने मजदूर हित में इस सराहनीय कार्य के लिए श्रम विभाग का आभार व्यक्त किया है. उन्होंने मांग किया है कि एनके क्षेत्र में कार्य कर रहे मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड, मोनेट डेनियल कोल वाशरी, राइट्स, जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य सभी ट्रांसपोर्ट कंपनी इस नियम को लागू करें. अब्दुल्ला ने इस कार्य के लिए एनके प्रबंधन को भी पहल करने कहा है ताकि असंगठित मजदूरों को उनका हक मिल सके. उन्होंने कहा कि जल्द इस पर पहल नहीं हुआ तो सभी मजदूर हड़ताल पर चले जाएंगे. बैठक में संदीप कुमार, अफजल अंसारी, अमजद खान, रोहित राय, विकास कुमार, शिव तूरी, विजय कुमार, सुनील चौहान, जॉर्ज चौहान, धर्मेंद्र चौहान, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित थे.



# जनता की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना ही मेरा लक्ष्य है : राजा पीटर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़** : आगामी दिनांक 28 अगस्त को पदयात्रा को लेकर पूर्व मंत्री राजा पीटर ने सारजमडीह के देवी मेला परिसर में अपने समर्थकों संग बैठक की।इस बैठक में सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थक और कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी। राजा पीटर ने सभी समर्थकों से बारी बारी से बात की और उनकी बातों को सुना।।गांव की समस्याओं से भी अवगत हुए।राजा पीटर ने कहा पुरे विधानसभा क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को लेकर 28 अगस्त को पदयात्रा प्रस्तावित है।जब तक जनता को उनका हक और अधिकार नहीं मिलेगा तब तक राजा पीटर चैन से नहीं रहेगा।कहा कि पिछले दस वर्षो से तमाड़ का विकास रुका हुआ है।पुरे विधानसभा क्षेत्र के सभी सड़कें काफी जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह ट्रांसफार्मर जले हुए हैं साथ ही लोगों पेयजल की किल्लत है काफी जनसमस्याओं से रोज रुबरु होता हुं।आपकी इन्हीं मुद्दों को लेकर पदयात्रा करुंगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पद यात्रा में शामिल होने की अपील की। बिरसा विकास समिति के प्रवक्ता नीतीश पांडे कहां की यहां से पुरे दल बल के साथ हमलोग पदयात्रा में शामिल होंगे। मौके पर लड्डू गोपाल सिंह मुण्डा रामपद सेठ प्रभु सेठ बुधनाथ सेठ भरत सेठ राजा कर्मकार मिलन चटर्जी प्रदीप सेठ सरवन सेठ चमर सेठ उद्धव यादव लखीराम यादव रसियन दास प्रदीप साहु मोनु गुप्ता चिंटु गुप्ता मंटु सेठ रामकुमार सेठ सलील सेठ प्रदुम्न सेठ राहुल सेठ रजनीकांत ठाकुर घासी हजाम विमल पांडे दुरजो सेठ विकास सेठ अजेश सेठ मनोज हजाम गोपाल सेठ विरेन सेठ आशीष सेठ नेपाल सेठ सुनील सेठ विश्वकर्मा सेठ सदानंद हजाम टेना हजाम सदानंद सेठ बुढ़ा सेठ दिलेश्वर प्रमाणित सुमित प्रमाणिक दुलाल दास सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद थे



# अकलियतों में है फलक को छूने और खुद की तरक्की की काबिलियत : शिल्पी नेहा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो** : बेड़ो मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड की गठबंधन सरकार सभी धर्म, जाति, वर्ग एवं समुदाय के लोगों के मध्य परस्पर सद्भावना बरकरार रखते हुए सभी का विकास चाहती है. उन्होंने कहा कि फलक को छूने और खुद की तरक़्क़ी की क़ाबिलियत अकलियतों में कूट-कूटकर भरी है और अपनी इस ताकत का उन्हें इस्तेमाल करना चाहिये.

आज राजधानी के कडरु में अवस्थित हज़ हाउस में अमेरिकन फेडरेशन ऑफ़ मुस्लिम्स ऑफ़ इंडियन ओरिजिन (अमेरिका एंड कनाडा) के सहयोग से फ्रैंड्स ऑफ़ वीकर सोसायटी द्वारा आयोजित दीक्षान्त समारोह, छात्रवृति वितरण एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में श्रीमती तिर्की ने कहा कि अल्पसंख्यकों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे अपनी तरक्की, अमन पसंदगी एवं खुशहाली के मुद्दे पर एकजुट हों. समारोह का उद्घाटन राज्य के कला-संस्कृति, खेलकूद, युवा एवं अल्पसंख्यक विकास के मंत्री हफ़ीजुल हसन ने किया.




# आजसू सिल्ली नगर ग्राम प्रभारी की बैठक सम्पन्न

## बेरोजगार युवाओं के बायोडाटा संग्रह अभियान का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली** : सिल्ली राधा-माधव आश्रम परिसर में रविवार को आजसू पार्टी सिल्ली नगर के ग्राम प्रभारीयों की बैठक का आयोजन बुद्धिजीवी मंच के नरोत्तम गोराई के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में केंद्रीय सचिव सुनील सिंह, पुर्व जिप सदस्य सह केंद्रीय सचिव गौतम कृष्ण साहू, प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली, बुद्धिजीवी मंच के विजय मंडल,भागवत सोनार, नवल किशोर गुप्ता एवं नगर के 12 बुथ क्षेत्र के ग्राम प्रभारी शामिल हुए। बैठक में क्षेत्र के समस्याओं एवं समाधान तथा संगठन की मजबुती पर विस्तृत चर्चा की गई। सुनील सिंह ने कहा कि गांव एवं टोला में ग्राम प्रभारीयों का चयन चुल्हा प्रमुख, जनता एवं उनके परिवार के साथ संपर्क एवं समन्वय स्थापित करने तथा जनमानस के बीच जाकर एक साधारण परिवार के साथ खड़ा होकर अपने दल के नेतृत्व को स्थापित करने के लिए हुआ है। उन्होंने मौजूद ग्राम प्रभारीयों से अपने दायित्व के प्रति सजग रहने एवं चुल्हा प्रमुख के साथ समन्वय बनाकर गांव मुहल्ले के समस्याओं के समाधान पर तत्परता से कार्य करने का आह्वान किया । इस दौरान पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बेरोजगार झारखंडी युवाओं के बायोडाटा संग्रह अभियान की शुरुआत की गई। आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सुनील सिंह ने कहा कि अभियान के तहत आजसू के कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवाओं का बॉयोडाटा एकत्रित किया जाएगा । यह अभियान राज्यभर में 7 सितंबर तक चलाया जाएगा।बेरोजगार युवाओं का बायोडाटा एकत्रित कर रांची में 8 सितंबर को होने वाली नवनिर्माण संकल्प सभा के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपा जाएगा, ताकि उनकी आंखें खुल सके और उनकी सरकार ने युवाओं की क्या दुर्दशा की है, यह उन्हें समझ आए। बैठक को संबोधित करते हुए गौतम कृष्ण साहू ने कहा कि सरकार ने पांच साल के अपने कार्यकाल में युवाओं के हित के लिए कोई काम नहीं किया। सरकार के युवा विरोधी नीतियों ने स्थानीय युवाओं के सपनों को तोड़ दिया है। युवा विरोधी सरकार आज युवाओं के सवालों का जवाब देने की जगह उन पर लाठियां बरसा रही है। यह इनकी युवाओं के प्रति ओछी सोच को दिखलाता है। बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष भरत देव साय ने किया।

## धूमधाम से जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया

**नामाकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने विशेष सभा आयोजित कर धूमधाम से जन्माष्टमी का उत्सव मनाया। इस ष्कार्यक्रम की शुरुआत भक्तिमय प्रार्थना से हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में पारंपरिक नृत्य और एक मधुर गीत प्रस्तुत किया गया। इस समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक सुंदर झाँकी और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की घटनाओं का अभिनय करना था। सभा में जन्माष्टमी के महत्व और इसके द्वारा शांति और एकता के मूल्यों को बढ़ावा देने पर एक विचारशील भाषण भी दिया गया। नन्हे-मुन्नों ने भी 'मैं भी कान्हा और कान्हा की राधे' थीम पर विभिन्न रंगों की पोशाकों में सज-धज कर यह संदेश दिया कि भगवान हर दिल में बसते हैं।



## राज्य सरकार के खिलाफ पुतला दहन कार्यक्रम

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: नामकुम थाना के सामने भाजपा खिजरी नामकुम , टाटी सिलवे, और लोवाडीह मंडल के संयुक्त तत्वावधान में भाजपा झारखंड के प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदरणीय डॉ प्रदीप वर्मा जी के नेतृत्व में तीनों मंडलों के कार्यक्रताओं के साथ नामकुम थाना के समीप राज्य सरकार द्वारा युवा आक्रोश रैली में लाठी चार्ज,रबर बुलेट चलाने,वाटर कैनन से पानी की बौछार , आंसू गैस का गोला दागने,कंटीले तारों से ब्रैकेटिंग के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राज्य सभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती आरती कुजूर, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री धीरज महतो,प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती आरती सिंह एवं कार्यक्रम प्रभारी सह रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक के अलावे रितेश उरांव ,रामावतार केरकेट्टा, गोपाल चौधरी, अनिरुद्ध पांडेय, उमेश बड़ाईक,बिरसा पहान, गोरखनाथ सिंह, नवीन सोनी, अंजली लकड़ा, उषा सिंह ,रमेश लकड़ा प्रभाष झा,बिजेंद्र राय, विकाश कुमार सिंह एवं अन्य प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे।



## फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी वितरण किया

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मांडर प्रखंड के अंतर्गत करगे पंचायत के ग्राम रेगे मल्हार टोली में जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के दौर में हमारे ग्रामीण क्षेत्र की खिलाड़ियों को अगर उचित संसाधन मुहैया करा दिया जाए तो यह लोग आगे बढ़कर अपने प्रतिभा को बेहतर प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में अपना और अपने समाज का नाम रोशन करेंगे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मुकेश खलखो वह मुजाहिद अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।



## टाटा एआईए ने संपूर्ण रक्षा वचन की शुरुआत की


**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी नवीनतम टर्म इंश्योरेंस पेशकश, संपूर्ण रक्षा वादा का अनावरण किया है, जिसमें समकालीन जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए अभूतपूर्व लाभ शामिल हैं। यह नई योजना तत्काल वित्तीय राहत और लचीली शर्तों के अपने वादे के साथ सबसे अलग है।संपूर्ण रक्षा वादा परिवारों को तत्काल खर्चों का प्रबंधन करने में मदद करने के लिए दावा अधिसूचना पर 3 लाख रुपये का तत्काल भुगतान सुनिश्चित करता है। यह टर्मिनल बीमारी के निदान की स्थिति में बेस सम एश्योर्ड के 50ब का महत्वपूर्ण लाभ भी प्रदान करता है, जिसमें पॉलिसी लाभ जारी रहने पर सभी भविष्य के प्रीमियम माफ कर दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, पॉलिसीधारक हर पांच साल में एक बार 12 महीने तक प्रीमियम स्थगित कर सकते हैं, जो महत्वपूर्ण लचीलापन प्रदान करता है।

## स्टीम लर्निंग टीम और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: अगरपारा नेताजी शिक्षायतन फॉर गर्ल्स और बेलघरिया जतिनदास विद्यामंदिर के विद्यार्थियों ने ब्रिलियो नेशनल एसटीईएम चैलेंज 2024 के क्लस्टर राउंड में सफलता हासिल की। यह एक अग्रणी डिजिटल परिवर्तन सेवा और समाधान कंपनी ब्रिलियो की पहल है, जिसे स्कूली बच्चों के बीच एसटीईएम शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक सामाजिक उद्यम एसटीईएम लर्निंग के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है।उदयपुरी हृदयाल नाग आदिवासी विद्यालय में आयोजित क्लस्टर राउंड में इन छात्रों की सफलता का जश्न मनाया गया और उन्हें स्टीम लर्निंग टीम और शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। ये विजेता अब जोनल राउंड में आगे बढ़ेंगे, जिसका अंतिम लक्ष्य 27 अगस्त, 2024 को बेंगलुरु में होने वाले ग्रैंड फिनाले में भाग लेना है।


## पिपरवार के बेंती पंचायत मे हुई दुर्गापूजा समिति की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत भवन मे दुर्गापूजा समिति की बैठक हुई।इस बैठक की अध्यक्षता बेती पंचायत मुखिया सरिता देवी और संचालन महेन्द्र गंझु ने किया।बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेंती पंचायत मे दुर्गापूजा धुमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे दुर्गापूजा की तैयारी पर चर्चा की गई एंव सर्वसम्मति व आपसी सहमति से पूजा के सफल संचालन को लेकर दुर्गापूजा समिति का गठन किया गया।नवगठित कमेटी मे हरीनारायण गंझु व राजेश प्रजापति को अध्यक्ष बनाया गया।वही रोहन गंझू व आदित्य केसरी को उपाध्यक्ष, गणेश भुईयां लखन साव, शंकर गंझू,हेमराज प्रजापति और दुर्गा पासवान को सचिव,प्रेम ठाकुर,रोहित केसरी और बासुदेव गंझू को कोषाध्यक्ष बनाया गया।



## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति बचरा उतरी पंचायत कमेटी का हुआ गठन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत मे झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति/जेएलकेएम की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक मे बचरा उतरी पंचायत कमेटी का गठन किया गया।बचरा उतरी पंचायत के उप मुखिया महेंद्र कुमार महतो बतौर पर्यवेक्षक के रूप मे मौजुद थे।बैठक की अध्यक्षता लखनलाल महतो एंव संचालन मुकेश कुमार ने किया।बैठक में बचरा उतरी पंचायत कमेटी का गठन किया गया,जिसमें अध्यक्ष अरविंद कुमार महतो, सचिव सुरेन्द्र करमाली, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार महतो,मीडिया प्रभारी संतोष कुमार महतो,प्रवक्ता लखनलाल महतो,मुकेश महतो,उपाध्यक्ष मुकेश कुमार,छत्रपाल मुंडा,विकाश महतो,उपसचिव जोगेश्वर महतो,संगठन मंत्री कोलेश्वर महतो को बनाया गया।वही राजकिशोर पटेल,मुन्शी महतो,आर्यन महतो,परवीन महतो,रामेश्वर महतो,जोगेश्वर महतो,विशेश्वर महतो,बीरेन्द्र कुमार,युगल किशोर महतो, दिनेश कुमार,योगेन्द्र कुमार महतो,विनय कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।



## नौजवान कमिटी पतरा टोली कांके का गठन किया गया



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रविवार को पतरा टोली कांके के जमा मस्जिद में अंजुमन इसलामिया पतरा टोली कांके के जानिब एक अहम बैठक किया गया। जिसमे समाज में हो रही बुराई नसा खोरी दहेज प्रथा एवं गाँव में हो रही गंदगी को रोकने के लिए एक नौजवान कमिटी पतरा टोली कांके का गठन किया गया। इस बैठक में गाँव के महतपुर्ण लोग एवं नौजवान लड़के शामिल हुवे,जिसमे अंजुमन इसलामिया के सदर हाजी असफाक अहमद ,हाजी मो जुबैर, सरपरास्त अब्दुल समद, मुस्ताक आलम,हाजी कारी असराफुल साहब,हाजी कारी अब्दुल रौफ,मोलाना इम्तियाज़ आलम,जमील अख्तर ,जिब्राइल अंसारी,फरहत हुसैन ,सरफराज आलम, मो हेमाइल,मो हसन,मेराज आलम,रिजवान आलम,इफ़्तेखर अहमद,मो इमरान,आदि शामिल हुए ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संपादकीय

## जलवायु अनुकूल फसलें

**यह** तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के चलते पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों से हमारी खाद्य श्रृंखला को खतरा पैदा हो गया है। मानसून के पैटर्न में बदलाव, घातक गर्मी की लहरों, समुद्री जलस्तर में वृद्धि तथा आये दिन आने वाले समुद्री तूफान कृषि उत्पादन के लिये संकट पैदा कर रहे हैं। इस बाबत इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की हालिया रिपोर्ट में खतरों के प्रति चेताया गया है। निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक दे दी है, जिसका मुकाबला नई रणनीति बनाकर किया जा सकता है। आशंका जतायी जा रही है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से कृषि के क्षेत्र व फसलों की पैदावार में भारी कमी आ सकती है। खासकर छोटे किसानों के लिये यह संकट बड़ा है जो पूरी तरह से मानसूनी वर्षा पर ही निर्भर रहते हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि इन विषम परिस्थितियों में पैदावार को अक्षुण्ण रखने के लिये विशेष उपक्रम किये जाएं। इस दिशा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने एक दशक पहले जलवायु अनुकूल खेती में नवाचारों को लेकर अपनी परियोजना शुरू की थी। हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा कई अधिक उपज वाली जलवायु अनुकूल फसलों की किस्मों का शुभारंभ करना इसी कड़ी का हिस्सा है। इस बाबत सरकार का कहना है कि अधिक पैदावार वाली गेहूं के बीजों की किस्मों को सफलता पूर्वक तैयार करने के बाद जलवायु प्रतिरोधी बीजों के साथ धान का रकबा बढ़ाना उसकी प्राथमिकता है। निस्संदेह, इस विकट पर्यावरणीय चुनौती का मुकाबला हम निरंतर स्वदेशी समाधानों के जरिये ही कर सकते हैं। जिसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की जा रही है। निस्संदेह, देश में जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिये चलाये जा रहे कार्यक्रमों की कोई कमी नहीं है, लेकिन जरूरत इस बात की है कि उपलब्ध संसाधनों के विवेकपूर्ण प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाए। निस्संदेह, जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों से कृषि उत्पादन को संरक्षण देने और किसानों के हितों की रक्षा के लिये संसाधनों का बेहतर उपयोग बेहद जरूरी है। इसके साथ ही जल स्रोतों का संरक्षण, वन क्षेत्र की रक्षा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं के जरिये भूमि की उर्वरता बढ़ाने का उपक्रम भी करने की दरकार है। हमें खेती में कृत्रिम खादों के उपयोग में भी संयम बरतना चाहिये। इसी कड़ी में फसलों के विविधीकरण कार्यक्रम को भी गति देने की आवश्यकता है। इसके लिये किसानों को जागरूक और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। यह सुखद है कि देश के कई राज्यों में व्यापक पैमाने पर जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। लेकिन इस कार्यक्रम को राष्ट्रव्यापी बनाया जाना चाहिये। इस दिशा में प्रोत्साहन योजनाएं किसानों का जैविक खेती अपनाने का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। एक तथ्य यह भी कि इस दिशा में नई प्रौद्योगिकी तैयार कर लेने मात्र से ही समस्या का समाधान संभव नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वैज्ञानिक अनुसंधानों को खेतों तक पहुंचाया जाए। किसान सहजता से उनका उपयोग करते हुए फसलों के संरक्षण को गति दे सके। दरअसल, किसान को व्यावहारिक रूप से संतुष्ट करना जरूरी भी है कि उसके लिये वास्तव में क्या उपयोगी है। देश में किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिये देशव्यापी सहमति बनाने की जरूरत है। इसके लिये आधुनिक अनुसंधान के साथ ही अनुभवजन्य अध्ययन को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सही मायनों में इन प्रयासों को गति देने के लिये अनुसंधान हेतु पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने तथा खेती के लिये उपयोगी निष्कर्षों को किसानों तक पहुंचाने की भी जरूरत है। लगातार भयावह होते परिदृश्य में इस चुनौती को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में शामिल करने की आवश्यकता है। इस हकीकत को जानते हुए कि हम दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश हैं। एक बड़ी आबादी की सामाजिक सुरक्षा के लिये तमाम खाद्यान्न योजनाएं सरकारी अन्न भंडारों के जरिये चलायी जा रही हैं। जिसकी पूर्ति खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाकर ही की जा सकती है। यह तभी संभव है जब हमारी कृषि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों का मुकाबला करने में सक्षम हो।


मानसून के पैटर्न में बदलाव, घातक गर्मी की लहरों, समुद्री जलस्तर में वृद्धि तथा आये दिन आने वाले समुद्री तूफान कृषि उत्पादन के लिये संकट पैदा कर रहे हैं। इस बाबत इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की हालिया रिपोर्ट में खतरों के प्रति चेताया गया है। निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक दे दी है, जिसका मुकाबला नई रणनीति बनाकर किया जा सकता है। आशंका जतायी जा रही है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से कृषि के क्षेत्र व फसलों की पैदावार में भारी कमी आ सकती है। खासकर छोटे किसानों के लिये यह संकट बड़ा है जो पूरी तरह से मानसूनी वर्षा पर ही निर्भर रहते हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि इन विषम परिस्थितियों में पैदावार को अक्षुण्ण रखने के लिये विशेष उपक्रम किये जाएं। इस दिशा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने एक दशक पहले जलवायु अनुकूल खेती में नवाचारों को लेकर अपनी परियोजना शुरू की थी। हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा कई अधिक उपज वाली जलवायु अनुकूल फसलों की किस्मों का शुभारंभ करना इसी कड़ी का हिस्सा है।


# बिहार में तीसरा विकल्प बनने की राह पर प्रशांत किशोर

## हाशिए पर खड़ा मुसलमानों की पहली पसंद बन रहे प्रशांत किशोर

**रवीन्द्र उपाध्याय**
**संपादक**
**प्रभात मंत्र**

**बि**हार विधानसभा चुनाव में अभी भले ही एक साल का बिलंब है, बावजूद इसके यहां भी चुनावी महफिल अभी से ही सजने लगा है। बिहार की राजनीति के माहिर खिलाड़ी लालू और नीतीश जहां चुनावी बिसात बिछाने लग गए हैं वहीं मशहूर राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की एंट्री से यहां राजनीति का हवा ही बदल गया है। बिहार में मोदी-नीतीश-लालू की रटी-रटाई राजनीतिक भाषा से यहां के लोग अब तंग आ चुके है। बिहार के लोग अगले विधानसभा चुनाव में तीसरे विकल्प की तलाश में हैं और उन्हें तीसरा विकल्प मिल भी गया है। प्रशांत किशोर जन सुराज के बैनर तले बिहार की राजनीति में धमाकेदार एंट्री की है। दो वर्षों से श्री किशोर यहां जनता की नब्ज टटोल रहे हैं। इसके लिए वे जी तोड़ मेहनत भी कर रहे हैं। पूरे बिहार का वे पद यात्रा कर रहे हैं। प्रशांत किशोर पिछले करीब दो साल से जन सुराज यात्रा के जरिए बिहार का दौरा कर रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक प्रशांत किशोर करीब 5 हजार किलोमीटर पैदल चल चुके हैं। वह काफिला लेकर बिहार के गांव-गांव का दौरा कर रहे हैं। इस यात्रा की खास बात यह है कि इसमें शामिल प्रशांत किशोर समेत तमाम लोग पैदल ही यात्रा करते हैं। उनका पद यात्रा अब अंतिम चरण में हैं। इस दौरान उन्हें बहुत कुछ सीखने और समझने का मौका भी मिला और मिल रहा है। कुछ महीनों के बाद 2 अक्टूबर को प्रशांत किशोर का जन सुराज राजनीतिक दल में परिवर्तित होने वाला है। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू है। हर वर्ग और हर धर्म के लोगों का जुड़ाव जन सुराज की ओर हो रहा है। जन सुराज में जातिवाद का कोई जगह नहीं है। जन सुराज का उद्देश्य समाज के सभी वर्गो को उनकी संख्या के अनुसार प्रतिनिधित्व देना है। बिहार में जहां राजद जैसी पार्टियां केवल जातिगत समीकरणों पर आधारित राजनीति कर रही हैं, वहीं जन सुराज बिहार को एक नए विकल्प के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। एक अनुमान के अनुसार 2025 के विधानसभा चुनाव में जन सुराज पार्टी बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। प्रशांत किशोर ने परिवारवाद के चक्रव्यूह को तोड़ने



का प्लान भी बना लिया है। जन सुराज ने तय किया है कि 243 सीटों में दो तिहाई लोग ऐसे चुनाव लड़ेंगे जो जीवन में पहले कभी नहीं लड़े हैं। इसमें ज्यादातर लोग राजनीतिक पृष्ठभूमि के भी नहीं होंगे। जन सुराज अभियान राज्य की राजनीति में सक्रिय है। इस अभियान में समाज के सभी वर्ग के लोग जुड़ रहे हैं। खासकर राज्य के मुस्लिम वर्ग में भी खासे उत्साह है। इसका एक विशेष कारण भी है। यहां का मुस्लिम वर्ग अभी तक अपने आप को बिहार की राजनीति में ठगा महसूस कर रहा है और हासिए पर है। अगर हम अतीत को देखें तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि यहां सभी राजनीतिक दलों ने मुस्लिम को छलने का काम किया है।इस बात को कुछ उदाहरणों से समझा जा सकता है। साल 1990 के दशक में केन्द्र में विश्वनाथ प्रताप सिंह और बिहार में लालू प्रसाद के नेतृत्व में सत्ता परिवर्तन की बयार बही तो मुस्लिम समुदाय को यह तब्दीली हवा के एक ठंडे झोंके की तरह लगा। उसने सोचा हमारे आंगन में भी ख़ुशहाली के फूल खिलेंगे। मुसलमानों ने बिना शर्त वीपी और लालू को समर्थन दिया। लालू प्रसाद से मुसलमानों की जो उम्मीदें थीं, उस पर वह खरे नहीं उतरे। उन्होंने माय(मुस्लिम+यादव)समीकरण तो बनाया, मगर सत्ता की चाशनी सिर्फ उनकी जाति के लोग ही चाटते रहे और राष्ट्रीय जनता दल मुसलमानों को खौफ़ दिखा कर लाल कृष्ण आडवाणी की गिरफ़्तारी का फसल काटता रहा। तीन दशक बाद आज भी चुनाव में इसको भंजाया जाता है। बिहार में मुस्लिम सियासत अब बदल रही है। जो लोग मुसलमानों को सियासी ग़ुलाम मान बैठे थें, उनमें ज़बरदस्त बेचैनी है। जो मुसलमान सत्ता में रहे या हैं,उन्हे यहां के राजनीतिक दलों द्वारा हमेशा अपमानित किया गया है। राजद द्वारा अब्दुल बारी सिद्दीक़ी का सियासी क़द कतर कर विधान परिषद भेज दिया। क्या प्रतिपक्ष के नेता के लायक़ वे नहीं थे ? पटना से अफ़ज़ल इमाम की पत्नी मेयर का चुनाव लड़ी। वे लालू परिवार के क़रीबी माने जाते रहे हैं। तेजस्वी से अच्छा रिश्ता रहा है। उन्हे मुसलमानों ने एकमुश्त वोट दिया. माना जा रहा था कि लालू से रिश्ते के कारण यादव वोट मिलेगा। अफ़ज़ल को राजद ने साथ नहीं दिया। वह उम्मीदवार तीसरे नम्बर पर रहा। यही सब कारण है कि बिहार के अशफ़ाक़ रहमान, मोनाज़िर हसन,अवैस अम्बर,मसीह उद्दीन जैसे काबिल लोग जन सूराज के साथ आ रहे हैं। अशफ़ाक़ रहमान ने अपनी पार्टी बनायी। दो विधानसभा चुनाव भी लड़वाया.1100 मिटिंग की.यशवन्त सिन्हा के साथ तीसरा मोर्चा भी बनाया.बिहार के चप्पे-चप्पे का दौरा किया। दूसरे का साथ मिला। 1995 में वे विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। समता पार्टी के गठन के वक़्त संस्थापक नेताओं में रहे हैं. वैचारिक मतभेद के कारण समता पार्टी से अलग हो गये और जनता दल राष्ट्रवादी के नाम से अपनी पार्टी बना ली। अपने पैसा से राजनीति करते हैं। मुसलमान अशफ़ाक़ रहमान को पसंद करता है। गठबंधन की राजनीति की पहल करने वाला अकेला मुस्लिम नेता हैं अशफ़ाक़ रहमान। जन सुराज में अपनी भूमिका तय करने का शायद यह सुअवसर है। तब मुसलमान भी उनके साथ आयेगा। डॉ.मोनाज़िर हसन बेबाक नेता रहे हैं। सांसद और मंत्री रहते उन्होंने लोगों के ख़ूब काम किए। अवैस अम्बर की शख़्सियत को कम लोग जानते हैं। देश के बड़े शिक्षाविद हैं। कम पैसे पर मेहनतकश परिवार के बच्चों को डॉक्टर,इंजीनियर बना रहे हैं। मसीह उद्दीन को कौन नहीं जनता। कभी मगध की राजनीति के युवा तुर्क नेता थे।1990 के दशक में एक चर्चित बलात्कार कांड हुआ था। उस नाबालीग बच्ची को न्याय दिलाने के लिए नवादा में बड़ा आंदोलन खड़ा किया था। बिहार की तत्कालीन सत्ता उक्त आंदोलन से थर्रा गयी थी। आज भी मसीह के जूझारूपन में कमी नहीं आयी है।

दृष्टि कोण

## सतत निगरानी व तकनीक रोकेगी स्कूल बस हादसे बच्चों को सुरक्षित परिवहन

**कहना** कठिन है कि कितने लोगों को 18 नवम्बर, 1997 की वो स्याह सुबह याद है जब बच्चों को लेकर जा रही एक स्कूल बस दिल्ली में वजीराबाद पुल से यमुना नदी में गिरी थी। दर्दनाक हादसे में 28 बच्चों की मृत्यु हुई व 62 बच्चे तथा स्टाफ घायल हुए। बस में 6 से 14 वर्ष आयु के 112 बच्चे सवार थे। हृदय विदारक दुर्घटना के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ मामले में दिसंबर, 1997 में ही स्कूल बसों के सुरक्षित संचालन और प्रबंधन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। जिसमें स्कूल बसों की गति सीमा निर्धारण हेतु स्पीड गवर्नर लगाने, बसों का नियमित रखरखाव-निरीक्षण, चालकों के लिए पांच वर्ष का अनुभव, नियमित प्रशिक्षण व स्वास्थ्य जांच, बसों में प्राथमिक चिकित्सा किट व बच्चों के बैठने की अधिकतम सीमा निर्धारित की गई। कोर्ट के दिशा-निर्देशों के बाद स्कूली बसों को सुरक्षित बनाने हेतु सम्भवतः पहली बार गंभीर प्रयास हुए। लेकिन इसके बावजूद स्कूल बस दुर्घटनाएं चिंताजनक रूप से अक्सर हुई। वर्ष 2015 में पंजाब के मोगा में स्कूल बस के ट्रक से टकराने से 12 बच्चों की मृत्यु हुई। वर्ष 2018 में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में स्कूल बस के गहरी खाई में गिरने से चालक और 2 शिक्षकों सहित 23 बच्चों की मृत्यु हो गई। वर्ष 2018 में ही उ.प्र. के एटा में स्कूल बस के ट्रक से टकराने से करीब 24 बच्चों की मृत्यु हुई। वर्ष 2019 में उ.प्र. के कुशीनगर में मानवरहित रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन से टकराने से बस में सवार 13 बच्चों की मृत्यु हुई। इसी साल 11 अप्रैल को हरियाणा के महेन्द्रगढ़ में कनीना क्षेत्र स्थित जी.एल. पब्लिक स्कूल बस चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही से चलाने से बस पलट गई। हादसे में 6 छात्रों की मृत्यु हुई तथा 32 घायल हुए। चालक नशे में था। पहले भी इस बाबत स्कूल प्रशासन को सचेत करने पर भी अनदेखी से दुखद हादसा हो गया।

दरअसल, दुर्घटनाओं का मुख्य कारण स्कूल बसों का समुचित रखरखाव न होना, बस चालकों का लापरवाही से तेज गति व नशे में गाड़ी चलाना रहा है। हाल ही में हिसार में एक स्कूल बस ब्रेक फेल होने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई, महेन्द्रगढ़ में एक स्कूल बस का पिछला टायर निकल गया तथा फरीदाबाद में स्कूल वैन में शार्ट सर्किट से आग लग गई। हादसे बताते हैं कि बसों के रख-रखाव को गम्भीरता से नहीं लिया जाता। बस चालकों में अनुशासन व आवश्यक प्रशिक्षण का अभाव, क्षमता से अधिक छात्रों को ले जाना, सुरक्षा मानकों की अनदेखी तथा बसों में सीट-बेल्ट न पहनना व आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक सुरक्षा साधन न होना भी दुर्घटनाओं के कारण हैं।

भारत में स्कूल बस को ट्रांसपोर्ट वाहन माना गया है। सुरक्षित संचालन हेतु प्रावधान मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में दिये गये हैं। केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 बसों के लिए विशिष्ट सुरक्षा उपायों को अनिवार्य करते हैं। जैसे गति को 60 कि.मी. प्रति घंटा सीमित करने हेतु स्पीड गवर्नर लगाना, खिड़कियों पर लोहे की ग्रिल और आपातकालीन निकास की आवश्यकता है। राज्य सरकारों व राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा भी स्कूल परिवहन हेतु व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इनमें बसों का नियमित फिटनेस प्रमाणन, ड्राइवरों की साख का सत्यापन व उचित प्रशिक्षण, सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन की निगरानी हेतु स्कूलों द्वारा परिवहन समितियां बनाने व बच्चों की सहायता हेतु परिचालक का मौजूद होना शामिल है।

वर्ष 2009 में जसबीर सिंह, उपाध्यक्ष, मानव सेवा मिशन, लुधियाना ने स्कूली बसों की दुर्घटनाओं में हुई मौतों के मुद्दे को उठाया। इसका पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया तथा इसे तत्काल रिट याचिका सीडब्ल्यूपी नं. 6907/2009 के रूप में पंजीकृत किया। उच्च न्यायालय द्वारा पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ को स्कूली वाहनों की सुरक्षा हेतु पॉलिसी बनाने के लिए निर्देश दिए। फलतः वर्ष 2014 में हरियाणा सरकार द्वारा 'सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी' बनाई गई। इसके अंतर्गत नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश, जिला व उपमण्डल स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समितियां बनाने का प्रावधान किया गया। अब हरियाणा सरकार ने मौजूदा 'सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी' में सुधार करने के लिए कुछ संशोधन प्रस्तावित किए हैं। मसौदे के अनुसार, स्कूल प्रबंधन वर्ष में दो बार शपथ पत्र के माध्यम से 'स्व-प्रमाणन' प्रस्तुत करेगा। स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी कि वह छात्रों और छात्रों के अभिभावकों से ड्राइवर/कंडक्टर/अटेंडेंट के आचरण के बारे में समय-समय पर फीडबैक ले और उसका रिकॉर्ड बनाए।

विदेशों में स्कूल बस सुरक्षा हेतु विभिन्न रणनीतियां लागू हैं। अमेरिका स्कूल बसों हेतु विशिष्ट डिजाइन मानकों को अनिवार्य करता है। अमेरिका-आस्ट्रेलिया में स्कूल बसों में सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। सुरक्षा हेतु वार्षिक जागरूकता सप्ताह, ओवरलोडिंग के लिए जीरो टॉलरेंस, यू.के. में बस ड्राइवर की निगरानी व छात्रों की सुरक्षा हेतु बसों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य हैं। चालक के लाइसेंस हेतु कड़े नियम हैं।

कुछ अलग

## हमदर्दी भी है दवा

**गाहे-बगाहे** सख्त फैसलों से नीति-नियंताओं को आईना दिखाने वाले देश के मुख्य न्यायाधीश आम आदमी के प्रति कितने गंभीर और संवेदनशील हैं, बीते शनिवार उनकी टिप्पणी से यह उजागर हुआ। चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित चिकित्सा व शोध संस्थान पीजीआई के 37वें दीक्षांत समारोह में उन्होंने जो कहा वह पूरी चिकित्सा बिरादरी के लिये आत्ममंथन को बाध्य करता है। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले युवा डॉक्टरों से कहा कि उनके लिये मरीज सिर्फ एक केस नहीं हो सकता। मरीजों को आपके स्नेह व दयालुता की उतनी ही आवश्यकता है, जितनी कि चिकित्सा पेश की आपकी विशेषज्ञता की। उन्होंने चिकित्सा के पेशे में आने वाले युवा डॉक्टरों से कहा कि वे मरीजों के साथ स्नेह का रिश्ता बनाएं ताकि वे अपना दर्द-रोग खुलकर बता सकें। उन्होंने बॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का उल्लेख इस संदर्भ में किया कि फिल्म का नायक संवेदना, सहजता व प्रेरक शब्दों के जरिये मरीजों का उपचार करता था। इस तरह जस्टिस चंद्रचूड़ ने युवा डॉक्टरों को चिकित्सा पेशे में निहित सहानुभूति से उपचार के महत्व का अहसास कराया। उन्होंने उदाहरण स्वरूप बताया कि कैसे मुन्ना भाई बच्चों के वार्ड में बीमारी से जूझ रहे बच्चों को 'जादू की झप्पी' से भला-चंगा करने का अभिनव प्रयास करते थे। उन्होंने युवा डॉक्टरों से मरीजों के साथ संवेदनशील व अपनेपन का रिश्ता बनाने की बात कही। जिसका मनोवैज्ञानिक रूप से मरीजों के उपचार में सकारात्मक प्रभाव नजर आता है। इन तथ्यों को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में भी स्वीकार किया जाता है। निश्चित रूप से मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने चिकित्सा बिरादरी को इस पवित्र पेशे के सनातन मूल्यों से रूबरू कराया। उन्होंने इस बात का अहसास कराया कि एक मरीज के लिये मीठे व हमदर्दी के बोल उपचार का भी काम करते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने न्यायिक व्यवस्था के वास्तविक लक्ष्यों का भी जिक्र किया। जस्टिस चंद्रचूड़ ने युवा डॉक्टरों से कहा कि कानून व चिकित्सकों का पेशा एक जैसा ही है। जैसे किसी वादी को न्याय देने के लिये हमें जांच रिपोर्ट और साक्ष्यों की जरूरत होती है, उसी तरह चिकित्सा के पेशे में मरीज की जांच रिपोर्ट सही उपचार में निर्णायक होती है। लेकिन इन दोनों पेशों का अंतिम मकसद जनता की सेवा ही है। दोनों व्यवसायों में आम आदमी के साथ न्याय व कल्याणकारी उपचार हेतु ही कार्य किया जाना चाहिए। यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत के मुखिया ने बेहद सहजता व साफगोई से चिकित्सा पेशे के मर्म व पेशागत मूल्यों से नवोदित चिकित्सकों का साक्षात्कार कराया। निस्संदेह, मरीजों के प्रति संवेदनशीलता व हमदर्दी की इसी सोच के चलते डॉक्टरों को दूसरा भगवान भी कहा जाता है। इस विश्वास का घोर व्यावसायिक कारणों से क्षरण महसूस किया जाता रहा है। यह भी हकीकत है कि पीजीआई जैसे चिकित्सा संस्थानों में कई राज्यों के मरीजों के भारी दबाव का चिकित्सकों की कार्यशैली पर प्रभाव पड़ता है, लेकिन पेशागत अहसासों के चलते मरीज उनसे मधुर व हमदर्दी के व्यवहार की उम्मीद हरदम करते हैं। जिसका जस्टिस चंद्रचूड़ ने अपने संबोधन के जरिये बखूबी अहसास कराया है।

देश दुनीया से

## आजादी के सही मायने की तलाश में


सफेद सूट पर तिरंगे में रंगा दुपट्टा या परना ओढ़ कर तिरंगा झंडा लहराते हैं, स्पीकर पर देशभक्ति के फिल्मी गीत बजाते हैं। देश भक्ति के गीतों पर हो हल्ला मचाते हैं। ओह! एक जरूरी बात तो रह ही गई कि इन सबकी फोटो सोशल मीडिया पर डाल कर अपना स्टेटस बनाते हैं। क्या वाकई बस, इतना भर ही है आजादी का मतलब और उसे मनाने का पर्व, या इससे आगे भी और बहुत कुछ है? है तो क्या हम भूलते जा रहे हैं? और फिर अगले दिन जब छोटे-छोटे तिरंगे यहां-वहां सडक़ों पर, कूड़े के ढेरों के आसपास गिरे पड़े दिखते हैं तो कई बार खुद से ही पूछना पड़ता है कि क्या हम उस आजादी को समझ पाए हैं जिसके लिए हमारे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानी हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे, वो आजादी जिसके लिए आज भी हमारे वीर जवान सरहद पर तैनात हैं और हंसकर अपने सीने पर गोली खाकर भी वंदे मातरम्‌ का जयघोष करते हैं।


**चलो** स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं, सफेद सूट पर तिरंगे में रंगा दुपट्टा या परना ओढ़ कर तिरंगा झंडा लहराते हैं, स्पीकर पर देशभक्ति के फिल्मी गीत बजाते हैं। देश भक्ति के गीतों पर हो हल्ला मचाते हैं। ओह! एक जरूरी बात तो रह ही गई कि इन सबकी फोटो सोशल मीडिया पर डाल कर अपना स्टेटस बनाते हैं। क्या वाकई बस, इतना भर ही है आजादी का मतलब और उसे मनाने का पर्व, या इससे आगे भी और बहुत कुछ है? है तो क्या हम भूलते जा रहे हैं? और फिर अगले दिन जब छोटे-छोटे तिरंगे यहां-वहां सडक़ों पर, कूड़े के ढेरों के आसपास गिरे पड़े दिखते हैं तो कई बार खुद से ही पूछना पड़ता है कि क्या हम उस आजादी को समझ पाए हैं जिसके लिए हमारे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानी हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे, वो आजादी जिसके लिए आज भी हमारे वीर जवान सरहद पर तैनात हैं और हंसकर अपने सीने पर गोली खाकर भी वंदे मातरम्‌ का जयघोष करते हैं। या कि आजादी का पर्व हमारे लिए मात्र मजाक बन कर रह गया है? सवाल वाजिब होने के साथ-साथ लाजिमी भी है, जो इस पर सोचा जाए तो। लेकिन इस बारे सोचना भी जरूरी है। और आगे तक इस बारे टाला नहीं जा सकता। क्या ये वाकई आजादी ही है जहां हम अपने अधिकारों की मांग करते हुए ट्रेन, बस, इमारतों को जलाते हुए अपने देश के बारे में न सोचकर केवल और केवल इतना भर सोचते हैं कि मुझे बस, मेरे हक की लड़ाई में जीत मिलनी चाहिए, बल्कि हक से ज्यादा ही मिलनी चाहिए और वो भी सबसे पहले। उस हक की लड़ाई में भले ही मेरा देश हार जाए तो हार जाए। मुझे मेरा हक मिले, पर मुझसे कोई मेरे फर्ज की बात न करे। जहां सारे हक तो मेरे हों, पर जब देश के प्रति फर्ज की या कुछ करने की बात आए, तो उसे व्यवस्था का हवाला देकर सरकार या किसी और की तरफ घुमाया जा सके। अजीब लगता है जब हम अपने अधिकारों की बात कर कत्र्तव्यों को भूल जाते हैं। क्या हमने केवल अधिकारों के लिए आजादी पाई है? क्या केवल अपने अधिकारों की जंग लडना ही आजादी है? क्या हुआ अगर मेरे देश का आम नागरिक बिल्कुल हाशिए पर धकेल दिया गया है और उसकी हालत दिन पर दिन बद से बदतर होती जा रही है। ये मेरे आजाद देश का वो तबका है जिसकी वोट से लोग सत्ता के मजे लेते हुए उसे ही भूल जाते हैं क्योंकि वो और उसका वोट है भी तो इतना सस्ता कि जिसे कुछ झूठे प्रलोभनों, कुछ पैसों, कुछ कागजी स्कीमों और कई बार तो कुछ बोतलों में भी मजे से खरीदा जा सकता है। जिस लोकतंत्र में लोक मुखिया होना चाहिए, उसी लोकतंत्र में सरकार बनते ही लोक हाशिए पर चला जाता है, आखिर क्यों? कुछ अपवादों को छोड दें तो आज की राजनीति में जनता की सेवा की जगह जनता को लूटने ने ले ली है और अफसर अपनी बेलगाम अफसरशाही के अंधेरे कमरों में बंद हो रहे हैं। ऐसे में हम कहां हैं, देश कहां है और आजादी कहां? और ये जो देशभक्ति की बड़ी बड़ी बातें हो रही हैं, ऐसे में इनका अर्थ क्या रह जाता है? एक ओर जहां आम आदमी को उत्पीडन और अन्याय से बचाने के लिए बनाए गए पुलिस और न्याय मंदिरों से ही हो रहे उत्पीडन की खबरें गाहे बगाहे मीडिया की सुर्खियां बनती रहती हैं तो वहीं दूसरी ओर सरकारी दफ्तरों में फैला भ्रष्टाचार एक दर्दनाक प्यारा हादसा होकर रह गया है। ईमानदारी और कर्मठता के लिए मिलने वाले ईनाम पाने के लिए लगाई जाने वाली बेईमानी और भ्रष्टाचार की दौड़ भी पूरी तरह से हमारी व्यवस्था का हिस्सा बन गई है। रिश्तों में घुली मतलब की बयार आपसी संबंधों को आज कमजोर बना रही है। ऐसा भी नहीं है कि हमने इतने सालो में कुछ भी अच्छा नहीं किया। हम कई क्षेत्रों में विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं, हम अंतरिक्ष की यात्रा कर आए हैं। और ये सब हम देशवाशियों की दिन-रात की मेहनत, देश के प्रति कुछ कर गुजरने के जज्बे और कुशल नेतृत्व का ही कमाल है। परंतु हम इस बात को भी नजरअंदाज तो नहीं कर सकते कि पल-पल गरीब-अमीर के बीच खाई और चौड़ी होती जा रही है। हम लाख कोशिशों के बाद भी इस सत्य से मुंह नहीं मोड़ सकते कि जात-बिरादरी-धर्म-मतलबों, मजहबों में बंटे हुए समाज में रहना दिन-दिन दूभर होता जा रहा है। हम इसे भी अनदेखा नहीं कर सकते हैं कि भाषा, जाति, नस्ल और ऐसे ही अन्य मुद्दों पर धर्मनिरपेक्षता के नाम पर लड़ते रहें। किसी भी देश को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यकता होती है कंधे से कंधा मिला कर चलने की। संकीर्ण जातीय, सांप्रदायिक, लैंगिक, भाषायी मतभेदों और निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर आपस में मिलकर रहने की वैचारिक-राजनीतिक इच्छाशक्ति की। आपसी सद्भाव और प्यार की, देश के प्रति सच्चे लगाव की। सिर्फ कोरी जुबान से नहीं, अपितु मन की गहराइयों से इसकी माटी और भूमि को मां मानने और उसी मां के प्रति होने वाले लगाव, प्यार और चिंता के भाव की। देश को भी प्रगति और समृद्धि के पथ पर ले जाने के सपनों और संकल्पों की और उन सपनों और संकल्पों को पूरा करने के लिए हर तरह से समर्पित होने की।

आप का नजरीया

## तिनकों की दाढ़ी

**झुन्नू** लाल अपने आंगन में ज़ोर-ज़ोर से गा रहे थे, 'चोर की दाढ़ी रहती, तिनकों की भरमार। कुछ तो जिह्वा से झरें, कुछ पैरों की मार।' अपने कौतुहल को रोक पाने में असमर्थ रहने पर मैं अपनी छत से उतर कर उनके घर जा पहुंचा। मुझे देखते ही वह चहकते हुए बोले, 'आओ महारथी! तुम्हारा ही इंतज़ार था। मैं बोला कि मैंने तो चोर की दाढ़ी में तिनका ही सुना था। पर आप चोर की दाढ़ी में तिनकों की भरमार बता रहे हैं। मामला क्या है?' वह हंसते हुए बोले, 'अब इस दोहे को भी बदलने का समय आ गया है। अब दाढ़ी में तिनकों की भरमार नहीं। लोगों की दाढ़ी ही तिनकों वाली हो गई है। उनका अंग-अंग तिनकों से भरा रहता है। अगर ऐसा नहीं होता तो भारत का खेल मंत्री संसद में बिना पूछे ही वजन के कारण महिला कुश्ती के फाइनल में अयोग्य ठहराई गई विनेश फोगाट के ऊपर सरकार द्वारा ख़र्च की गई राशि का ब्यौरा क्यों देता।' मैं बोला कि कमाल है अगर सरकार किसी खिलाड़ी के ऊपर ख़र्च करे तो क्या वह उसका एहसान भी न जतलाए। झुन्नू लाल तमकते हुए बोले, 'किसी मंत्री या प्रधान सेवक के बाप का पैसा है। टैक्स पेयर का पैसा है। हम जो अपनी तनख्वाह का क़रीब पचपन परसेंट टैक्स भर रहे हैं, उसी के बल पर यह सभी माननीय ऐश कर रहे हैं। कभी किसी मंत्री ने संसद में बताया कि सरकारी ख़र्चे पर जो चुनावी रैलियां आयोजित होती हैं, उस पर कितना ख़र्च आता है या खेल मंत्री ने संसद में बताया कि गुजरात से जो दो सूरमा ओलिम्पक्स से ख़ाली हाथ बजाते हुए वापिस लौटे, उन पर सरकार के कितना ख़र्च किया। तुम एहसान की बात करते हो। तुम्हारे प्रधान सेवक ने गुजरात के अपने दोनों खिलाडयों को ओलिम्पक्स में जाने से पहले ही कहा था कि तुम दोनों खेल भावना से खेलना। सोना लाने की चिंता मत करना। सोने के लिए हम जो हैं। पिछले दस सालों से देश की समस्याओं पर चद्दर तान कर सो ही तो रहे हैं। बस तुम तो यह ख्याल रखना कि तुम्हारे जीतने से किसी दूसरे देश के खिलाड़ी की भावनाएं आहत न हों। जब अपने देश में कोई खेलने आए तो अतिथि देवो भवः का ध्यान रखना और कहीं बाहर खेलो तो किसी मेजबान का दिल मत दुखाना। हमारे लिए हार-जीत मायने नहीं रखती। खेल मायने रखता है। लेकिन खेल वही, जो हम खेलते हैं। जहां खेल भी हमारा होता है और शर्तें भी हमारी। फिर चाहे संसद हो, चुनाव आयोग हो, संवैधानिक संस्थाएं या फिर आम जनता। सरकारों को गिराना हो या उनकी ख़रीद-ओ-फरोख़्त। खेल हमीं खेलते हैं। देखो हमारी पार्टी की सरकार में दूसरी पार्टियों के ख़रीदे हुए कितने नेता सांसद हैं। अगर वह न होते तो हम डेढ़ सौ तक भी नहीं पहुंचते। फिर हमारा चुनाव आयोग का खेल देखो। अगर हम चुनाव में नहीं खेलते तो आज पचास भी न होते। हमने खेल को खेल ही नहीं रखा। उसे कला का दरजा दिया है। गुजरात के दो खिलाडियों ने पूरे देश में तहलका मचा दिया है। अगर हमारे खिलाड़ी हमारी तरह खेलें तो हर ओलिम्पक्स के कम से कम आधे गोल्ड हमारे हों।

## डायरिया से मां बेटे की मौत, बड़ी बेटी गंभीर मगध मेडिकल कॉलेज भर्ती छोटी हंटरगंज में





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखण्ड के एनएच 99 पर ब्लॉक मोड़ स्थित नावाडीह में दूषित पानी के सेवन से मां बेटे की मौत,बड़ी बेटी गंभीर रूप से बीमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कालेज गया रेफर कर दिया गया है। जबकि छोटी बेटी का इलाज हंटरगंज हस्पताल में किया जा रहा है। मोती साव की 40 वर्षीय पत्नी विमला देवी इलाज के लिए शेरघाटी जाने के क्रम में ही दम तोड दी।शेरघाटी में डाक्टरों ने मृत घोषित कर वापस घर भेज दिया।वहीं पुत्र सूरज कुमार 10 वर्षीय रात्रि लग भाग चार बजे कुछ खाने को मांगा खाने पीने के बाद उसकी हालत खराब हो गई और देखते ही देखते उसके लिए कुछ किया जाता तब तक उसने भी दम तोड दिया।उसकी पुत्री नीलम देवी 24 वर्षीय की हालत खराब होते देख कर चिकत्सा पदाधिकारी डा वेद प्रकाश ने बेहतर उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से मगध मेडिकल कॉलेज गया भेज दिया है।मौत की खबर सुनकर स्थानीय सीओ सीता राम महतो,बीडीओ निखिल गौरव कामन कश्यप,थाना प्रभारी मनीष कुमार,मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव,जिला परिषद प्रतिनिधि बेचन पासवान,पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह,मुखिया बिरजू सिंह पहुंच कर घर वालों को संतौवना एवं ढाढस बंधाया है।मोती साव और पड़ोसी प्रवेज़ ने स्थानीय प्रशासन पर आरोप लगया है कि तीन दिन पूर्व वर्षा अधिक होने के कारण पूरा एलाका जल मगन हो गया है।पानी जमाव के कारण घर गिरने की भी सूचना दी गई।लेकिन प्रशासन की घोर ला परवाही के कारण अब तक पानी भरा हुआ हैऔर पानी दूषित हो गया है जिस के कारण उल्टी और दस्त हुआ और मां बेटे की जान चली गई है।वहीं गुड़िया कुमारी 10 वर्षीय पिता प्रवीण कुमार भी उल्टी और दस्त होने के कारण हॉस्पिटल में एडमिट बताया जा रहा है।ग्रामीणों ने इसे डायरिया कहा है वहीं डॉक्टर का कहना है कि वायरल बीमारी है।फिर भी एक ही घर के मां और बेटे की मौत और दो बेटी गंभीर रूप से बीमार कई प्रश्नों को जन्म दे रहा है। इतना ही नहीं आवेदन देने के उपरांत जांच में आए सीओ ने ग्रामीणों के समक्ष कहा की मौत होने के बाद ही प्रशासन एक्टिव होती है।जिस से ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है।पानी की निकासी पर अगर समय रहते उपाय नहीं निकाला गया तो कई और मौतें हो सकती है।

## चतरा में लगेगा एक और पवार प्लांट : मंत्री सत्यानंद भोक्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा जिला में एक और पावर प्लांट की स्थापना की जाएगी।एनटीपीसी टंडवा के बाद चतरा जिला में एक और पावर प्लांट लगाने की कवायत शुरू कर दी गई है। राज्य के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी है।राजद जिला कार्यकारणी समिति की बैठक जतराहीबाग स्थित मंत्री आवास पर हुई। इसकी अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता उपस्थिति थे। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री श्री भोक्ता ने कार्यकर्ताओं से गरीबों के मसीहा पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की अपील किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से झारखंड सरकार के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सामंजस्य स्थापित कर लाभ आमलोगों को दिलाने की अपील किया। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की मजबूती पर बल दिया। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि उनके नेतृत्व में चतरा जिले का चौहमुखी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि चतरा में जल्द ही 200 मेगावाट का पावर प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए एमओयू की प्रक्रिया चल रही है।

## पोलियो दिवस के अवसर में 125 बुथ पर पल्स पोलियो बूंद बच्चों की पिलाई गई



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार की सुबह बीडीओ अमरेन डांग, प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो, उपप्रमुख अभय मिंज द्वारा प्लस पोलियो दिवस के अवसर पर बच्चों पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके साथ ही बस स्टैंड महुआडांड़, बोहटा चौक, हामी चौक सहित 125 पोलियो बुथ पर बच्चों को पोलियो बूंद पिलाई गई। इस संबंध में डॉक्टर अमित ने बताया की तीन दिनों तक अभियान चलाकर घर-घर जाकर छूटे हुए हर बच्चे को स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सहिया बहनों द्वारा पोलियो की खुराक दी जाएगी।

## वज्रपात से एक मवेशी की मौत, परिवार में मातम

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शीशी पंचायत के ग्राम बारियातू जागीर निवासी तारकेश्वर सिंह के मवेशी की बज्रपात से मौत हो गई। यह घटना दिनांक 22 अगस्त 2024 दिन गुरुवार की है। तारकेश्वर ने बताया कि मुआवजे कि मांग करने हम कहां जाएं यह मुझे जानकारी नहीं थी। इसलिए मैं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को खबर किया था। परन्तु अभी तक कोई विभाग तथा जन-प्रतिनिधि सूध तक नहीं लिया है। आगे उन्होंने कहा कि मैं एक गरिब परिवार हुं और हमारा खेती एवं पशु के ही सहारे अपना जिविका चलता है और इस गाय की मृत्यु के बाद से मैं बुरी तरह से टूट गया हुं। उन्होंने अखबार के माध्यम से अपनी खबर को जिला प्रशासन तक पहुंचाना चाहते हैं ताकि उन्हें उचित मुआवजा मिल सके। यह बहुत दुखद घटना है कि बज्रपात से मवेशी की मौत हो गई और अभी तक किसी ने इसकी सुध नहीं ली। यह एक बड़ी चिंता का विषय है, खासकर ग्रामीण इलाकों में,जहाँ मवेशी किसानों की आजीविका का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं।

## घरों में पानी घुसने से ग्रामीण परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम अक्सी मैं घरों में पानी घुसने से ग्रामीण परेशान है। आलम यह है कि घर के अंदर की जमीन पूरी तरह दलदल हो चुकी है। जिसके कारण वहां रहने वाले ग्रामीण घर के कोनों में गड्ढा कर बाल्टियों से पानी घर के बाहर निकलने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है की पहाड़ों से उतरकर अपनी सीधा हमारे घरों एवं आसपास में जमा हो जाता है। जिसके निकासी के लिए किसी भी तरह का इंतजाम अभी तक नहीं किया गया है। ग्रामीण काजल प्रवीण बताती है की हम सभी 50 से भी अधिक वर्षो से यहां निवास कर रहे हैं। प्रत्येक वर्ष हमें इसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता है। मिट्टी से बना घर होने की वजह से पूरा घर कीचड़ में तब्दील हो चुका है। वही घर में रखा अनाज भी बर्बाद हो रहा है। कई बार पीएम आवास एवं अबुआ आवास के लिए आवेदन दिया गया है। लेकिन इसका भी लाभ हमें नहीं मिल पाया। ग्रामीण क्युमुद्दीन मियां का कहना है की पानी जमाव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे हमारे स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है, वहीं लंबे समय से जमा पानी हमारे घरों के अंदर तक अपना स्रोत बना चुका है, जिसके कारण एक छोटा गड्ढा करने पर जमीन के अंदर से पानी रिस कर गड्ढे में जमा होने लगता है। जिसके कारण हम ग्रामीण घर से बेघर हो चुके हैं। लंबे समय से इस तरह की परेशानी के कारण घर भी काफी क्षतिग्रस्त व कमजोर हो चुका है। अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए ग्राम अक्सी के ग्रामीण सायरा बीबी, हसरतुन बीबी, जमिला मिंज, नुसरत खातुन समेत अन्य ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से आवास योजना का लाभ दिलाने एवं नाली निर्माण करने की मांग की है।

## तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 2024 की हुई शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर अस्पताल परिसर में 25 अगस्त 2024 को सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, जिला आरसीएच पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान 2024 की शुरुआत की गई। मौके पर सिविल सर्जन द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि पोलियो से बचाव के उद्देश्य से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को आज से दिनांक 27 अगस्त 2024 तक पोलियो ड्राप पिलाया जाना है। आज प्रथम दिन जिले के सभी 997 बूथ एवं 1031 दल 130 पर्यवेक्षक तथा 32 ट्रांसिट दल द्वारा 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाई गई है। दिनांक 26 और 27 अगस्त को छूटे हुए बच्चों को स्वास्थ्य दल के द्वारा घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जाएंगी। मौके पर सिविल सर्जन द्वारा अपील किया गया कि खुराक पिलाने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरतें। ईमानदारी पूर्वक 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाएं। पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में बूथ बनाए गए हैं। जिलेवासी अपने 0से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा निश्चित रूप से पिलाए एवं दूसरे को भी प्रेरित करें। साथ ही साथ सभी दल को लगन के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस अभियान का नारा है ÷दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, कर्मी उपस्थित थे।

## फीता काट कर चिकित्सा प्रभारी ने किया पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चिकित्सा पदाधिकारी ड्राक्टर सुदीप कुमार ने रविवार को दीप प्रज्वलित कर टंडवा क्षेत्र में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने टंडवा अस्पताल परिसर में बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड्राक्टर सुदीप कुमार ने पोलियो की खुराक पिलाने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही ना बरतने की अपील की। उन्होने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से कहा है कि सभी लोग ईमानदारी पूर्वक कार्य करते हुए शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक अवश्य पिलाए। साथ ही कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए टंडवा प्रखंड क्षेत्रों में 113 बूथ बनाये गये हैं। जिसमें 26598 वैक्सीनेटर पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य हैं। अभियान के पहले दिन बूथों पर शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को खुराक पिलाई जा रही है। वहीं 26 व 27 अगस्त को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। बताया गया जिला स्तर के पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियान की निगरानी करेंगे। इस बार पंचायत से प्रखंड और जिला स्तर से अभियान के सफल आयोजन को लेकर मॉनिटरिंग की जा रही है। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर टंडवा क्षेत्र में पर्यवेक्षण के लिए 27 सुपरवाइजर को प्रतिनियुक्त किया गया है। साथ ही 468 स्वास्थ्य कर्मी इस अभियान में लगाए गए हैं। मौके पर डॉ गीतांजल, डॉक्टर जयनारायण, बीपीएम उदय तिवारी,बीएएम सनिलाल विद्यार्थी, सुरेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार अरुण सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## लातेहार में विशेष समिति की बैठकः पाइपलाइन बिछाने और सड़क मरम्मत पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राज्य में पाइपलाइन बिछाने और सीवरेज ड्रेनेज के काम के दौरान सड़कों की खुदाई के बाद पुनर्निर्माण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए विशेष समिति संयोजक प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण ने लातेहार का दौरा किया। समिति की स्थल अध्ययन यात्रा के दौरान सर्किट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह ने समिति के सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें पूर्व मंत्री मथुरा महतो समेत अन्य महत्वपूर्ण व्यक्ति शामिल थे। बैठक में पाइपलाइन बिछाने और सीवरेज ड्रेनेज के कार्यों से संबंधित सड़कों की खुदाई और मरम्मत की प्रक्रियाओं पर विचार-विमर्श किया गया। समिति ने सड़कों की स्थिति की समीक्षा की और संबंधित एजेंसियों को कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा के पालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## चेरो समाज में एकजुटता को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह बाजार स्थित समुदायिक भवन मे रविवार को राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासभा की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता लातेहार जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने की।इस दौरान बैठक में विचार विमर्श करते हुए कहा गया कि हमारा चेरो समाज हर क्षेत्र मे पीछले पायदान पर खड़ी है चेरो समाज को एक जुट होकर आगे बढ़ने की जरूरत है। बैठक में समाज को संगठित करने और चहुंमुखी विकास करने पर जोर देने की बात कही गई । ऐसे में चेरो समाज को संगठित करने व हर मामले में मजबूत करने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पूर्व मुखिया हुलास कुमार सिंह, उपाध्यक्ष ईश्वर दयाल सिंह, सचिव ईश्वरी सिंह,उप सचिव राजेश सिंह, कोषाध्यक्ष दुखन सिंह,उप कोषाध्यक्ष अशोक सिंह मीडिया प्रभारी संतोष कुमार सिंह को चुना गया है। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि चेरो समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़कर विकास की लकीरें खिंचने होंगे।मौके पर प्रेम सिंह, विजय बहादुर सिंह, मुखिया कालो देवी, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, मुखिया आशीष कुमार सिंह, बलराम सिंह, देवराज सिंह, मनोज सिंह चेरो, चंद्रशेखर सिंह, मुखिया बुधेश्वर सिंह, जीबोध सिंह, राम प्रवेश सिंह, कृष्णा सिंह, बीरेंद्र सिंह राणा प्रताप सिंह दुखन सिंह अशोक कुमार सिंह मनिका, बिना सिंह चेरो लातेहार, समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## नवयुवक संघ अमडीहा द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को प्रखंड अंतर्गत पंचायत मंगरा के अमडीहा में नवयुवक संघ अमडीहा द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में यूथ कांग्रेस प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह व ग्राम प्रधान सोहराई सिंह ने संयुक्त रूप फीता काट कर मैच का शुभारंभ किया। मौके पर बहादुर सिंह ने कहा कि फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्रों से छिपी हुई प्रतिभाओं को उभारने का प्रयास किया जाता है। कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक क्षमता का विकास होता है,खेल को हमेशा खेल की भावना से प्रेरित होने व अपनी प्रतिभा का मुजाहिरा करने में आगे आने की जरूरत है। मौके पर चंद्रशेखर सिंह, बलराम सिंह,दुखन सिंह, देवराज सिंह, कुलेश्वर सिंह संजय सिंह, जीबोध सिंह, पंकज पासवान, महेंद्र सिंह समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

## सड़क में नली या नली में सड़क, यह हाल मूसा मेमोरियल स्कूल के करीब वार्ड नंबर 15/14 का है



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के मोहल्लों में इन दिनों सड़क पर नली के पानी या नली के पानी सड़क पर है। कोई एक मुहल्ले हो तो बता दें ।फिलहाल बताता चलूं कि चतरा शहर के बीड़ अंसार नगर मूसा मेमोरियल स्कूल के करीब वार्ड नंबर 14/15 में पीसीसी सड़क का तो खस्ता हाल है वहीं पीसीसी सड़क पर नली का पानी हमेशा झरना के तरह बहता रहता है। नली का पानी पीसीसी सड़क पर बहने से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। आपको बता दें कि इस तरह की समस्या केवल एक मुहल्ले का नहीं है इस तरह का समस्या लगभग सभी गलियों का है। जहां नली का पानी पीसीसी सड़क पर या पीसीसी सड़क नली में है। चुकी मुहल्ले में नालियां तो बना दी गई है । परंतु उसकी सफाई नगर परिषद से ना के बराबर है। और तो और मूसा मेमोरियल के पास नाली निर्माण तक नहीं की गई है। वैसे में पीसीसी सड़क पर नाली का पानी बहना लाजमी है। हालांकि शहर वासियों को विभिन्न तरह का टैक्स भरना पड़ता है परंतु टैक्स तो लिया जाता है।लेकिन उस अनुपात में शहरी विकास पर खर्च नहीं किया जाता है।

## महाजन्माष्मी पूजा आज, तैयारी पुरी, तीन दिनो तक होगा रंगारंग कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रखंड के हाई स्कूल के मैदान में कल सोमवार को महाजन्मष्टामी पूजा का आयोजन किया गया है।जिसकी तैयारी समिति के पदाधिकारियो व सदस्यो के द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है ।इसको लेकर पुरे हाई स्कूल के मैदान मे पंडाल लगाया गया है तथा सजाया जा रहा है।वही मैदान के चारो ओर मीना बाजार लगाया गया है ।जो दूर दराज के लोगो के लिए आकर्षण का केन्द्र होगा।इस संबंध मे पूजा समिति के अध्यक्ष उदय यदुवंशी, कोषाध्यक्ष विजय यादव सचिव प्रदीप यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रतापपुर मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बडे ही धूमधाम,हर्षोल्लास के साथ मनायी जा रही है। 26 अगस्त की संध्या मे प्रखंड के महिलाओ ,पुरूषो, युवक व युवतियो के द्वारा डांडिया कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम मे बेहतर प्रदर्शन करने वालो को कमिटी के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। वही रात्रि को भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 27 अगस्त को स्कूली छात्राओ के द्वारा दही हांडी कार्यक्रम कराया जाएगा। तथा प्रसाद वितरण होगा। तथा रात्रि मे प्रसिद्ध कालाकारो के द्वारा दो गोला का कार्यक्रम कराया गया है जहां इस कार्यक्रम के द्वारा लोगो को मनोरंजित किया जाएगा । तथा 28 अगस्त को सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया है ।इस कार्यक्रम मे भोजपुरी दुनिया के स्टार प्रमोद प्रेमी और भोजपुरी एवं मगही स्टार खुशी ककर के द्वारा कार्यक्रम मे आने वाले लाखो लोगो को अपने आदाओ, संगीत, नृत्य, रिकार्डिंग नृत्य के द्वारा मनमोहित करेंगे।इस कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता के द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। आगे बताया कि प्रखंड एवं दूर दराज के लोग प्रतापपुर हाई स्कूल के मैदान मे आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम को जरूर देखे तथा शांति बनाये रखे।अशांति फैलाने वाले लोगो पर प्रशासन एवं कमिटी के लोग कडी नजर रखेंगे। कार्यक्रम को पुरी तरह सफल बनाने मे कोषाध्यक्ष विजय यादव, सचिव प्रदीप यादव, राजेश यादव, रोहित यादव, विशाल यादव, मनिष यादव, कल्याण यादव, सहेन्द्र, नरेश यादव पुजारी, पवन यादव का सराहनीय योगदान है। वही मुख्य सलाहकार खेदु यादव, सन्मुख यादव, नागेन्द्र यादव, सुर्यदेव यादव के द्वारा कमिटी के सदस्यो को हर संभव सलाह दिया जा रहा है।

## विधायक व जिप उपाध्यक्ष ने फुटबॉल टूर्नामेंट का फिता काटकर किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहर लाल फुटबॉल मैदान में सरदार वल्लभ भाई पटेल टूर्नामेंट का आयोजन यूनाइटेड क्लब गिद्धौर के तहत किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन विधायक किशुन कुमार दास,जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, मुखिया निर्मला देवी,उज्ज्वल दास,भाजपा पार्टी जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, 20 सुत्री प्रखंड़ अध्यक्ष बिनोद पासवान समेत अन्य ने संयुक्त रूप से सरदार वल्वभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पअर्पित कर, फिताकाटकर व कीक मारकर किया।फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुवात राष्ट्रीय गाण के साथ हुआ। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। विधायक किशुन कुमार दास, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी ने संबोधित करते हुए खिलाड़ियों का हौसला अफजाही किया।श्री तिवारी ने कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें।खेल मनुष्य के जीवन का एक अहम हिस्सा है।सरदार वल्वभ भाई पटेल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच हज़ारीबाग़ जिला के डांटों मिशन बनाम चतरा जिला सिमरीया बगरा टीम के बीच खेला जा रहा है।कार्यक्रम यूनाइटेड क्लब अध्यक्ष सह मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार की अध्यक्षता में व संचालन यूनाइटेड क्लब के सचिव सह प्रखंड़ महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में सतेंद्र कुमार दांगी, सुनील राणा, महादेव दांगी, बसन्त सिंह, अजय कुमार सिंह, देवनारायण दांगी, यदुनंदन पांडेय समेत कई मौजूद थे। फोटो फिता काटकर उद्घाटन करते, किक मारते, सरदार वल्वभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते

## पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ऐसोसिएशन, चतरा का मासिक बैठक सम्पन्न



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बेसिक स्कूल में पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ऐसोसिएशन, चतरा का मासिक बैठक किया गया। बैठक में चतरा जिला सैनिक/पूर्व सैनिक जो रामगढ़ कैंटीन जाते थे उनके लिए अच्छा हो गया कि हजारीबाग में कैंटीन खुल गया जिसे चतरा के पूर्व सैनिक के लिए आसान हो गया ।बैठक में निर्णय लिया गया कि महीने के लास्ट चौथा रविवार को अगला बैठक 22 सितंबर को इसी स्थान किया जाएगा। चतरा जिला के सभी सदस्यों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज करें। मौके पर चतरा जिला अध्यक्ष मोहन कुमार शाह, कोषाध्यक्ष उपकार सिंह, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष किशुन राम, उपाध्यक्ष अमृत साव एक्स मैन नरेश प्रसाद , एक्स मैन प्रेम चंद शामिल थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# सांसद खेल महोत्सव - 2024 के नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयेजन को लेकर कटकमदाग के खेलप्रेमियों का हुआ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2024 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर रविवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के सभी 13 पंचायतों के भाजपा कार्यकर्ताओं और खेल प्रेमियों का एक अतिमहत्वपूर्ण बैठक सांसद सेवा कार्यालय परिसर में कटकमदाग प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष शहुलास कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए और टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर विशेष रणनीति बनाई और चर्चा- परिचर्चा किया साथ ही नमो फुटबॉल टूर्नामेंट संचालन समिति का भी गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, तुलसी प्रसाद कुशवाहा और विकास यादव, सचिव अरुण कुमार राणा, कोषाध्यक्ष दीपक पंडित और प्रवेशकर्ता के रूप में अभिषेक कुमार यादव और सुनील मालाकार को चुना गया ।मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र से ही साल 2016 से हुई है और पिछले साल तक यह हजारीबाग और रामगढ़ जिले के कई प्रखंडों तक पंहुचा था। वर्तमान वर्ष इसका आयोजन संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में करने का निर्णय हमने लिया है और इसका आगाज रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड से हो चुका है। उन्होंने कहा की कटकमदाग प्रखंड के कटकमदाग फुटबॉल मैदान में आगामी 08 सितंबर से इस टूर्नामेंट का विधिवत् आगाज होगा और 15 सितंबर को समापन होगा। समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा की नमो फुटबॉल टूर्नामेंट हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से निकलकर अब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बीच लोकप्रिय फुटबॉल टूर्नामेंट होने जा रहा है ।

**मौके पर बैठक में विशेषरूप से**

कटकमदाग भाजपा मंडल अध्यक्ष हुलास प्रसाद कुशवाहा, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष इन्द्रनारायण कुशवाहा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य के.पी. ओझा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, महामंत्री अरुण कुमार राणा, भाजयुमो जिला महामंत्री आशीष गुप्ता, उपाध्यक्ष कमल कुमार साहू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष तुलसी प्रसाद कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि सुनील गोप, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, विकास यादव, सुरेंद्र गुप्ता, अरुण महतो,संजय राणा, पियूष राणा, सुनील मालाकार, राजेंद्र यादव, राजकुमार राम, गणेश प्रसाद, दीपक पंडित, लखन गोप सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव में विधायक अंबा प्रसाद ने तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पोलियो उन्मूलन को लेकर बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। विधायक को स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक ने स्वयं बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर लोगों को जागरूक किया। मौके पर अंबा प्रसाद ने 5 साल तक के उम्र के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की है। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि पल्स पोलियो का ड्रॉप 0 से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाया जाना है। 25 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंप लगाया गया है इसके अलावा प्रखंड में 111 बुथों में पल्स पोलियो को खुराक बच्चों को दिया गया। वहीं 26 और 27 अगस्त को घर-घर जाकर पल्स पोलियो का ड्रॉप पिलाना है। आगे उन्होंने बताया कि पूरे बड़कागांव में 27008 बच्चों को पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं इस कार्य की मॉनिटरिंग करने के लिए पूरे बड़कागांव प्रखंड में 28 सुपरवाइजर व 457 वैक्सीनेटर लगाए गए हैं। मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार, वरिष्ठ कांग्रेसी विशेश्वर नाथ चौबे, बीपीएम नवीन कुमार, अशोक कुमार, संजय कुमार, सहेश कुमार, सुभाष बैठा, एनएम गीता कुमारी, नीलम तिर्की, रंजू कुमारी, सहिया आरती देवी, प्रिय कुमारी, पानो देवी, उगनी देवी के अलावा दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

## बच्चों को प्लस पोलियो की खुराक पीला कर किया अभियान की शुरुआत




**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान रविवार को शुरू किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएस डॉ सरयू प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी सह डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी, डीआरसीएचओ डॉ कपिल मुनि, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विधायक विस प्रतिनिधि छठु गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने बच्चों को दो बूंद पोलियो की खुराक पिलाकर कर किया। इस दौरान अस्पताल प्रभारी डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल अंतर्गत 37,112 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसमें 80 प्रतिशत से अधिक बच्चों को प्रथम दिन रविवार को ही खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए 200 बूथ, सब डिपो 02, सुपरवाईजर 36, वैक्सीनेटर 491, ट्रांजिट टीम 15 व मेडिकल टीम में 09 चिकित्सक रहेगें। बरसोत और पदमा को दो सब डीपो बनाया गया। डॉ ज्ञानी ने लोगों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा में कोई चुक न होने दे। अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक अवश्य पिलाएं। मौके पर लिपिक पंकज कुमार आजाद,बीपीएम नारायण राम, अकाउंट मैनेजर प्रमोद श्रीवास्तव, मलेरिया निरीक्षक मो.इरशाद, दीपक कुमार, कुलदीप कुमार, अमित विश्वकर्मा, जावेद अख्तर,अब्दुल अंसारी, मो शमसाद, सुनील कुमार, मो.टीपू आदि उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं संग सुना मन की बात का 113वां एपिसोड



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्व विधायक मनोज यादव ने रविवार को होटल हाइवे इन में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात का 113वां एपिसोड ध्यान पूर्वक सुना और उनके दिए संदेश को आपस में चर्चा की। इस मौके पर भाजपा के कई प्रमुख नेता सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के नागरिकों से संवाद स्थापित करने और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने की उनकी कोशिश की संवाद सुन रहे लोगों ने सराहना की। संवाद में देश के विकास, युवाओं के भविष्य और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर पीएम ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज यादव ने प्रधानमंत्री के विचारों को समर्थन देते हुए कहा कि मन की बात न केवल भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए बल्कि आम नागरिकों के लिए भी प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के अंत में, सभी ने पार्टी के भविष्य की रणनीतियों और कार्यों पर भी चर्चा की। इस तरह के सामूहिक कार्यक्रम से न केवल पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होता है, बल्कि स्थानीय स्तर पर संगठन की मजबूती भी बढ़ती है, मन की बात संवाद कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष पश्चिमी भगवान केशरी, मण्डल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र रजक, संतोष निषाद और अनुज अंबेडकर शामिल थे।

## बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में माले संगोष्ठी का आयोजन



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** प्रखंड के बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में 25 अगस्त दिन रविवार को भाकपा माले वा मार्क्सवादी समन्वय समिति कि संयुक्त बैठक टाटीझरिया बाबा बालक नाथ मन्दिर परिसर में आयोजित किया गया । जिसमे 9 सितम्बर को धनबाद में होने वाली रैली और आगामी विधान सभा के विधायिकी चुनाव सफल बनाने को लेकर संगोष्ठी किया गया । बैठक के दौरान कॉम प्रखण्ड अध्यक्ष मालती देवी, मासस ,के जिला सचिव आरडी मांझी ,उपेंद्र राणा, महेंद्र कुमार पासवान ,रामवृक्ष ठाकुर ,शीला देवी, कांग्रेस के सूर्यकांत प्रजापति शीला देवी ,शाहिद अंसारी विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष जानकी शर्मा ,संतोष ठाकुर, सुनील कुमार सूर्यदेव मांझी, दुलारचंद, संजय कुमार, पप्पू कुमार ,संदीप कुमार माले के जिला सचिव पाचू राणा समेत अन्य कई लोग मौजूद थे ।

## अवैध बालू कारोबारियों पर चला प्रशासन का चाबुक



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनजीटी लागू होने व प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद भी केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में बालू का अवैध खनन और परिवहन थम नहीं रहा है! इस पर केरेडारी अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने 25 अगस्त को बालू के अवैध परिवहन कार्य में शामिल एक ट्रैक्टर को पकड़ा है! उक्त ट्रैक्टर पर लगभग सौ सी एफटी अवैध बालू लोड पाया गया है! इस संदर्भ में अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने केरेडारी थाना में लिखित आवेदन देकर करवाई की बात कही है! सीओ द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि चट्टी बरियातू बजार रोड से 25 अगस्त को 3 बजे दिन लगभग सौ सीएफटी बालू लोड ट्रैक्टर को परिवहन करते पकड़ा गया है! उक्त ट्रैक्टर के चालक से बालू परिवहन करने का वैध कागजात की मांग करने पर चालक ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गया! तत्पश्चात उक्त ट्रैक्टर जिसका इंजन नंबर ई 3742455 मेक इसकोर्ट लिमिटेड चेसिस नंबर टी 053655195 को जब्त कर केरेडारी थाना परिसर लाकर सुरक्षित रखा गया है तथा बालू लोड ट्रैक्टर पर खनिज कर परिवहन और व्यापार करने के आरोप में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है!

# युवाओं एवं विद्यार्थियो में बढ़ती नशे की लत चिंता का विषय, सामूहिक सहभागिता जरूरी : मनोज यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की ओर से रविवार को स्वामी विवेकानन्द पुस्तकालय सह वाचनालय में युवाओं एवं विद्यार्थियों में बढ़ती नशे की लत से मुक्ति दिलाने विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुस्तकालय के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ संजय वर्णवाल एवं संचालन स्वामी विवेकानन्द पुस्तकालय के सचिव कृष्णा प्रजापति ने किया। बतौर मुख्य अतिथि स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के अध्यक्ष पूर्व मंत्री मनोज कुमार यादव, पुस्तकालय के उपध्यक्ष महेंद्र कुमार दुबे, डॉ संगीता चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित केशरी, रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, प्रो डॉ सुनील कुमार दत्त, रामचंद्र पांडेय मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर किया गया। तत्पश्चात आगंतुक वक्ताओं ने बारी बारी से युवाओं एवं विद्यार्थियों में बढ़ती नशे की लत एवं उससे होने वाले दुष्प्रभाव की चर्चा की। सभी ने एक स्वर से माना की बरही चौपारण में नशा का कारोबार बढ़ रहा है । जिससे युवा पीढ़ी, बच्चे उसकी लत में फंसते जा रहे है। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने कहा की बरही विधान सभा में बच्चे नशा के गिरफ्त में फंसते जा रहे हैं। दुर्भाग्य है की जिनके जिम्मे नशा को रोकना होता है वहीं उस कारोबार का संरक्षक बन बैठा होता। नशा के कारण लोग अश्लील हो रहे है और अपराध की ओर रुख कर कर रहे है। इससे बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा की नशा मुक्ति अभियान चरण बद्ध चलाना होगा। प्रशासन से समन्वय स्थापित कर नशा के विरुद्ध अभियान चलाने की जरूरत है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय की ओर से जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसमे नशा का कारोबार पर रोक लगाने की मांग की जाएगी। विचार गोष्ठी में डॉ संजय वर्णवाल, डॉ संगीता चौधरी, संजय दूबे, मनोज घोष, देवधारी प्रजापति, रमेश ठाकुर, अमित केशरी,रामचंद्र पांडेय, डॉ सुनील कुमार दत्त, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, नितेश कुमार, सुधीर चंद्रा, शशि शेखर ने अपना अपना राय विचार रखते हुए सुझाव दिया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ,विवेकानंद पुस्तकालय के कार्यकारी अध्यक्ष संजय वर्णवाल,सचिव कृष्णा प् भाजपा पूर्वी मण्डल अध्यक्ष विजय यादव ,पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष भगवान केशरी उपाध्यक्ष डॉक्टर संगीता चौधरी ,उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद दुबे ,मुखिया नारायण यादव ,राजन यादव ,बलराम केशरी ,अमित सिंह ,वरिष्ठ पत्र कार शशि शेखर ,अजय ठाकुर ,समाज सेवी रोहित जैन सहित कई अन्य उपस्थित थे ।

# संजय सिंह ने बुके देकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मईयां समान योजना उद्घाटन के हजारीबाग आगमन पर बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान संजय सिंह ने हेमंत सोरेन के पास संगठन से संबंधित महत्वपूर्ण बातें साझा किया। मौके पर संजय सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन के प्रति ग्रामीणों का विश्वास बढ़ा है, आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा बेहतर प्रदर्शन करेगी और पुणः एक बार फिर हेमंत सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे ।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 150 कारीगरों को सहायता, हजारीबाग में आयोजित हुआ कार्यक्रम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 150 कारीगरों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से हजारीबाग के प्रोवेस रिज़ॉर्ट एंड बैंक्केट में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शेफाली गुप्ता ने योजना के महत्व और इसके द्वारा लाभार्थियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत में शेफाली गुप्ता ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का परिचय देते हुए कहा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू की गई यह योजना पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना का उद्देश्य कारीगरों को आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान करना है, जिससे वे अपने व्यवसाय को सशक्त बना सकें और बाजार में उचित मूल्य प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हजारीबाग में 150 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ पहुंचाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इन लाभार्थियों में बुनकर, लोहार, मोची, बढ़ई, और अन्य परंपरागत कामगार शामिल हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ने न केवल इन कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी सुधार किया है। कार्यक्रम के दौरान शेफाली गुप्ता ने योजना के विभिन्न लाभों का उल्लेख किया, जिसमें आर्थिक सहायता, तकनीकी प्रशिक्षण, बाजार तक पहुँच, स्वावलंबन, और बीमा व पेंशन योजनाएँ शामिल हैं। उन्होंने कहा, कार्यक्रम के दौरान उपस्थित 150 लाभार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ने उनके जीवन में किस प्रकार बदलाव लाए हैं। एक लाभार्थी ने कहा, इस योजना से हमें न केवल वित्तीय सहायता मिली है, बल्कि हमारी कला को भी नया जीवन मिला है। अब हम अपने व्यवसाय को और भी बड़े पैमाने पर संचालित कर पा रहे हैं। मंच पर रानी जी, अशोक शुक्ला, ओमप्रकाश ने भी अपने विचार साझा किए, जबकि कार्यक्रम का संचालन विशाल वाल्मीकि द्वारा किया गया। मौके पर आशीष सिंह, रंजीत, अजीत, नवीन, मनोज, राहुल, मोनू और रोहित जैसे गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शेफाली गुप्ता के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के महत्व को समझने और इसका पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस योजना के माध्यम से कारीगरों और शिल्पकारों की समस्याओं को समझा और उन्हें हल करने के लिए ठोस पहल की।

## डॉ अनुकृति ने पहली प्रयास में की नीट पीजी परीक्षा में सफलता हासिल कर बड़कागांव क्षेत्र को गौरान्वित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत हरली गांव के एक साधारण और किसान परिवार में जन्मी अनुकृति मेहता ने पहली प्रयास में नीट पीजी में सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र को गौरान्वित किया है। जिसको लेकर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, प्रबुद्धजनों के साथ साथ सैकडों लोगों ने बधाई दी है। अनुकृति मेहता ने बताया कि हर सफलता के पीछे मेरे दादा स्व.मूंगा महतो, दादी स्व. दीपनी देवी का आशीर्वाद व मेरी माता सुशीला देवी, पिता कार्तिक महतो, बड़े पापा केदार महतो के साथ साथ परिजनों एवम पड़ोसियों के सराहनीय सहयोग रहा है। वही अनुकृति के पिता कार्तिक महतो व माता सुशीला देवी ने कहा कि अनु का शुरू से ही पढ़ाई में विशेष रुचि है। कठोर परिश्रम के परिणाम स्वरूप मैट्रिक से लेकर नीट पीजी तक अव्वल स्थान लाकर सफलता हासिल की है। अनुकृति मैट्रिक में 10 सीजीपीए, इंटर 90 प्रतिशत, नीट 2017 पहला प्रयास के बाद रिम्स रांची सर्जरी गोल्ड मेडलिस्ट, के साथ साथ नीट पीजी 2024 में सफलता हासिल की है। जिसको लेकर परिवार के साथ साथ पूरे क्षेत्र के लोगों द्वारा बधाइयां दी जा रही है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से विधायक अम्बा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, झारखण्ड पराधिकार परिवहन सदस्य संजीव कु बेदिया, समाजसेवी अमर शहिद जगदेव विचार मंच अध्यक्ष उमेश दांगी, अनिता कुमारी कुशवाहा, केंद्रीय कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहन लाल मेहता, अखिल भारतीय तेली समाज अध्यक्ष जगतनन्दन गुप्ता, प्रमुख फुलवा देवी, जीप सदस्य सुनीता देवी, गीता देवी, याशमीन निशा, बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, समाजसेवी गोपीनाथ सिंह, महेंद्र नाथ पांडेय, बड़कागांव मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पारसनाथ महतो , मुखिया कविता देवी, पंसस कोशिला देवी, पूर्व मुखिया भीखन महतो सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सोमवार को हजारीबाग आऐंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दिनांक 26 अगस्त दिन सोमवार को अपराह्न तीन बजे टाउन हॉल नगर भवन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय केशव महतो कमलेश हजारीबाग आऐंगे । उनके आगमन होने पर टाउन हॉल के अतिरिक्त शहर के क्षितिज हॉस्पिटल स्थित कांग्रेसियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा । इसके पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष शहर लगे शहीदों में नीलाम्बर-पिताम्बर, सिद्धू-कान्हू, बिरसा मुंडा, डॉ. भीमराव आम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे । उक्त कार्यक्रम की जानकारी जिला के प्रवक्ता निसार खान ने दी ।

# आजसू पार्टी प्रखंड कमिटी बड़कागांव का महत्वपूर्ण बैठक संपन्न, सितंबर माह में होगा विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के गुरु चट्टी स्थित आजसू पार्टी के प्रखण्ड आवासीय कार्यालय मे आजसू पार्टी बड़कागाँव प्रखंड कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा व संचालन प्रखण्ड सचिव मनोज दांगी ने किया। बैठक में बड़कागांव प्रखंड के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और आगामी 2024 विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बड़कागांव विधानसभा में बदलाव के लिए पूरा जनता व्याकुल है। पिछले 15 सालों से एक ही परिवार के राज होने के बावजूद भी विधानसभा क्षेत्र में कोई ऐसा बड़ा कार्य नहीं हुआ जिसे हम अपने राज्य से लेकर देश स्तर तक बता सके की विधानसभा क्षेत्र में इतनी बड़ी योजना आई है। सिर्फ और सिर्फ यहां के युवाओं को ठगने का काम किया गया है। आगे उन्होंने सभी विधानसभा वासियों से अपील करते हुए कहा कि बस सिर्फ आप एक मौका मुझे दिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जो पिछले 15 सालों में बड़कागांव में नहीं हुआ वह अगले 5 साल में मैं करके दिखाऊंगा। क्योंकि हमारा और हमारे बड़कागांव विधानसभा के कार्यकर्ताओं का सिर्फ और सिर्फ एक ही मकसद है बड़कागांव का संपूर्ण विकास। बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया सितंबर महीना में बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन होगा। इसके साथ-साथ सभी पंचायत में कार्यकर्ताओं के द्वारा पदयात्रा निकालकर हर एक गांव के एक-एक गली मोहल्ले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो और बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी के विकासशील सोच को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव अनिकेत नायक, नागेश्वर तुरी, केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाह, उपेंद्र प्रसाद, सुरेश गिरी, शंकर मिश्रा, गौरेंद्र प्रसाद, संजय कुशवाहा,घनश्याम मेहता, चंदन सिंह, रामचंद्र साव, रिंकी देवी, संगीता कुमारी, रीना कुमारी, तपेश्वर तापस ,पप्पू प्रसाद ,नारायण प्रसाद ,सुरेश कुशवाहा ,रंजीत महतो ,नवलेश यादव ,मोहम्मद अजहर ,आसिफ राजा ,मोहसिन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आईलैक्स स्कूल में अंतर सदनीय राधा कृष्ण रूप सज्जा वा समूह नृत्य का आयोजन संपन्न

- ▶ भगवान कृष्ण अच्छाई और बुराई के बीच सेतु के प्रतीक : शैलेश कुमार
- ▶ आध्यात्मिक ज्ञान के बिना पुस्तकीय ज्ञान अधूरा है : सुषमा भारती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के पंचमाधव आईलैक्स पब्लिक स्कूल सहित अन्य ब्रांच में राधा कृष्ण रूप सजा एवं समूह नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा एलकेजी यूकेजी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिन्हें अलग-अलग समूह में बांटा गया प्रथम समूह में एलजी एवं दूसरी समूह में यूकेजी के नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं ने भाग लिया,बालक कृष्ण का रूप धारण कर वहां उपस्थित सभी का मनमोह लिया, वहीं दूसरी समूह कक्षा यूकेजी के बच्चों को शामिल किया गया, जिन्होंने राधा कृष्ण बनकर मनमोहक एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का ध्यान स्कूल के स्वर्णांगीन विकास की ओर खींचा, छात्रों द्वारा प्रस्तुत दही हांडी ने कृष्ण जन्मउत्सव की भव्यता में चार चांद लगा दिया, इन बच्चों की नृत्य प्रस्तुतीकरण से प्रेम की भूमि वृंदावन की याद आने लगी, तथा वहां उपस्थित सभी लोगों ने बच्चों की प्रतिभा को देखकर भूरी भूरी प्रशंसा करने लगे, स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार ने इस जन्माष्टमी के अवसर पर सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा कहा कि आध्यात्मिक के विकास से ही बच्चों के अंदर स्वर्णगीन विकास संभव है, क्योंकि आध्यात्मिक ज्ञान के बिना पुस्तकीय ज्ञान अधूरा है, वही स्कूल की मैनेजर सुषमा भारती ने कहा कि प्रेम के प्रतीक भगवान कृष्ण को अच्छाई और बुराई के बीच सेतु बताते हुए कहा कि ना अच्छा समय रहता है, और ना ही बुरा, तो हर व्यक्ति को प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपना कर्म करते रहना चाहिए, यह कार्यक्रम स्कूल की मैनेजर सुषमा भारती की देखरेख में संपन्न हुआ, एवं मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## एक शाम स्व मुकेश के नाम कार्यक्रम 27 को

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा स्थित ऑफिसर्स क्लब में पवन सारे गामा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आगामी 27 अगस्त को स्व मुकेश जी के 48 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर एक शाम स्व मुकेश के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होगी। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रजरप्पा जीएम बिनोद कुमार व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय, चितरपुर बीडीओ ज्ञानमनी एक्का व सीओ दीपक मिंज द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। यह जनकारी म्यूजिकल ग्रुप के निदेशक पवन कुमार ने दिया। इस बाबत उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान बाहर से आए कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

## विधायक सुनीता के पहल पर कुंदरू शुक्रवार बाजार में पेयजल बोरिंग कराया गया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखण्ड के कुंदरु कलां पंचायत क्षेत्र के शुक्रवार बाजार टांड़ में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर पेयजल बोरिंग कराया गया, बताया गया की सासाहिक बाजार हर शुक्रवार को लगता है, जहाँ सैकडो ग्रामीण बाजार में खरीद विक्री करने आते है,लेकिन पेयजल की सुबिधा नहीं थी,पिने का पानी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने पहल किया और तुरंत बाजार टांड स्थल पर बोरिंग कराया गया,अब राहगीरों एवं बाजार में आवागमन करने वाले लोगों को नियमित रूप से पेयजल के लिए पानी की सुबिधा निरंतर मिलेगी, इस कर्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो मौजूद थे जिनके द्वारा पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ कर बोरिंग को चालू कराए,मौके पर उपस्थित कुंदरु कलां मुखिया किसुन राम मुंडा,उप मुखिया मोहराय महतो, समाजसेवी मिसिर महतो, शंकर यादव, गोपाल यादव वार्ड पार्षद कैलाश यादव हीरा यादव अजीत यादव जलेश्वर बेदिया टेको महतो टेकलाल महतो जगदेव महतो संतोष महतो जयनंदन महतो परण महतो गणेश महतो किस्टो ठाकुर एवं दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे !

## कैंट मंडल में सुनी गई मन की बात



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को बूथ नंबर 47,48,49,50,51,52 और 53 के बूथ अध्यक्षों सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय में सुना।इस अवसर पर कुंटू बाबू ने कहा की कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री के रूप में 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में युवाओं को राजनीति में आने का आव्हान करने का जिक्र करते हुए मोदी जी ने बताया की इनके भाषण से आज लाखों युवा राजनीति में आना चाह रहे है जो देश के लिए एक अच्छा संकेत है।इस अवसर पर मुख्य रूप से महेश चौधरी,सत्यजीत चौधरी,दीपक सोनकर,विनोद राम,अरविंद सिंह,संजय श्रीवास्तव,ईश्वर पासवान,अभिषेक चौधरी,सुरेंद्र वर्मा इत्यादि बूथ अध्यक्षों के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सदर अस्पताल में धनंजय कुमार पुटूस ने किया पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के पुराना सदर अस्पताल में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुट्स ने पांच साल तक के बच्चो को पोलियो की खुराक पिला कर अभियान का शुभारम्भ किया । इस दौरान रामगढ़ शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगो ने अपने जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाया । उपस्थित डॉ मानस सिन्हा,आनंद लाल गुप्ता,जयप्रकाश राम,अकमल अंसारी,अनिता कुमारी,सुनीता कुमारी,गायत्री कुमारी,दीपिका देवी,मंजू देवी आदि।

## बूथ नम्बर 34 में प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुना गया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के महामंत्री ऋषिकेश सिंह ने कार्यकर्ता सहित बूथ नम्बर 34 में प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुना । प्रधानमंत्री मोदी जी की 113 वे संस्करण का सीधा प्रसारण आकाशवाणी, टीवी के माध्यम से पूरे देश को संबोधित किया जय जवान जय किसान जय विज्ञान इसरो के वैज्ञानिक से कई विषयों पर बात किया मन की बात प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिसमें पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और स्पेसटेक स्टार्ट-अप गैलेक्सआई की प्रगति शामिल है। उन्होंने वन्यजीव संरक्षण के लिए असम और अरुणाचल प्रदेश में सामुदायिक पहल की सराहना की। पीएम मोदी ने %वेस्ट टू वेल्थ% बनाने के अभिनव दृष्टिकोण के लिए मध्य प्रदेश के झाबुआ की सराहना की और खिलौना रीसाइक्लिंग के महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने पोषण माह के महत्व पर भी प्रकाश डाला और बच्चों को पर्याप्त पोषण सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी जी ने सभी वैज्ञानिक तथा किसान भाइयों के लिए अनेक सुविधा देने हेतु सेटेलाइट के माध्यम से बॉर्डर की रक्षा हेतु के कार्य की सशक्त योजना पर काम किया जा रहा है कार्यक्रम में सभी शक्ति केंद्र पर मन की बात सुना गया द्यमंडल के अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामगढ़ विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू कई गण मान्य ने कार्यक्रम को सुना।

### बारिश से बहे तेतरिया पुल का जल्द ही डिमएफटी फंड से होगा निर्माण

## तेतरिया के ग्रामीणों के लिए बनाई जा रही है वैकल्पिक रास्ता, आवागमन में होगी सहुलियत : संजीव बेदिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** पोटंगा पंचायत के तेतरिया में विगत कुछ दिनो पुर्व तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण तेतरिया गांव के समीप पुर्व में बनी पुलिया पानी के तेज बहाव के कारण बह गयी थी। वहीं इस पुलिया के टुटने से लगभग करीब एक दर्जन गांव का संपर्क टुट गया था। बता दें कि यह पुलिया गांव के ग्रामीणों व स्कूली बच्चों का आवागमन के लिए एक मात्र रास्ता था। वहीं इस पुलिया के टुटने से उरीमारी,बिरसा,पोटंगा,जरजरा, बड़कागांव,सयाल आने जाने वाले लोगों को अब लंबी दूरी का सफर कर बीस से पच्चीस किलोमीटर घुमकर गिद्दी के रास्ते सयाल,



उरीमारी, बड़कागांव आना जाना पड़ रहा है। गरसुल्ला, तेतरिया गांव में रहने वाले लोगों का एक और भी वैकल्पिक रास्ता का उरीमारी से भी संपर्क टुट गया था। तेतरिया व गरसुल्ला के ग्रामीणों ने झामुमो के केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति सदस्य संजीव बेदिया से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा था। वहीं ग्रामीणो ने टुटे पुलिया को जल्द से जल्द बनवाने कि मांग की थी। जिसके बाद झामुमो के केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया के पहल पर तेतरिया पुल के बगल से एक वैकल्पिक रास्ता बनाया गया। जिससे स्कूली बच्चे व ग्रामीण को अब आने जाने में सहुलियत हो रही है। श्री बेदिया ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा बहुत जल्द तेतरिया पुल का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। जिसके लिए राज्य सरकार से अनुशंसा करा ली गई है। आने वाले कुछ माह के अंतराल में जिला डीएमएफटी के तहत तेतरिया पुल का काम शुरू किया जाएगा।वहीं इस वैकल्पिक रास्ते से ग्रामीण व स्कूली बच्चे अब पैदल ही स्कूल आना जाना कर रहे हैं। हालांकि अब भी गांव में किसी तरह का दुपहिया व चार पहिया वाहन नहीं जा पा रहे है।

## डिजिटल एंपावरमेंट फाऊंडेशन और यूनिसेफ के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला में डिजिटल एंपावरमेंट फाउंडेशन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 14 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को ऑनलाइन डिजिटल प्रोडक्टिविटी में दक्ष बनाना था। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान, जैसे एमएस वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट और अन्य डिजिटल टूल्स की जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण उन्हें अपने रोजमर्रा के कार्यों में इन टूल्स का उपयोग करने के लिए सक्षम बनाएगा और उनके जीवन को डिजिटल कार्यों से जोड़ने में मदद करेगा।प्रशिक्षण के अंत में, प्रतिभागियों को एक सप्ताह का समय दिया गया है। उन्हें अपने क्षेत्र में लाभार्थियों का चयन कर उन्हें भी डिजिटल प्रोडक्टिविटी , डिजिटल कुशलता के विषय में प्रशिक्षित करना है। प्रशिक्षण में प्रशिक्षण में मुख्य रूप से दिल्ली टीम से शहनाज शरीफ भी शामिल हुई।

## सांसद खेल महोत्सव- 2024 के तहत कुजू में हुआ नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के द्वितीय चरण का शानदार आगाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों के खिलाड़ियों के उत्थान और सहयोग के साथ उन्हें बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर ÷सांसद खेल महोत्सव- 2024÷ के आयोजन का शुरुआत बीते दिनों रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित पुरवडीह मैदान से नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के प्रथम चरण का आगाज़ कर किया और अब नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के द्वितीय चरण का विधिवत् शुरुआत मांडू विधानसभा क्षेत्र के डटमा मोड़ के पब्लिक हाई स्कूल, कुजू मैदान में हुआ ।नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के द्वितीय चरण के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए और दीप प्रज्वलित कर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर टूर्नामेंट का भव्य आगाज़ किया। इस टूर्नामेंट में मांडू प्रखंड क्षेत्र की कुल 32 टीमों ने भाग लिया है। टूर्नामेंट के उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्र की दर्जनों फुटबॉल टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान में शिरकत की और मशाल जलाकर मार्च पास्ट करते आकर्षक रंग- बिरंगे नमो जर्सी के साथ दस्तक से मैदान की खुबसूरती बढ़ गई। मैदान में जब सामुहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया तो मैदान में राष्ट्रभक्ति की बयार भी बही। टूर्नामेंट का पहला मैच एनवाईसी जोड़ाकरम बनाम बीएस बेहराटांड़ टीम के बीच खेला गया। जिसमें एनवाईसी जोड़ाकरम की टीम 02 गोल से विजयी हुई। टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका में जगमोहन महतो, ओम नायक, नमन कुमार, सकुंतला कुमारी, निशा कुमारी, लक्ष्मण सिंह रहें। टूर्नामेंट के विजेता टीम को सांसद मनीष जायसवाल की ओर से 25 हज़ार रूपए का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपवेजता टीम को 15 हज़ार रुपए और आकर्षक नमो ट्रॉफी भेंट किया जाएगा। उक्त टूर्नामेंट के स्थानीय अध्यक्ष अशोक कुमार, सचिव राजेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष रतन साहु, उपाध्यक्ष रामदेव प्रसाद, सूरज महतो, पवन कुमार, सहसचिव आशीष कुमार, रवि साहू, अखिलेश्वर, राजेंद्र केसरी और प्रवेशकर्ता पंचित महतो एवं सोनी केसरी हैं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रामगढ़ द्वारा दिव्यांग बच्चों का मेगा कैंप का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रामगढ़ आलोक कुमार दुबे के तत्वावधान में रविवार को एक मेगा कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य जिले के दिव्यांग बच्चों को समुचित सहायता प्रदान करना था। यह मेगा कैंप 45 दिवसीय विशेष शिविर का हिस्सा है, जो 13 जुलाई 2024 से 26 अगस्त 2024 तक ÷एक भी छूटे नहीं÷ विषय के तहत आयोजित किया जा रहा है।इस विशेष शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को उनके अधिकारों और आवश्यकताओं के प्रति जागरूक करना, उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करना, और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। मेगा कैंप के दौरान जिला सिविल सर्जन कार्यालय के द्वारा रामगढ़ के हर एक प्रखंड में दिव्यांगों की पहचान हेतु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया , शिक्षा संबंधी परामर्श, सहायक उपकरणों का वितरण, और कानूनी परामर्श जैसी विभिन्न सेवाओं का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधित सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और जिला प्रधान न्यायाधीश महोदय ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा, ÷हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि समाज का कोई भी दिव्यांग बच्चा अपनी आवश्यकताओं से वंचित न रह जाए। इस विशेष शिविर के माध्यम से हम हर दिव्यांग बच्चे तक पहुंचने और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।÷इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के सतत प्रयास से 92 दिव्यांग बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्रों के साथ सभी को लेखन सामग्री किट का वितरण किया गया। जिला समाज कल्याण रामगढ़ के द्वारा 05 व्हील चेयर , जिला शिक्षा विभाग द्वारा ब्रेल किट का वितरण किया गया साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई के अंतर्गत एकल अभिभावक के बच्चों को स्पॉन्सरशिप का वितरण किया गया।अंत में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिल कुमार ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि कोई भी दिव्यांग बच्चा इस महत्वपूर्ण पहल से वंचित न रहे।मौके पर इंदु पी खालको, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रामगढ़, जिला शिक्षा विभाग के एपीओ कृष्णा सिंह तथा उनके रिसोर्स पर्सन जिला बाल संरक्षण इकाई के डीसीपीओ शांति बागे, विवेकानंद वर्मा ,मुस्कुराते एनजीओ, दिव्यांग बच्चों के साथ उनके अभिभावक तथा डालसा के विधिक स्वय सेवक उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा एवं चेतना शाखा द्वारा आयोजित साइक्लेथॉन 4.0 का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा एवं चेतना शाखा द्वारा आयोजित साइक्लेथॉन 4.0 का आयोजन रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने इस साइक्लेथॉन का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के तहत ÷फिट इंडिया÷ अभियान के अंतर्गत किया गया था, जिसमें मंच की 851 शाखाओं ने एक साथ साइक्लोथॉन का आयोजन किया। सर्वप्रथम मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं सचिव धीरज बंसल ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को पुष्पगुच्छ एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ ने शॉल भेट स्वरुप देकर सम्मानित किया।साइक्लेथॉन की थीम Ride for Health, Ride for Earth के अंतर्गत रामगढ़ के विभिन्न स्कूलों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रमुख रूप से रामप्रसाद चंद्रभान पब्लिक स्कूल और श्री कृष्ण विद्या मंदिर के 120 छात्रों और अध्यापकों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा, 100 से अधिक स्थानीय नागरिक भी इस रैली में शामिल हुए। कुल मिलाकर, 220 प्रतिभागियों ने इस साइकिल रैली में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को मारवाड़ी युवा मंच एवं चेतना शाखा द्वारा टी-शर्ट, कैप, फूड पैकेट, जूस, और पानी की बोतलें वितरित की गईं। रैली में प्रणय स्केटिंग वर्ल्ड के प्रशिक्षु और उनके 9 छात्रों ने अपनी स्केटिंग कला का प्रदर्शन किया। इसमें 7 छात्र हजारीबाग से और 2 रामगढ़ से थे।पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि साइकिल चलाना सभी आयु वर्ग के लिए एक बेहतरीन कार्डियोवस्कुलर व्यायाम है, जो न केवल शरीर की सहनशक्ति और मांसपेशियों को मजबूत करता है, बल्कि तनाव को भी कम करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को सही दिशा देने में मददगार साबित होते हैं।इस कार्यक्रम में युवा मंच के सदस्य किशोर जाजू, रामधन शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, संतोष गोकुलका, निखिल अग्रवाल, आयुष बजाज, अमन बौंदिया, रितिक परसरामपुरीया, साकेत चौधरी, अभिषेक अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विजय खंडेलवाल, शरद चौधरी, नीलींद अग्रवाल, लोकेश बगड़िया, आशीष जैन, रचित अग्रवाल, उज्ज्वल बेरलिया, सुमित बौंडिया, रवि अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, राहुल जैन, अमित अग्रवाल, आदि थे ।

## आजसू पार्टी द्वारा रामगढ़ जिला के शिक्षित बेरोजगार युवकों का बायोडाटा संकलित किया जाएगा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आजसू पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार युवा आजसू रामगढ़ जिला प्रभारी राजेश महतो के नेतृत्व में रामगढ़ नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नं 26 कैथा और छावनी परिषद अंतर्गत वार्ड नं 8 में शिक्षित बेरोजगार युवकों का बायोडाटा संकलन किया गया।इस अवसर पर युवा आजसू के रामगढ़ जिला के प्रभारी राजेश महतो ने कहा कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर रामगढ़ जिला के शिक्षित बेरोजगार युवकों का बायोडाटा संकलित किया जाएगा। संकलित बायोडाटा को प्रखंड विकास पदाधिकारी और झारखंड के मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार अपने वादों और घोषणा को पूर्ण नहीं कर पायी। राज्य में शिक्षित बेरोजगार खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। राज्य सरकार को हकीकत का आइना दिखाने का काम आजसू पार्टी करेगी। इस अवसर मुख्य रूप से युवा आजसू रामगढ़ जिला सह प्रभारी नीतीश निराला,मनोज कुमार महतो, रोहित सोनी,संजय सिंघानिया, महेश कुमार, अजीत कुमार,अजय आस्था, पप्पू कुमार,शिव कुमार, मिथुन राम,आशीष कुमार,दीपू गुप्ता,रवि कुमार,मनीष कुमार, विनय कुमार,मोनू राम, कौशल कुमार, आर्यन कुमार, हेमंत कुमार, आंग्द कुमार,संदीप कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## सयाल दक्षिणी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों पर पल्स पोलियो शिविर लगाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** रामगढ़ जिला उपायुक्त चंदन कुमार के दिशा निर्देश पर रामगढ़ जिले के सभी पंचायतों में रविवार को पल्स पोलियों अभियान चलाया गया। इसी आलोक में पतरातु प्रखंड के सयाल दक्षिणी पंचायत में लगभग सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियों कि खुराक पिलाई गई। यहां मुखिया जगदीश साव ने पंचायत क्षेत्र के बच्चों को पोलियों ड्राप पिलाकर अभियान का शुरुआत किया। मौके पर मुखिया जगदीश साव ने कहा कि सभी ग्रामीण अपने छोटे-छोटे बच्चे को पोलियों ड्राप जरूर पिलाए। पोलियो ड्रॉप पिने से बच्चों को होने वाली गंभीर बिमारी से बचाया जा सकता है। वही पोलियो ड्रॉप ना पिने से बच्चों में फ्लू जैसे लक्षण पैदा होते हैं। यह आपके मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी तक फैल सकता है, जिससे लकवा हो सकता है। वहीं मुखिया जगदीश ने यह भी कहा कि पल्स पोलियों अभियान 25 से 27 अगस्त तक चलेगी। जिसमें आप बच्चों को पोलियों ड्राप जरूर पिलाए। वहीं इस पोलियो अभियान में वार्ड सदस्य डा महेंद्र सिंह, रीता देवी, आंगनबाड़ी सेविका सुलेखा बनर्जी, संगीता देवी, रूखशाना खातून, सहिया बुलबुल कुमारी, मीरा देवी,पुनम देवी, अनुराधा देवी, सुनीता देवी, अंजुमन निशा,सलमा खातून आदि लोग मौजूद थे

## झारखण्ड का गौरव है स्वतंत्र प्रकाशन : डॉ. लालित्य




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ में रविवार को स्वतंत्र प्रकाशन समूह का स्थापना दिवस समारोह होटल शिवम इन् के मुंशी प्रेमचंद सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षाविद और साहित्यकार बलराम सिंह ने की। समारोह में अतिविशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के पूर्व निदेशक आचार्य राजेश कुमार, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया के संपादक डॉ. लालित्य ललित, स्वतंत्र प्रकाशन के सेंट्रल एडिटोरियल बोर्ड के अध्यक्ष कुमार उदय राज़ उपस्थित थे। समारोह में झारखंड के वरिष्ठ साहित्यकार शिरोमणि महतो, नीलोत्पल रमेश, डॉ. कृष्णा गोप, राकेश कुशवाहा, डॉ. लालदीप गोप, गुलांचो कुमारी, सरोज झा झारखंडी, सरोज सिंह, आभा मुख़्तलिफ़, बासु बिहारी, बी.एन. ओहदार, राजेश दुबे, दिलीप तेतरबे, डॉ. सीता स्वतंत्र, उत्सव कुमार, चन्द्रिका ठाकुर देशदीप सहित अनेक ख्यातिप्राप्त साहित्यकार शामिल थे। स्वतंत्र प्रकाशन के संस्थापक और निदेशक सुशील स्वतंत्र ने बताया कि प्रकाशन की स्थापना के पीछे रामगढ़ शहर का बहुत बड़ा योगदान है। इसी शहर से एक वर्ष पूर्व प्रकाशन की शुरुआत हुई थी। स्वतंत्र प्रकाशन ने एक वर्ष की अल्पावधि में 107 पुस्तकों का प्रकाशन किया है। प्रकाशन द्वारा साहित्य की पुस्तकों को प्राथमिकता दी जाती है। निःशुल्क पुस्तक प्रकाशन योजना के माध्यम से प्रकाशन उदयीमान लेखकों को प्रोत्साहित कर रहा है।

## कटिया के बच्चों को पोलियो का ड्रॉप पिलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** कटिया बस्ती पंचायत के सभी आंगनबाड़ी केंद्रो में सैकड़ो बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया गया। इस अवसर पर ग्राम कटिया बस्ती पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो स्वयं अपने हाथों से बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाये और मुखिया किशोर कुमार लोगों को यह संदेश दिया कि पोलियो ड्रॉप सभी बच्चों को पिलाया जाना चाहिए एक भी बच्चा छूट न पाए आंगनबाड़ी सेविका को यह जानकारी देते हुए उन्होंने यह भी कहा की जिंदगी के लिए पोलियो ड्रॉप दो बूंद जरूरी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप मुखिया किशोर महतो,आंगनवाड़ी सेविका गुड्डी देवी, रेखा देवी,जानकी देवी,गोविंद महतो, गोपाल महतो,पारिजात कुमारी, संगीता कुमारी,मीना देवी,पूजा कुमारी सुनीता देवी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एनटीपीसी मजदूर यूनियन की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** रविवार को यूनियन कार्यालय पीटीपीएस में एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक) की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रमेश महतो व संचालन नरेश बेदिया द्वारा किया गया। इस बैठक में एनटीपीसी मजदूरो के समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा यहां के स्थानीय युवाओं को नियोजन में बहाल नहीं कर के बाहरी लोगों को एजेंट के माध्यम से बहाल कर रही है। झारखंड सरकार की 75 परसेंट स्थानीयों को नौकरी देने का नियमावली का खुला उल्लंघन कर रही है। जिसे लेकर स्थानीय मजदूर व स्थानीय लोगों में काफी रोष है। इसलिए,एनटीपीसी मजदूर यूनियन प्रबंधन से मांग की है कि सभी बहालियों का विज्ञापन निकाल कर बहाल करें। मौके पर रमेश महतो, किशोर महतो, सनी लाल बेदिया,प्रदीप सिंह, सुजीत बेदिया, दिलीप महतो, मोहन साहू, ओमप्रकाश साहू,अमन कुमार सिंह और चमन मुंडा इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## अनिशा सिन्हा द्वारा तीन निःशुल्क कोचिंग संस्थान का किया गया उद्घाटन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जागरूक जनता पार्टी की गिरिडीह विधानसभा प्रत्याशी अनीशा सिन्हा ने दिन रविवार को बोरो बनखजो, परातडीह बरवाडीह और सिहोडीह में एक जनसभा का आयोजन किया जिसमे राधास्वामी संगठन के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। प्रत्याशी अनीशा सिन्हा ने यह भी कहा कि आज राधास्वामी संगठन के माध्यम से लगातार 15 वर्षों से समाजसेवा करती आ रही हूं, हमारे संगठन के माध्यम से अपने गिरिडीह क्षेत्र में राधास्वामी संगठन कन्यादान योजना के तहत हजारों बच्चियों के विवाह में सहयोग किया गया है, कई बच्चो के शिक्षा में संगठन सहयोग कर रही है साथ ही आवास भी बनाकर संगठन के द्वारा दिया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में संगठन के द्वारा गांडेय विधानसभा क्षेत्र में 250 निः शुल्क कोचिंग संस्थान संचालित किया जा रहा है उसी तर्ज पर गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में आज परातडीह में तीन निः शुल्क कोचिंग संस्थान का उद्घाटन किया गया है जिससे बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे ताकि एक शिक्षित समाज का निर्माण किया जा सके। इस मौके पर संगठन नगर जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार (सुबोध सिंह), ग्रामीण जिला अध्यक्ष नंदलाल पांडेय, कार्यालय प्रभारी अमित कुमार के साथ संगठन के प्रतिनिधि, पंकज कुमार तरवे, बेबी देवी, सरिता शर्मा, राधा देवी के साथ हजारों के संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## समाजसेवी ने जन्मदिन के अवसर पर थाना परिसर में किया पौधरोपण



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत गोल्हया निवासी समाजसेवी शिव कुमार ने रविवार को अपना 26 वां जन्मदिन के अवसर पर नवडीहा थाना परिसर स्थित शिव पार्वती मंदिर परिसर में सैकड़ो पौधा रोपण एवं वितरण करके जन्मदिन मनाया। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रुप से नवडीहा थाना प्रभारी दीपक कुमार, कांग्रेस नेत्री डॉ.मंजू कुमारी, पत्रकार बमशंकर कुमार वर्मा, रवि वर्मा, पिंटू, हरिओम इत्यादि लोग थे। वही आपको बता दें यूवा शक्ति फाउंडेशन एवं प्रयास पहल सामाजिक संस्था के सक्रिय सदस्य और सामाजिक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले शिव कुमार लगातार पर्यावरण के प्रति क्षेत्र में जागरूकता अभियान एवं पौधा लगाते आ रहे हैं इस अवसर पर कांग्रेस नेत्री डॉ. मंजू कुमारी ने कहीं जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कार्य बहुत ही सराहनीय है। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने कहा लगातार पर्यावरण दूषित हो रही है हर लोगों को अपने जन्मदिन या खुशी के अवसर पर पर्यावरण प्रति बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। वही शिव कुमार ने कहा मैं लगातार अपने जन्मदिन के अवसर पर पर्यावरण के प्रति पौधा वितरण एवं रोपण कार्यक्रम का आयोजन करता हूं ताकि लोगों को इससे प्रेरणा मिले वहीं मौके संदीप, हिमांशु, गंगाधर, मन्नू, पिंटू, श्यामलाल, पवन, कांग्रेस नेता रामानंद कुशवाहा इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## धनबाद जिला सीनियर फुटबॉल लीग



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को भीतिया स्टेडियम में खेले गए मैच में अपना यंग बॉयज गोविंदपुर 3-0 से बिरसा मुंडा क्लब को पराजित कर दिया। मैच के 24 वें मिनट में रोहित किस्कु ने एक गोल, 31वें मिनट व 70 वें मिनट में अर्जुन हेंब्रम ने दो गल कर टीम को जीत दिलाई। मौके पर संघ के महासचिव मृदुल बोस, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन, उपाध्यक्ष डॉ विकास रमन, संयुक्त सचिव उदय मिश्रा, सहायक सचिव सुनील मिश्रा, सुभाष लोध के अलावा मोईन अंसारी, नासिर शहीद, सिद्दीकी, लालू हुसैन, सद्दर आदी उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका जसविंदर सिंह, प्रकाश महतो, दिलीप महतो, धणपति पांडे ने निभाया।

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयला नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रहे दो दिवसीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2024 की राज्य स्तरीय बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग तथा रॉलर स्कटिंग प्रतियोगिता का हुआ समापन। प्रतियोगिता में डीएवी के 10 प्रक्षेत्रों के 55 विद्यालयों के 1150 खिलाड़ी भाग लिये। बैडमिंटन बालिका वर्ग अंडर-14 में डीएवी कोयला नगर ने गुमला को हराकर एवं अंडर-17 वर्ग में चाइबासा को हराकर ख़िताब पर कब्ज़ा की। वहीं अंडर-19 वर्ग में बरियातु रांची ने डीएवी इस्पात बोकारो को हराकर विजेता बनी। इनलाइन अंडर-19 रॉलर स्कटिंग बालक वर्ग 300 एवं 500 मीटर में नितिन कौशिक कोयलानगर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं 1000 बालक वर्ग अंडर-17 में अनिकेत प्रताप सिंह अल्कुसा तथा अंडर-19 वर्ग में अनजन कुमार सिंह हज़ारीबाग को भी स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। बास्केटबॉल बालिका वर्ग अंडर-14 प्रतियोगिता के फाइनल में राजरप्पा ने गाँधी नगर को, अंडर-17 वर्ग में राजरप्पा ने बरही को वहीं अंडर-19 हज़ारीबाग ने एन आई टी आदित्यापुर को हराकर ख़िताबी मुकाबला जीता। बालक वर्ग अंडर-14 प्रतियोगिता के फाइनल में हज़ारीबाग ने डालटनगंज को, बरियातु ने बोकारो को हराकर विजेता बनी।मौके पर प्राचार्य एन एन श्रीवास्तव ने स्वागत सम्बोधन में कहा कि हमारे संस्थान के खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर लगातार देश का सम्मान बढ़ा रहे हैं। मैं इस प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों को खेल-भावना से खेलने एवं अपनी छिपी प्रतिभा को प्रकट करने पर शुभकामना देता हूँ। सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी सह प्राचार्य एन एन श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि आनंद सक्सेना को पुष्प-गुच्छ, अंग वस्त्र के साथ स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मौके पर डीएवी प्राचार्या झूमा महता कुसुंडा, आर के सिन्हा अल्कुसा तथा एस के मोहंती आदि मौजूद थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गिरिडीह पुलिस ने चार देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ चार अपराधी गिरफ्तार




रंजन कुमार@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** रविवार गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता कर जानकारी कर कहा कि गिरिडीह जिला के बगोदर थाना पुलिस ने चार देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ एक अपराधी को पकड़ा है। पकड़े गए अपराधी की निशानदेही पर उसके तीन अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि पकड़े गए अपराधी किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए जा रहे थे।

इसी दौरान पुलिस टीम के उन्हें गिरफ्तार कर लिया। यह पूरी कारवाई जिला के एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बगोदर सरिया एसडीपीओ धनंजय कुमार राम के नेतृत्व में की गई है। इस सम्बन्ध में बताया गया कि सूचना के बाद बगोदर थाना क्षेत्र के हरिहर धाम मंदिर रोड पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अपराधकर्मी पुलिस जांच को देख मोटरसाइकिल पीछे मोड़ कर भागने लगे। पुलिस बल द्वारा खदेड़ कर मोटरसाइकिल के पीछे बैठे एक व्यक्ति रंजीत कुमार साव को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से चार देशी कट्टा, 7.55 द्वद्व का 11 जिंदा कारतूस, 08 द्वद्व द्मड्ड 8 जिंदा कारतूस, एप्पल का फोन बरामद किया गया। पकड़ा गया अपराधी चतरा जिला के सिमरिया थाना क्षेत्र के जबरकुट्टी का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे थे। उसकी निशानदेही पर तीन अन्य लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिनमें मधुपुर थाना क्षेत्र के जमुनियाटांड़ का रहने वाला सुधीर कुमार यादव, मारगोमुंडा थाना क्षेत्र के फुलची का रहने वाला एंकर दास और बुढ़ाई थाना क्षेत्र के कलहजोर का रहने वाला मो आरिफ शामिल है। सभी गिरफ्तार अपराधियों को विधिवत कारवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में आज होगा दही-हांडी प्रतियोगिता



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हर वर्ष की भांति इस साल भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 2024 का आयोजन 26 अगस्त की शाम को 15 एकड़ वीटी इंफ्रा बलियापुर रोड धनबाद में भव्य और धूमधाम से होगा। कार्यक्रम में दही हांडी (मटका-फोड़) प्रतियोगिता होगी। जिसमे जिले के गोविंदाओं की तीन टीम भाग लेंगी। हांडी फोड़ने वाली सफल टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। यह प्रतियोगिता पिछले कई वर्षों से श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर होता आया है। प्रतियोगिता के उपरांत भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। जिसमें जिले के मशहूर भजन गायक पप्पू बगेड़िया एंड टीम प्रस्तुति देगी। जिसमें पप्पू बगड़िया और उनकी टीम श्री कृष्ण के भजनों से लोगों को मंत्र मुक्त करेंगे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 2024 के अंत मे श्री कृष्ण जन्मोत्सव पूजा होगी और भोग-प्रसाद वितरित की जाएगी। इसके सफल आयोजन के लिए वीटी इंफ्रा 15 एकड़ सोसाइटी के तत्वाधान में सम्पन्न होगा। इसके सफल आयोजन के लिए लता ठक्कर, दीपेश ठक्कर, हितेश ठक्कर, आरके गर्ग, उमेश मंडल, चंद्रनाथ, शंकर बनर्जी, सुनील शाह, वीरेंद्र सिंह, अंकित गुप्ता, राकेश मंडल, जय वालिया, श्री सुमन बरनवाल, बंटी सिंह समेत सोसाइटी की महिलाएं-बच्चे शिरकत करेंगे।

# समाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल के परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷मन की बात÷ कार्यक्रम के 113वें एपिसोड का सामूहिक रूप से आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के सीईओ और समाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह ने अपने समर्थकों के साथ इस कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान, सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा व्यक्त विचारों की सराहना की और इसे प्रेरणादायक बताया। उन्होंने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷मन की बात÷ कार्यक्रम न केवल सरकार की नीतियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, बल्कि यह समाज को सकारात्मक दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों से प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

# जनहित मोर्चा द्वारा प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ ही चुनावी बिगुल फूंका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी पेट्रोल पंप स्थित सिंह होटल गेस्ट हाउस में आज रविवार को जनहित मोर्चा ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर चुनावी बिगुल फूंक दिया है। बताया जाता है कि कब आचार संहिता लागू हो जाएगा इसलिए अचानक कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया और एक सप्ताह के अंदर प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर पर कमिटी गठन करने का दिशा निर्देश पार्टी सुप्रीमों माना पाठक ने दिया। आज़ के इस कार्यकर्ता सम्मेलन में युवाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी गई साथ ही टुंडी पेट्रोल पंप से लेकर थाना मोड़ तक पैदल यात्रा कर विभिन्न नारों से पूरा टुंडी गुंजायमान हो उठा। एक भेंट में पत्रकारों को पार्टी सुप्रीमो माना



पाठक ने कहा कि टुंडी की जनता बदलाव चाहती है वहीं उनके निजी सचिव मुरारी सिंह ने कहा कि जनहित मोर्चा ने ठाना है माना पाठक को विधायक बनाना है। मौके पर त्रिलोचन पाण्डेय, डॉ नंदकिशोर केवट, पार्वती चरण पाण्डेय, डॉ इमाम अख्तर, कुंदन सिंह, राजीव रंजन पाण्डेय, मुस्ताक अंसारी, मंजीत तिवारी, नित्यानंद पाण्डेय, नीलमोहन मिश्रा अर्जुन यादव, सुभाष तिवारी, हेमंत पाण्डेय बिरेंद्र पाण्डेय, रंजीत पाण्डेय, राजेन्द्र पाण्डेय, अरूण केवट, मनोज पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में जनहित मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लाठी चार्ज के विरोध में हेमंत सोरेन का खरखरी में पुतला दहन



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत भाजपा सेनीडीह मंडल अध्यक्ष उत्तम गयाली के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। उत्तम गयाली ने बताया कि रांची में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आहूत युवा आक्रोश रैली में हेमंत सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओ पर बर्बरता पूर्ण कार्रवाई के विरोध में भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा पुरे प्रदेश में आयोजित हेमंत सोरेन के पुतला दहन किया जा रहा है। भाजपा सेनीडीह मंडल द्वारा खरखरी भोला पासवान शास्त्री चौक पर हेमंत सोरेन का पुतला जलाकर विरोध जताया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित, गोकुल तिवारी उत्तम गयाली मदन पासवान गोपाल बाउरी आनंद बाउरी लालू बाउरी नागेश्वर पासवान बांटीं बाउरी रामजी प्रसाद चौहान शैलेन्द्र यादव फागु भुईयां आदि शामिल थे।

## संजय मेहता पहुंचे बगोदर, झारखण्डी शोषित वंचित ड्राइवर संघ को दिया समर्थन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्डी शोषित वंचित ड्राइवर संघ की ओर से रविवार को बगोदर फुटबॉल मैदान में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें झारखंड के 24 जिलों से 200 से अधिक ड्राइवर सभा में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेबीकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष संजय मेहता पहुंचे एवं ड्राइवर संघ को अपना समर्थन दिया। सभा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने ड्राइवरों को हक दिलाने की बात पर ज़ोर दिया साथ ही कहा कि जेबीकेएसएस हर मोर्चे पर आपलोग के साथ हैं। उन्होंने कहा कि सरकारें हर वर्ग के लिए कोई ना कोई पॉलिसी एवं योजना बनाती है मगर ड्राइवर ही ऐसे हैं जिनके लिए किसी भी सरकार ने आज तक कोई योजना नहीं बनाई। सभा में विभिन्न जिलों से पहुँचे ड्राइवरो ने अपनी समस्याओं को रखते हुए संगठित व एकजुट होकर सरकार तक अपनी मांगों को पहुंचाने की बात कही। साथ ही उक्त सभी मांगो को लेकर झारखण्डी शोषित वंचित ड्राइवर संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा राज्य सरकार एवं झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित निजी कंपनियों में मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया।

## अंडर 14 बॉयज झारखंड फुटबॉल टीम का चयन, ट्रायल में 102 बच्चों ने हिस्सा लिया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंडर 14 बॉयज झारखंड फुटबॉल टीम का रविवार को चयन ट्रायल सिजुआ स्टेडियम में संपन्न हुआ।

विभिन्न जिलों से 102 बच्चे इस ट्रायल में हिस्सा लिए। चयनित खिलाड़ियों को कैंप के लिए झारखंड फुटबॉल संघ द्वारा सूचित कर दिया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को टीडबल्यू 3 मेडिकल में पास करने के बाद कैंप में जगह मिलेगा।

इस अवसर पर सायन बोस असिस्टेंट मैनेजर स्पोर्ट्स टाटा स्टील फाउंडेशन, संघ के महासचिव मृदुल बोस, उपाध्यक्ष डॉ. विकास रमन, संयुक्त सचिव उदय मिश्र आदि उपस्थित थे। सिलेक्टर की भूमिका दीपक कुमार हूडी रांची, लाखन सिंह व विजय गुरुंग धनबाद ने निभाया।

# जिप अध्यक्ष मुनिया देवी ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह ज़िले में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो संवाद कार्यक्रम मन की बात के 113वां एपिसोड को जिला परिषद अध्यक्ष सह भाजपा नेत्री मुनिया देवी ने भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ बेंगाबाद प्रखण्ड के सोनबाद मे सुनी ढ्ववही इस विशेष कार्यक्रम को सुनने के लिए महिलाओं में उत्साह दिखी। इधर मुनिया देवी ने बताया की प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश भर में चल रहे गतिविधियो एवं विकास कार्य योजनाओं के बारे में जानकारी देते हैं जो हम सभी के लिए बहुत ही प्रेरणादायी होता है।उन्होंने बताया कि एपिसोड में प्रधानमंत्री ने विकसित भारत में युवाओं के ऊपर जोर देते हुए कहा कि युवाओं को अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की आवश्यकता है साथ ही उन्होंने स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने के संकल्प बारे में बताया साथ ही प्रधानमंत्री ने तिरंगा यात्रा कि खूब प्रशंसा की। इधर गिरिडीह ज़िले में पूर्व विधायक निर्भय शाहबादी ने अपने आवास में सुना साथ ही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने शास्त्रीनगर स्थित अपने आवास में कार्यक्रम को कार्यकर्ता के साथ सुना। इधर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो विनीता कुमारी ने नगर बूथ संख्या 49 और 50 पर मोदी के मन की बात अपने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी।

# गंभीर बीमारी से जूझ रहा बालक, राशन कार्ड नहीं होने से बढ़ी परेशानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिले के पूर्वी टुंडी प्रखंड के असुरबांध गांव में 12 वर्षीय बिप्लब मंडल गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। बिप्लब की बीमारी के कारण परिवार के लिए चुनौतीपूर्ण समय हो गया है। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण बिप्लब के इलाज में परेशानी हो रही है।

परिवार के पास राशन कार्ड नहीं है, जिससे सरकारी सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह, थाना प्रभारी मदन चौधरी, जिला से संतोष सिन्हा, मनोज मंडल, सुमित कुमार चौधरी, बिरेंदर मंडल सहित कई अधिकारियों ने बिप्लब से मुलाकात की और उसकी स्थिति का जायजा लिया। इस मौके पर अधिकारियों ने बिप्लब के परिवार



को आवश्यक सहायता और समर्थन का आश्वासन दिया। बिप्लब की बीमारी के इलाज के लिए आवश्यक व्यवस्था करने की बात कही गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह ने कहा कि बिप्लब के परिवार को राशन कार्ड उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जा रहे है, ताकि उन्हें सरकारी सुविधा का लाभ मिल सके।

## जमशेदपुर के दीपांशु और रांची की आतिशी को व्यक्तिगत चैंपियनशिप का किताब

# मंत्री डॉ. इरफान अंसारी एवं डॉ. रामेश्वर उरांव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला स्विमिंग एसोसिएशन के तत्वावधान और एफडी एंटरप्राइजेज द्वारा प्रायोजित झारखंड राज्य लोहरदगा ओपन एक्वेटिक मीट 2024 का व्यक्तिगत चैंपियनशिप बालक वर्ग में जमशेदपुर के दीपांशु सिंह और बालिका वर्ग में रांची की आतिशी कुमार ने जीत लिया। वाटर पोलो में के रोमांचक मुकाबले में निर्धारित समय और अतिरिक्त समय में रांची और रामगढ़ की टीम दो-दो की बराबरी पर थी बाद में पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। इसमें रांची की टीम ने रामगढ़ को 5-4 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अतिथियों ने हाल ही में देहरादून में संपन्न हुए राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाले लोहरदगा के उमेश पासवान और क्रिकेट में विजी ट्रॉफी खेलने वाले ऋषभ खत्री और यूनिवर्सिटी खेलने वाले अमित कुमार को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, सरायकेला खरसावां, धनबाद, बोकारो, लोहरदगा के करीब 40 बालिकाएं और 70 बालक तैराकों ने भाग लिया। मुख्य रूप से प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं के लिए 300 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी प्रतियोगिता 50 गुना 4 मी इंडिविजुअल, मिडले 50 मी, ब्रेस्ट स्ट्रोक 50 मी, बैक स्ट्रोक 50 मीटर, बटरफ्लाई 50 म 4 मीटर, फ्री स्टाइल रिले 50 म 4 इंडिविजुअल रिले, वाटर पोलो, बोट रेस, ट्यूब रेस आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य के ग्रामीण विकास और पंचायती राज्य मंत्री,वित्त मंत्री सह संसदीय कार्य मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव,मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह,पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, लोहरदगा के जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां, प्रभारी उपायुक्त सह-डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सिविल एसडीओ अमित कुमार, नगर परिषद प्रशासक मुक्ति कीड़ो, विजय कुमार, बड़ी संख्या में गण्यमन नागरिक, स्विमिंग एसोसिएशन लोहरदगा के सचिव दीपक मुखर्जी वीके बालान्जिनप्पा, अधिकारी और प्रायोजक एफडी इंटरप्राइजेज के निर्देशक हाजी जब्बार उर्फ जबरुल अंसारी संदीप मिश्रा सेमत शहर के प्रबुद्ध नागरिक और 10000 से अधिक दर्शन तालाब के चारों ओर मौजूद थे। महिलाओं की बैठने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। प्रतियोगिता का लाइव टेलीकास्ट किया गया इस 45000 से अधिक लोगों ने देखा। इस मौके पर तैराकी और क्रिकेट के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले लोगों को भी अतिथियों ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा की लोहरदगा में इतने बड़े पैमाने पर तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह हमें पता नहीं था, जितने इवेंट एक स्थान पर आयोजित किया गया है। वह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। बड़ा तालाब शनिवार को झारखंड के तैराकी फील्ड का न केवल रिकॉर्ड बनाया गया,बल्कि तैराकी में एक साथ ओलंपिक का भी आनंद करवा दिया। लोहरदगा में रांची और जमशेदपुर की 10 बच्चियों ने जिस तरह से सेंक्रोनाइज्ड जलीय नृत्य का प्रदर्शन किया। वह अपने आप में अद्भुत, अकल्पनीय और रोमांस कर देने वाला था। 22 फिट गहरे पानी में लय और ताल के साथ नृत्य करना काफी कठिन था, पर यह रोमांच भर देने वाला था, क्योंकि नृत्य में जितना वेरिएशन देखने को मिला, उतना तो मंच में भी देखने को नहीं मिलता है। इसे ओलंपिक में भी मान्यता प्राप्त है।

## डॉ. राजीव कुमार ने पोलियो मुक्त अभियान का किया शुभारंभ, बच्चों को पिलाई गई दो बूंद दवा



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र में प्लस पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया गया। वही पोलियो मुक्त अभियान का शुभारम्भ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के चिकित्सक डॉ. राजीव कुमार द्वारा बच्चों को दवा पिला कर किया गया गया। शुभारम्भ के उपरान्त 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को चिकित्साकर्मी व अन्य डॉक्टरों द्वारा पोलियो का दवा पिलाया गया। डॉ.वही राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखण्ड क्षेत्र में पलस पोलियो के लिये 122 बूथ बनाया गया है। जिस में 0 से 5 वर्ष तक के 13521 बच्चे बच्चियों को स्वास्थ्य कर्मी,एएनएम और सहियाओं द्वारा प्लस पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। तथा छुटे हुए बच्चों को 26 व 27 अगस्त को डोर टू डोर अभियान चलाकर दवा पिलाई जाएगी। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार, सुमन कुमारी, झरी उराँव, सावित्री कुमारी, विकास कुमार, जयमन्ती देवी अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## काम करने के दौरान राजमिस्त्री गिरा स्थानीय लोगों के सहयोग से पहुंचाया गया स्वास्थ्य केंद्र



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अन्तर्गत मकान मे काम करने के दौरान काम कर रहा राजमिस्त्री गिर गया जिसे हल्की चोटें आई है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की शुक्रवार रात्रि में सेन्हा चौक के समीप सुरेन्द्र साहु का घर में स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित हो कर घुस गया था। जिसे मकान छतिग्रस्त हो गया था। वही सेन्हा उराँव टोली निवासी चन्द्रू महली का पुत्र अजय महली राजमिस्त्री का काम करता है जो मकान मालिक के कहने पर घर बनाने में राजमिस्त्री का काम रहा था। जिसे काम करने के दौरान गिर गया। वही ऊपर से गिरने पर अजय महली को हाथ पैर में हल्की चोटें आई है। जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिये सामुदायिक स्वादथ्य केंद्र सेन्हा में ले जाया गया। जहाँ डॉ.राजीव कुमार द्वारा इलाज कर अजय महली को घर भेज दिया गया। वही डॉ.राजीव कुमार ने बताया कि अजय को हाथ पैर में हल्की चोटें लगी है वह खतरा से बाहर है।

## कुष्ठ रोग निवारण के लिये सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुष्ठ रोग निवारण के लिये सहियाओं को प्रशिक्षण दिया गया। परशिक्षण के क्रम में जिला से आये विशेषज्ञ विकास कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग न अभिशाप है और न ही पुस्तैनी बीमारी है इसका इलाज से निवारण सम्भव है। साथ ही कुष्ठ बीमारी का पहचान के बारे बताते हुए कहा कि चमड़ा के रंग से हल्का अथवा फीके रंग या लालिमा छोटा या बड़ा दाग का होना,दाग में सूनापन या दर्द होना और खुजलाहट होना, शरीर के किसी भी भाग के चमड़े का मोटा होना तथा चमड़ा का रंग लाल होना, हाथ या पैर में कमजोरी या विकृति होना, हाथ के तलहटी या पैर के तलवा में घाव होना और आंख के पलकों में कमजोरी होने से आंख पूरी तरह बन्द नही हो सकता है। वही प्रशिक्षण के दौरान निर्देश देते हुए कहा गया की नियमित रूप से एमडीटी दवा का सभी खुराक नियमित रूप से सेवन करने पर कुष्ठ बीमारी मिट जाता है। तथा सभी सहियाओं को अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर कुष्ठ रोगियों का पहचान करने और इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर उषा किरण, महेश कुजूर के अलावे शकुन्तला देवी, जुलेखा खातून, ललिता शुक्ला, मरियम टोप्पो, बिमला देवी, रूनी उरांव, साहिना प्रवीण, अनिता देवी, सिमा देवी, सुशीला उराइन, आभा देवी सहित अन्य सभी सहिया उपस्थित थे।

## माताओं की संरक्षिका है संत मोनिका, प्रेरणा लें : जोसिमा खाखा

### सोगड़ा में धूमधाम से मना संत मोनिका का पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सोगड़ा पल्ली में रविवार को संत मोनिका का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर जेवियर कॉलेज सिमडेगा के उप प्राचार्य फा ब्रूनो टोप्पो की अगुवाई में मिस्सा पूजा हुई। मौके संत पल्ली पुरोहित फा सिलबानुश केरकेट्टा, सन्त मेरीज इंग्लिश मीडियम स्कूल सामटोली के प्राचार्य फा बिपिन तिर्की, कार्डोन विद्यालय के प्राचार्य फा प्रदीप मिंज उपस्थित थे। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फा ब्रूनो टोप्पो ने कहा कि संत मोनिका के जीवन से प्रेरणा लें। वे हमारी आदर्श मां है। उन्होंने कहा कि संत मोनिका माताओं की संरक्षिका है। उनका जीवन कठिन चुनौतियों से भरा हुआ था। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। आदर्श जीवन व्यतीत करते हुए उन्होंने खीस्तीय जीवन को अपनाया। पति की मृत्यु के बाद उन्होंने अपने पुत्र अगुस्टीन के मन फिराव में अहम भूमिका निभाई। मौके पर उपस्थित बीरू भिखारिएट की सभा नेत्री सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि संत मोनिका माताओं की संरक्षिका है। संत मोनिका की तरह ही काम करना चाहिए। इससे परिवार सहित घर में ईश्वर का वास के साथ सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। जोसिमा ने सभी माताओं से अपने अपने बच्चों को बेहतर संस्कार देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी माताओं को उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। जीवन में संघर्ष का फल मिठा होता है। मौके पर विधायक ने चर्च के लिए जमीन देने वाले 15 जमीन दाता सहित सभी पल्ली पुरोहितों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पसस प्रतिमा कुजूर, लुसियन मिंज, जेवियर मिंज, समीर, नीलिमा मिंज, निलीमा बाड़ा, लीला नाग, जुली लुगुन, उर्मिला आदि उपस्थित थे।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का पांचवा दिन का मैच हुआ समाप्त



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का पांचवा दिन का पहला मैच सिमडेगा टाइगर बनाम राइजिंग स्टार बेलपहार के बीच खेला गया जिसमें सिमडेगा टाइगर ने राइजिंग स्टार बेलपहार को 1 : 0 गोल से जीत हासिल कर दूसरे चरण में अपना स्थान बना लिया। इस मैच के मुख्य अतिथि ठेठईटांगर प्रखण्ड के प्रमुख एवं कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव श्री विपिन पंकज मिंज रहें । दूसरा मैच न्यू स्टार एफसी गड़गड़बाहर बनाम राउरकेला स्टील सिटी एफसी के बीच खेला गया जिसमें न्यू स्टार एफसी गड़गड़बाहर ने राउरकेला स्टील सिटी एफसी को 2:0 गोल से जीत हासिल कर दूसरे चरण में अपना स्थान बना लिया। इस मैच के मुख्य अतिथि समजसेवी श्री अजित नवरंगी और विशिष्ट अतिथि अमित डुंगडुंग, कुलीप किंडो, संजय हेरेन्ज़ रहे। आज का मैच आसिफ 11 बनाम तिर्की ब्रदर्स रांची के बीच 3 बजे खेला जाएगा।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण कर उनका संरक्षण भी करें : आचार्य शरच्चंद्र आर्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में आज पर्यावरणीय जागरूकता सह पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि बाजार प्रांगण स्थित शिव मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के राज्य कार्यकारिणी सदस्य जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह ने की। कार्यक्रम में आर्यवीर दल के प्रांत प्रभारी आचार्य शरचचन्द्र आर्य, स्वयंसेवी संस्था लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के सचिव चंद्रपति यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पुष्कर महतो, जिला प्रचारक दीपक कुमार, शिक्षाविद विक्रम सिंह, दिनेश प्रजापति, पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी अभय भारती, युवा भारत के प्रभारी अंकित अग्रवाल, लेखा विशेषज्ञ सरोज मित्तल, योगी योद्धा एवं शिक्षाविद जन उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मौजूदा समय में बढ़ रही गर्मी के कारणों पर चिंतन किया गया। आचार्य शरच्चंद्र आर्य ने कहा कि इसके लिए हम सबों को पौधारोपण कर उनका संरक्षण भी करें। एलजीएसएस के सचिव सीपी यादव ने प्रधानमंत्री जी के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम एक पेड़ अपनी ÷मां के नाम÷ की चर्चा करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष हम सभी जरूर पेड़ लगाएं और उसे बचाएं जाने की भी प्रयास करें। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में आने वाले पीढ़ी को पौधरोपण के लिए प्रेरित करना होगा।

## एलएपी के भंडरा प्रखंड अध्यक्ष बने अरमान अंसारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकहित अधिकार पार्टी के आदिवासी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन तिग्गा के अगवाई में एक बैठक प्रखंड भंडरा में किया गया। बैठक में काफी विचार विमर्श के उपरांत श्री शिवधन लोहरा को कला मंच मोर्चा जिला अध्यक्ष तथा भंडरा प्रखंड के अरमान अंसारी को सर्व समिति से भंडरा प्रखंड का अध्यक्ष बनाया गया। जनजाति प्रदेश अध्यक्ष पावन तिग्गा ने कहा कि भंडरा प्रखंड में सभी लोग किसान वर्ग के हैं बहुत ही सांसद बहुत विधायक बने लेकिन भंडरा प्रखंड के लिए कोलस्टोर का व्यवस्था नहीं दिया गया है जिससे किसानों के आर्थिक स्थिति बद से बदतर होते जा रही है। यदि लोकहित अधिकार पार्टी को अवसर मिला तो निश्चित रूप से किसानों के लिए कोलस्टोर व्यवस्था दिया जाएगा और रोजगार सृजन के लिए किसानों को जोड़ा जाएगा जिससे अपने फसलों को अच्छे दामों में विक्रय कर पाएंगे। मौके पर बसु उरांव, सुखनाम उरांव, उस्मान खान, एतवा उरांव, रामजी उरांव, सुनील लोहार, शारदा भगत, अजहर खान, महावीर लोहार, तबरेज खान, इमरान अंसारी, कमरुल अंसारी, सरम खान, अनवर, कलीम, इरशाद अंसारी, रकीब, सकूल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 115 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए,आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 49 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा लोगों को अपने स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देना चाहिए और ई.सी.जी (ECG) जांच के अलावा स्वास्थ्य संबंधित अन्य सभी जांच भी आधे ही खर्च पर कराई जा रही है, हमारा प्रयास रहेगा की ज्यादा से ज्यादा लोगों को सेवा प्रदान कर सके,जिससे कि लोग स्वस्थ रह सके और कहा कि स्वस्थ शरीर ही जीवन का सबसे बड़ा सुख हैं। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की लोगों को अपने स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर कराते रहना चाहिए और पानी को उबालकर ही पिए।

## बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बच्चों को पोलियों रोधी खुराक पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में रविवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बच्चों को पोलियों रोधी खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा की देश के नजदीकी देशों में पोलियों के मरीज मिल रहे है। इसके लिए सभी जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियों रोधी खुराक देना जरुरी है। बच्चों को पोलियों से बचाव के लिए पोलियों रोधी खुराक जरूरी। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय कुमार ने कहा की पोलियों रोधी अभियान 25-27 अगस्त तक चलाया जाएगा। इसके लिए भंडरा प्रखंड में 13070 बच्चों को पोलियों रोधी खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा द्वारा इस अभियान में 204 कर्मियों को लगाया गया है। जिसमें आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया, एएनएम है। साथ ही मोबाइल यूनिट टीम द्वारा भी चौक-चौराहों में शिविर के माध्यम से बच्चों को पोलियों रोधी खुराक दिया जा रहा है। 26-27 अगस्त को स्वास्थ्य कर्मी डोर-टू-डोर जाकर 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियों रोधी खुराक देंगे।

## विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस षष्पिूर्ति के मौके पर आनंद भवन में हुआ जिलास्तरीय भव्य कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस के मौके पर रविवार को सिमडेगा आनंद भवन में षष्टिपूर्ति वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मार्गदर्शन शीतल प्रसाद, एवं रामरेखा धाम के सचिव ओम प्रकाश श्रीहरि सत्संग समिति अध्यक्ष साहू पुरुषोत्तम अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान राम ,भारत माता भगवान श्री कृष्ण एवं हनुमान जी के तस्वीर पर दीप प्रचलित करते हुए शुरुआत की गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ओम प्रकाश साहू ने कहा कि लंबे संघर्ष और बलिदान का परिणाम है कि आज विश्व हिंदू परिषद एक विशाल बरगद पेड़ बनकर उभरा है। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन के समय के इतिहास को याद करते हुए सिमडेगा से किए गए कर सेवा के बारे में भी याद किया। मुख्य वक्ता के रूप में शीतल प्रसाद ने अपनी धर्म संस्कृति और समाज के प्रति सभी लोगों को आगे आकर समाज हित में कार्य करने तथा अपनी विलुप्त होती सभ्यता संस्कृति और अपने परिवार के बच्चों में धर्म के प्रति चेतना जगाने की बात कही। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा की विश्व हिंदू परिषद का एकमात्र उद्देश्य है कि समस्त हिंदू समाज की रक्षा करना सन 1964 में सांदीपनि आश्रम मुंबई में साधु संतों ने देश में हो रहे अत्याचार और हिंदुओं पर शोषण का चिंतन करने का पक्ष विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की थी और आज परिणाम है कि आज पूरे विश्व भर में विश्व हिंदू परिषद अलग-अलग स्थान पर हिंदुओं के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में आक्रांताओं ने 500 से अधिक मंदिरों को तोड़े अयोध्या मंदिर को भी तोड़ा गया ।इसका एकमात्र कारण था कि हमारी परंपरा और हमारी आस्था को चोट पहुंचा, जिससे कि हिंदू समाज बिखर जाए और उन्हें फूट डालकर इस देश में राज करें। वहीं उन्होंने कहा कि कलयुग में संघे शक्ति कलयुगे ही समाज को संगठित रख सकता है। भगवान हर युग में अवतार लिए ताकि हमारा समाज हमारे संस्कृति बची रहे। वहीं उन्होंने कहा कि हिंदू जनमानस की सेवा करने के लिए हमारे अंदर की महत्वाकांक्षाओं को त्याग करना होगा।

## झारखंड की शान और नागरिक सेवा के मिसाल थे शहीद एतवा उरांव : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास बूढ़ा खुखरा मांडर का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को लोहरदगा लोकसभा की माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उन्हें बुके देकर सम्मानित करते हुए 5 सितंबर को शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आग्रह किये जिसे सांसद ने सहर्ष स्वीकार किया। विगत 24 वर्षो से लगातार शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होते आ रहा है। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि शहीद एतवा उरांव चौकीदार का काम करते थे। 26 जून 1996 को अपनी जान की परवाह किए बगैर कोयल नदी में आठ लोगों का जान बचाने में शहीद हो गए थे। एतवा उरांव के अदम्य साहस और कर्तव्य परायणता के लिए भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति ने 1998 को मरणोपरांत इन्हें सर्वोच्च जीवन रक्षा पदक प्रदान कर सम्मानित किया था ।जीवन रक्षा पदक अब तक झारखंड और बिहार में किसी को नहीं मिला है । शहीद एतवा झारखंड की शान और नागरिक सेवा के मिसाल थे। श्री भगत ने कहा कि शहीद हमेशा हम सबों को राष्ट्रहित में काम करने के लिए प्रेरणा देने का काम करते हैं ।खेल के माध्यम से शहीदों को याद करना उन्हें सम्मान देना बहुत ही अच्छा कार्य है इसके लिए सांसद ने शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के प्रतिनिधि को बधाई दिए। मौके पर न्यास के खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, रशीद अंसारी, विनोद खलखो, इरफान अंसारी, अब्दुला अंसारी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## विकास के लिए मैं सभी बाधाओं को तोड़कर स्वर्गीय कमल किशोर भगत का सपना पूरा करूंगा : अनिल टाना भगत

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पीपुल्स पार्टी लोहरदगा जिला कार्यालय में एक आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर आने वाले विधानसभा में जीत दर्ज करने के लिए अपने-अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्टी के भावी प्रत्याशी लोहरदगा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई अनिल टाना भगत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं लोहरदगा का संपूर्ण विकास करने के लिए आने वाले सभी बाधाओं को उखाड़ कर फेंक दूंगा और अपने बड़े भाई स्वर्गीय कमल किशोर भगत द्वारा लोहरदगा के विकास के लिए देखा गया सपना जब तक पूरा नहीं करूंगा चैन का सांस नहीं लूंगा । उन्होंने कहा कि लोहरदगा में कुछ अवसर को छोड़ दिया जाए तो हमेशा राष्ट्रीय पार्टियों के ही सांसद, विधायक रहे हैं परंतु उन्होंने कभी लोहरदगा के विकास के लिए सोचने का काम नहीं किया । क्योंकि उन्हें पता था कि अगर लोहरदगा का विकास हो जाएगा तो मुझे कौन पूछेगा। एक षड्यंत्र के तहत यहां के लोगों को दबा कर रखा गया ना उनके लिए रोजगार की व्यवस्था की गई ना शिक्षा की व्यवस्था की गई और ना उचित स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था की गई। यहां के भोले भाले लोग विकास की वाट ताकते रह गए। फिर ऐसा समय आया जब राष्ट्रीय पार्टियों से लोहरदगा की जनता ऊब गई और मेरे बड़े भैया कमल किशोर भगत को लोहरदगा का विधायक बनाया। जब मेरे बड़े भाई लोहरदगा का विधायक बने तो अपना घर द्वार छोड़कर लोहरदगा का बेटा बन बैठे और दिन- रात लोहारगा का विकास के लिए चिंता करते रहे, सपने देखते रहे। इससे कई राजनीतिक नेताओं की घबराहट बढ़ गई और उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा जाने लगा । यह षड्यंत्र मेरे बड़े भाई कमल किशोर भगत की मौत का कारण बना। मैं उनके मौत के बाद पूरी तरह से टूट गया काफी लंबा समय मुझे खुद को संभालने में लगा और मैं संकल्प लिया कि हर प्रकार की राह में आने वाली बधाओं को तोड़कर स्वर्गीय कमल किशोर भगत के सपनों को पूरा करूंगा और इसके लिए राह में कोई भी बाधा आई तो उसे उखाड़ कर फेंक दूंगा।

## चलते चलते एक नजर

### वैश्विक समस्या है नारकोटिक्स : अमित शाह



**रायपुर :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नया रायपुर में रविवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के आंचलिक कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अमित शाह ने अफसरों से कहा कि ड्रग्स तस्करी की जांच साइंटिफिक तरीके से करें। टॉप टू बॉटम अप्रोच को अडॉप्ट करना पड़ेगा। एक दुकान में नशे की पुड़िया आई तो पता करना होगा कि देश में कहां से आई, कहां बनी। इसके नेटवर्क को ध्वस्त करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2047 में जब देश की आजादी की शताब्दी मनाई जाएगी तब तक इस देश को नशे से मुक्त करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे यह संकल्प 140 करोड़ लोगों का संकल्प बनता जा रहा है। वे मानते हैं कि नशामुक्त भारत का संकल्प समृद्ध-सुरक्षित और वैभवशाली भारत के संकल्प के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। एक प्रकार से देखें तो नारकोटिक्स केवल भारत की समस्या नहीं है, वैश्विक समस्या है, भारत को सबसे ज्यादा जागरूक रहने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देश इस लड़ाई से हार चुके हैं।

### कान्हा व राधा बन खूब थिरके नन्हे-मुन्ने, मोहा मन

**हरिद्वार :** दि ज्ञान गंगा एकेडमी जगजीतपुर में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दो दिवसीय उत्सव मेरो मदन गोपाल का आयोजन किया गया।प्रधानाचार्या मीरा पंचोली ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के लिए कार्यक्रम को दो हिस्सों में बांटा। शुक्रवार को प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा एक तक के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं के बारे में जाना व उनका शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे दिन कक्षा दो से लेकर कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी वस्तुओं जैसे की मुकुट मेकिंग व कलरिंग मटका मेकिंग व कलरिंग तथा बांसुरी मेकिंग व कलरिंग को बनाने के प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।एक्टिविटी इंचार्ज अध्यापिका प्रियंका ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम की सारी तैयारियां बच्चों व विद्यार्थियों ने मिलकर की तथा प्ले ग्रुप से सीनियर के.जी. तक के बच्चों ने नन्हे-नन्हे कृष्ण-राधा बनकर सुंदर प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। अध्यापिका सविता उनियाल ने बताया कि नन्हे-मुन्ने कृष्ण और राधा बने बच्चों ने कृष्ण जीवन पर आधारित गानों पर थिरक कर जन्माष्टमी का पर्व और भी मनमोहक बना दिया। सीनियर के.जी. से राधा बनी अनन्या कश्यप, अनाया, वैष्णवी, परिधि, अनन्या सिंह, आश्वी व मीनाक्षी ने 'राधा ढूंढ रही किसी ने मेरा श्याम देखा' गाने पर शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।



# पूर्व की सरकारों ने चलाया सिर्फ लूटो-खसोटो योजना : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को गढ़वा प्रखंड के फरठिया एवं मध्या पंचायत में लगभग एक दर्जन गावों में जन संवाद का आयोजन किया। इस दौरान मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। साथ ही मंत्री ने ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निदान भी किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने फरठिया पंचायत के ग्राम सिदे खुर्द में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम नकदरवा पाल टोला में दुर्गा मंदिर के समीप, ग्राम फरठिया पूरबारा टोला में सूर्य मंदिर के समीप, पंचायत मधेया के ग्राम महुपी टांड़ पर, ग्राम मधेया के टोला रामगढ़ में नागेन्द्र चौबे के समीप, ग्राम मधेया पंचायत भवन के समीप, हुर एवं मधेया गांव का मधेया चौहट्टा के समीप, ग्राम खजुरी में स्कूल के समीप, ग्राम झूरा में रविदास मंदिर के समीप तथा ग्राम हरैया के पासवान टोला में प्रभु सिंह के घर के समीप जनसंवाद कर ग्रामीणों की समस्या सुनी। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व में झारखंड में जितनी भी सरकारें बनी किसी ने भी जनहित की कोई भी योजना नहीं चलायी। पूर्व की सरकारों ने सिर्फ लूटो, खसोटो, खाओ और राज्य को लूटवाओ योजना चलायी। पूर्व की सरकार ने हाथी उड़ाकर राज्य की



खजाना को ही खाली कर दी थी। पहले की एक भी योजना आज कहीं भी धरातल पर नहीं दिखती है। मंत्री ने कहा कि जब से राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी है तब से हेमंत सरकार पूरे राज्य में अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रख कर बहुत सारी योजनाएं चला रही है। आज पूरे राज्य में हर क्षेत्र में विकास दिखाई पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता को अपने कार्यां के लिए, अपने समस्याओं के निदान के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ रहा है। मैं खुद गांव-गांव आपके दरवाजे तक पहुंचकर आपके समस्याओं का निदान कर रहा हूं। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, सलीम जाफर, अरविंद सिंह, समीद, मनोज पाल, अमरेश पाल, इमरान अंसारी, प्रयाग चौधरी, बुधन चौधरी, राम मूरत राम, धीरेंद्र चौबे, रविंद्र तिवारी, ललन प्रजापति, अजय पाल, शशि भुषण तिवारी, बसंत चौबे, अखिलेश तिवारी, सरवर, नईमुल, संजय पासवान, राजकमल तिवारी, श्रीरार्मा बंद, शुभम सिंह, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा करेंगे टोंगा का दौरा

**नई दिल्ली :** विदेश और कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा 28-29 अगस्त को प्रशांत द्वीप समूह फोरम के (पीआईएफ) नेताओं की संवाद भागीदारों के साथ बैठक में भाग लेने के लिए टोंगा दौरा करेंगे। प्रशांत द्वीप मंच (पीआईएफ) प्रशांत क्षेत्र में शीर्ष अंतर-सरकारी संगठन है, जिसमें 18 सदस्य हैं, अर्थात् ऑस्ट्रेलिया, कुक द्वीप समूह, माइक्रोनेशिया, फिजी, फ्रेंच, पोलिनेशिया, किरिबाती, नाउरू, न्यू कैलेडोनिया, न्यूजीलैंड, नियू, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी, मार्शल द्वीप, समोआ, सोलोमन द्वीप, टोंगा, तुवालु और वानुअतु। 2002 से भारत इस मंच का संवाद भागीदार रहा है।

## नगर मंडल क्षेत्र के 33 बूथों पर सुनी गई मन की बात कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा द्वारा नगर मंडल क्षेत्र के सभी 33 बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आयोजित मन की बात कार्यक्रम सुना गया। बूथ नंबर 128 पर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में सुना गया मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी उपस्थित थे। मौके पर मंडल महामंत्री देवेंद्र गुप्ता, संतोष कश्यप, कैलाश कश्यप, गिरधारी सोनी, छोटन सोनी, रमेश कुमार, लखन गुप्ता, विवेक सोनी, विकास सोनी तथा अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा यह जो कार्यक्रम चलाया गया है यह बहुत ही जानकारी युक्त कार्यक्रम है। इससे देश के युवाओं को नई-नई जगह की नई-नई बातें जानने को मिलता है और बहुत सारी इसमें ज्ञान की बातें भी लोगों को जानने को मिलता है।

# लाडली बेटियों को सुरक्षा दो : अरुणा शंकर

### कोलकाता कांड के विरोध में महापौर अरुण शंकर के नेतृत्व में निकला सबसे बड़ा कैंडल मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** होटल ज्योतिलोक के प्रांगण से प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में कोलकाता की छात्रा डॉक्टर विद्यार्थी की घटना के विरोध में एक ऐतिहासिक कैंडल मार्च शहीद चौक (कचहरी चौक) तक निकाला गया। यह शहर में पहला इतना विशाल महिलाओं द्वारा निकाला गया कैंडल मार्च था, जो महापौर अरूणा शंकर के नेतृत्व में निकला। इस कैंडल मार्च में ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज की छात्राएं, एलिट कॉलेज की छात्राएं, कुंवर पृथ्वी कुंवर पृथ्वी नाथ बीएड कॉलेज की छात्राएं, मेडिकल स्टूडेंट्स, आनंद मोटर्स की महिला कर्मी एवं चेंबर के लोग



काफी संख्या में उपस्थित हुए। छात्राओं में काफी आक्रोश देखा गया। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सबों को न्याय चाहिए ताकि ऐसी घटना हमारी लाडली बेटियों के साथ दोबारा ना हो सके। प्रथम महापौर ने कहा कि हम अपने लाड़लियों को बड़ी-बड़ी संस्थाओं में पढ़ाई करने भेजते हैं। लेकिन वहां भी अगर सरकार सुरक्षा नहीं दे पाती तो यह बहुत ही शर्म की बात है। आखिर हमारी लाडली बेटियां कहां सुरक्षित रहेगी। कैंडल मार्च की अगवानी जहां प्रथम महापौर अरुणा शंकर कर रही थी, वही कॉलेज की छात्रा साक्षी गुप्ता, नेहा रानी, श्रुति तिवारी, नेहा कार्तिक, अलका सिंह, शोभा कुमारी, रचनादीप, अंजली कुमारी ,प्रिया पांडे, अनामिका कुमारी, सोनाली कुमारी, प्रगति नंदन एवं आनंद मोटर्स की ओर से श्वेता सिंह रुबीना कुमारी स्वाती तथा पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से श्री कृष्ण अग्रवाल, राकेश सोनी, पुनीत सिंह, चंदू कमलापुरी भूपेंद्र सिंह होरा एवं काफी संख्या में लोग उपलब्ध थे।

# आजसू के युवा समागम महासम्मेलन की तैयारी जोरों पर : दिलीप चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रविवार को आजसू पार्टी पलामू जिला की बैठक परिषदन भवन मेदिनीनगर में की गई। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी द्वारा तथा संचालन जिला सचिव दीपक मेहता द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी का कार्यक्रम तय किया गया है। जिसमें 24 अगस्त से 7 सितंबर तक आजसू पार्टी युवा प्रकोष्ठ के नेता कार्यकर्ता पलामू जिला के हर प्रखंड, पंचायत, गांव व टोला में जाकर बेरोजगार युवकों का सूची बनाएंगे। जो 8 सितंबर के मोराबादी मैदान रांची में युवा समागम महासम्मेलन में प्रदेश के लाखों पार्टी के कार्यकर्ता भाग लेंगे। कलेक्ट की गई बेरोजगार युवकों का डाटा को केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को दिया



जाएगा। साथ ही चुनाव में उनके द्वारा 5 लाख युवक को नौकरी देने की घोषणा को याद कराते हुए झूठ फरेब की भ्रष्ट हेमंत गठबंधन सरकार की नाकामी को विशाल महासम्मेलन में उजागर किया जाएगा। साथ ही साथ 26 अगस्त से सभी विधानसभा में पार्टी के नेता एवं सैकड़ो कार्यकर्ता के साथ हर पंचायत में पदयात्रा एवं सभा की जाएगी। तथा 9 सितंबर से केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो द्वारा विधानसभा में ग्राम स्तरीय पदयात्रा का कार्यक्रम होगा।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पलामू जिला में भी सभी पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता को जिम्मेवारी दी गई है। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव संजय रंजन सिंह ने घोषित कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी साथियों को सक्रियता से लगने की नसीहत दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने वर्तमान झारखंड सरकार को पद मुक्त करने की शक्ति आजसू पार्टी पार्टी में निहित है। सभी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित पदयात्रा सरकार के न्यू हिला देने वाली यात्रा होगी। बैठक में आजसू प्रभारी अभिरंजन तिवारी, महिला जिला अध्यक्ष प्रमिला देवी, जिला सचिव सतीश तिवारी, केंद्रीय समिति सदस्य मनोज शर्मा, मनजीत मेहता अशोक महतो जिला उपाध्यक्ष कमलेश मेहता विशाल वर्मा कमलेश चंद्रवंशी जिला सचिव संदीप पाल कृष्णा कुमार बन पर अरविंद सिंह कोषाध्यक्ष विनोद ठाकुर छात्र के नेता अभिषेक कुमार युवा सह प्रभारी राहुल मिश्रा प्रखंड अध्यक्ष रामराज पासवान चंदन कुमार अशोक विश्वकर्मा जितेंद्र पासवान सुरेश सिंह के साथ काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता नेता उपस्थित थे।

## पाज़ेब नृत्य संस्थान का देश मेरा रंगीला नामक कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** शहर के प्रतिष्ठित नृत्य एवम कला प्रशिक्षण संस्थान पाजेब एवम आसरा के संयुक्त तत्वाधान में आजादी के 78 वें वर्ष को हर्षोल्लास पूर्वक मनाते हुए देश मेरा रंगीला नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 200 कलाकारों ने देशभक्ति आधारित उक्त कार्यक्रम में पूरे जोश के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में राँची के मशहूर गायक दीपक श्रेष्ठ एवम रजत पाठक का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ श्रेया सुरभि के स्वागत नृत्य से किया गया। पाज़ेब के सेक्टर-2 शाखा द्वारा पाज़ेब एंथम पेश किया गया। तीन रंगों में रंगे दीपक कुमार की नॉन स्टॉप प्रस्तुति जय जवान जय किसान ने भी कमाल किया। शहीदों को नमन करते हुए अमन ने अपनी 10 कलाकारों की टोली के साथ कारगिल नामक जीवंत कार्यक्रम पेश किया । मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी मौजूद रहीं। नृत्यनाटिका हिन्द की बेटी में उम्दा प्रस्तुति दी।किंगर कुटीर शाखा के कोरियोग्राफर दीपक पाण्डे की इरादे कर बुलन्द में 40 छात्र-छात्राओं ने दर्शकों को देशभक्ति के भाव से ओत प्रोत कर दिया। डांस हब से अरुण राम के छात्रों ने आदिवासियों के राष्ट्रप्रेम को दर्शाते हुए आदिवासी एक रखवाला नाम की बेजोड़ प्रस्तुति दी। रिया के निर्देशन में अग्नि वीमेन फॉर विमेन नामक कार्यक्रम के दौरान कई बार दर्शक भावुक होते हुए दिखे।शिखा ने तारों को चूमे तिरंगा पर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। कोरियोग्राफर जिन्हें सम्मानित किया गया उनके नाम प्रवीण दीक्षित ,दीपक कुमार,अरुण राम, डेनिस, दीपक पाण्डे,अमन मालाकार, रिया कुमारी, शिखा, श्रेया सुरभी ,पिंटू राम रहे। नीरज कच्छप के निर्देशन में गीत प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मंच संचालन शिक्षा लाल एवम प्रवीण दीक्षित ने किया । धन्यवाद ज्ञापन अनुश्री सिन्हा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश श्रीवास्तव, सौरभ सहाय आलोक वर्मा दीपक गुप्ता दिनेश महतो बॉबी अनीश पाण्डे, राहुल, श्रेया सुरभि छाया उषा वर्मा एवं अन्य ने सराहनीय योगदान दिया।

### एफआईआर करने के लिए राजकुमार हेमंत का आभारः बाबूलाल

**रांची :** रांची के मोरहाबादी मैदान में 23 अगस्त को आयोजित युवा आक्रोश रैली के बाद भाजपा नेताओं पर हुए एफआईआर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। बाबूलाल ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि सूचना मिली है कि मोरहाबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली की सफलता से तिलमिलाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुझ पर और भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित हजारों युवा साथियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। इस एफआईआर के लिये सोरेन राजघराने के एक्सीडेंटल राजकुमार हेमंत सोरेन और उनकी ÷2020 खतियानधारी दलाल-बिचौलिया÷ मित्र मंडली का आभार। बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन जी ये केस-मुकदमे हमारे लिए पारितोषिक के समान है, जितना जोर लगाना है, लगा लीजिए, जितने केस मुकदमे दर्ज करने हैं, कर दीजिए।

